हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • शुक्रवार • 06.03.2026 • वर्ष : 16 • अंक : 218 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902

## नीतीश चले राज्यसभा, बिहार में पहली बार होगा भाजपा राज

एजेंसी

**पटना :** बिहार की राजनीति में गुरुवार को उस समय भावुक और तीखे दृश्य देखने को मिले, जब बड़ी संख्या में समर्थक और कार्यकर्ता मुख्यमंत्री आवास के बाहर जुट गए। कार्यकर्ताओं ने दावा किया कि उन्होंने वर्षों तक संघर्ष कर नीतीश कुमार को नेतृत्व के शिखर तक पहुंचाया, लेकिन अब बिना कार्यकर्ताओं से राय लिए उन्हें राज्यसभा भेजने की चर्चा से वे आहत हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर मौजूद समर्थकों ने कहा कि पार्टी को खड़ा करने और चुनावों में जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक संघर्ष किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने कई बार लाठियां खाईं, घर-घर जाकर लोगों से संपर्क किया और केवल नीतीश कुमार के नाम पर वोट मांगे। ऐसे में यदि नेतृत्व स्तर पर कोई बड़ा निर्णय लिया जाता है, तो कार्यकर्ताओं से संवाद किया जाना चाहिए था। इस दौरान कई कार्यकर्ता भावुक भी नजर आए। कुछ समर्थकों की आंखों में आंसू तक दिखाई दिए। उनका कहना था



कि उन्होंने नेताओं के लिए नहीं, बल्कि केवल नीतीश कुमार के नाम पर लोगों से समर्थन मांगा था। इसलिए यदि कोई बड़ा फैसला लिया जाता है, तो कार्यकर्ताओं को बुलाकर उनकी राय लेना जरूरी था। राजनीतिक हलकों में इन दिनों यह चर्चा तेज है कि नीतीश कुमार राष्ट्रीय राजनीति की ओर रुख कर सकते हैं। इसी क्रम में गुरुवार को उन्होंने बिहार विधानसभा पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। इस घटनाक्रम ने राज्य की सियासत में नई हलचल पैदा कर दी है। यदि नीतीश कुमार राज्यसभा जाते हैं, तो बिहार में नए मुख्यमंत्री के चेहरे को लेकर भी राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। सत्ता के गलियारों में कई नामों की चर्चा चल रही है। राज्य के उपमुख्यमंत्री सह गृह मंत्री सम्राट चौधरी और केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय को संभावित दावेदारों के रूप में देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषक लव कुमार मिश्र का मानना है कि यदि नीतीश कुमार राज्यसभा का रुख करते हैं, तो बिहार की सत्ता में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। ऐसे में पहली बार भारतीय जनता पार्टी का मुख्यमंत्री बनने की संभावना भी मजबूत हो सकती है।

**कार्यकर्ताओं के नाम नीतीश का भावनात्मक संदेश**

इस पूरे घटनाक्रम के बीच नीतीश कुमार की ओर से कार्यकताओं के लिए एक भावनात्मक संदेश भी सामने आया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि पिछले दो दशक से अधिक समय से कार्यकर्ताओं ने उन पर जो विश्वास और समर्थन बनाए रखा है, उसी के बल पर उन्होंने बिहार और जनता की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं के विश्वास और सहयोग की वजह से ही बिहार आज विकास और सम्मान के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने आगे लिखा कि संसदीय जीवन की शुरूआत से ही उनके मन में यह इच्छा रही है कि वे बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों के भी सदस्य बनें। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में वे राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि कार्यकर्ताओं के साथ उनका संबंध भविष्य में भी बना रहेगा और सभी के सहयोग से विकसित बिहार बनाने का संकल्प पहले की तरह जारी रहेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जो भी नई सरकार बनेगी, उसे उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। फिलहाल मुख्यमंत्री आवास के बाहर समर्थकों की भीड़ और उनकी भावनात्मक प्रतिक्रियाएं यह संकेत दे रही हैं कि बिहार की राजनीति एक नए मोड़ की ओर बढ़ रही है। सत्ता परिवर्तन की संभावनाओं के बीच संगठन और कार्यकर्ताओं की भूमिका को लेकर भी नई बहस शुरू हो गई है।

## मुख्यमंत्री अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित 'बाहा पर्व' में हुए सम्मिलित



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन सपरिवार अपने पैतृक गांव नेमरा में आयोजित 'बाहा पर्व' में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ग्रामीणों के साथ नेमरा गांव स्थित जाहेर थान पहुंचे। मुख्यमंत्री वहां पारम्परिक विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर राज्यवासियों की सुख, समृद्धि, खुशहाली एवं उन्नति की कामना की। परंपरा के अनुरूप पूजन कार्य गांव के नाइके बाबा (पाहन) चैतन टुडू एवं कुडम नाइके बाबा (उप पाहन) छोटू बेसरा ने संपन्न कराया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन नेमरा के ग्रामीणों के साथ 'बाहा पूजा' के लिए अपने निवास स्थान से पदयात्रा करते हुए जाहेर थान पहुंचे। मुख्यमंत्री हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'बाहा पर्व' में शामिल होने अपने पैतृक गांव नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर नेमरा सहित आस-पास क्षेत्र के लोग काफी उत्साहित नजर आए। संस्कृति के अनुरूप नेमरा के ग्रामीण ढोल-नगाड़ा एवं मांदर बजाते हुए मुख्यमंत्री के साथ जाहेर थान पहुंचे। मौके पर हेमन्त सोरेन ने स्वयं मांदर बजाकर ग्रामीणों का उत्साहवर्द्धन किया। मौके पर उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत किया। मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन अपनी धर्मपत्नी विधायक श्रीमती कल्पना सोरेन सहित सपरिवार दो दिवसीय दौरे पर नेमरा पहुंचे। मुख्यमंत्री के आगमन की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में आस-पास क्षेत्र के लोग नेमरा गांव पहुंचे तथा मुख्यमंत्री से मुलाकात की। मुख्यमंत्री भी आत्मीयता के साथ लोगों से मिले एवं उनकी बातों को सुना। मौके पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को 'बाहा पर्व' की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

### एक नजर

#### विदेश सचिव ने ईरानी दूतावास पहुंचकर खामेनेई के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली :** विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री गुरुवार को सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के निधन पर शोक प्रकट करने दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचे और यहां शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर किए। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के संयुक्त हमले में तेहरान स्थित आवास में मारे गए थे। विदेश सचिव ने भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथली से मुलाकात कर भारत सरकार की ओर से शोक प्रकट किया। विदेश मंत्रालय की ओर से इसकी तस्वीरें साझा की गई हैं। उल्लेखनीय है कि ईरानी दूतावास ने आज अपने सर्वोच्च नेता की मौत पर दुख प्रगट करने के लिए शोक पुस्तिका को खोला है। दूतावास ने एक एक्स पोस्ट में इसकी जानकारी दी। शोक पुस्तिका 5, 6 एवं 9 मार्च को 10 से 3 बजे तक खोली जाएगी।

#### महाराष्ट्र से राज्यसभा की सात सीटों के लिए सात उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**मुंबई :** महाराष्ट्र से राज्यसभा की सात सीटों के लिए गुरुवार को सिर्फ 7 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है। इससे महाराष्ट्र से राज्यसभा चुनाव निर्विरोध होने के पूरे आसार बन गए हैं, हालांकि इसकी घोषणा १६ मार्च को की जाएगी। गुरुवार को राज्यसभा की 7 सीटों के लिए नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। आज भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ओर से 4 उम्मीदवारों, केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले, वरिष्ठ भाजपा नेता विनोद तावड़े, माया ईवनाते और रामराव वडकुटे ने नामांकन किया। मौके पर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष रवींद्र चव्हाण उपस्थित थे। इसी तरह शिवसेना शिंदे समूह की ओर से पार्टी की प्रवक्ता ज्योति वाघमारे ने नामांकन किया।

## ईरान पर अब तक की कार्रवाई से ट्रंप खुश, कहा- खामेनेई का उत्तराधिकारी भी मारा जाएगा

एजेंसी

**वाशिंगटन :** ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त सैन्य अभियान के तहत किए गए आक्रमण में अब तक मिली सफलता की अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तारीफ की है। उन्होंने कहा कि अब ईरान के अगले नेता की भी मौत हो सकती है। इस बीच इजराइल ने ईरान के एक बड़े नौसेना के ठिकाने पर विस्फोट किया है। ईरान ने अमेरिका को धमकी दी है कि श्रीलंका में युद्धपोत पर किए गए हमले का माकूल जवाब दिया जाएगा। इस बीच ईरान के बंदर अब्बास में इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) नेवल बेस के पास जोरदार धमाके हुए हैं। ईरान इंटरनेशनल समाचार पत्र की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इशारा किया कि ईरान के साथ लड़ाई बढ़ने पर अली खामेनेई के होने वाले वारिस मारे जाएंगे। उधर, इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने कहा कि उसने ईरान में एक महत्वपूर्ण मिलिट्री कंपाउंड के खिलाफ एक बड़ा ऑपरेशन पूरा किया है। आईडीएफ ने इस कंपाउंड में स्थित ईरान के सैन्य सुरक्षा के कई महत्वपूर्ण मुख्यालयों को नुकसान पहुंचाया। इसके अलावा बंदर अब्बास में आईआरजीसी नेवल बेस के पास जोरदार धमाकों की खबर है। यह धमाके इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के फर्स्ट नेवल जोन में बंदर-ए-बहोनार के पास हुए हैं। यह स्ट्रेटेजिक होर्मुज स्ट्रेट के सबसे पास की यूनिट है। इस पर ईरान की रिवोल्यूशनरी गार्ड्स नेवी के एक अनजान कमांडर ने धमकी दी है। इस कमांडर ने कहा कि ईरान अब अमेरिका और ब्रिटिश जहाजों और फारस की खाड़ी में इजराइल के लिए माल ले जाने वाले हर जहाज को निशाना बनाएगा। उनमें चाहे झंडा किसी भी देश का लगा हो। सऊदी रक्षा मंत्रालय ने अल-खारज के पूरब में तीन ड्रोन को रोककर नष्ट करने का दावा किया है।

### ईरान ने अमेरिकी हमले के शिकार 90 नौसैनिकों के शव उसे सौंपने का श्रीलंका से किया अनुरोध

**कोलंबो :** ईरान ने अपने युद्धपोत आईआरआईएस डेना पर हुए अमेरिकी हमले में मारे गए नौसैनिकों के शवों को सौंपने के लिए श्रीलंका से अनुरोध किया है ताकि वहां उनका अंतिम संस्कार किया जा सके। इस युद्धपोत पर 180 ईरानी नाविक सवार थे। अमेरिकी पनडुब्बी ने इस ईरानी युद्धपोत को निशाना बना कर श्रीलंका के तट पर डुबो दिया था। राहत अभियान चला रहे श्रीलंका ने कहा है कि 90 शव प्राप्त हो चुके हैं मगर इनकी संख्या बढ़ सकती है। इस बीच एक अन्य ईरानी जहाज के श्रीलंका में मौजूदगी की पुष्टि हुई है जिसने श्रीलंका की सरकार से उसके जलक्षेत्र में लंगर डालने की अनुमति मांगी है। श्रीलंका के प्रमुख समाचार पत्र डेली मिरर के मुताबिक श्रीलंका के निकट हिंद महासागर में ईरानी नौसैनिक पोत आईआरआईएस डेना पर अमेरिकी पनडुब्बी के हमले में मारे गए 90 नौसैनिकों के शव ईरान ने अंतिम संस्कार के लिए उन्हें सौंपने का अनुरोध किया है। ये सभी शव फिलहाल श्रीलंका के करापितिया के राष्ट्रीय अस्पताल में रखे गए हैं।

## ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका में बनाया निशाना 90 नौसैनिकों की मौत, मिडिल ईस्ट में युद्ध तेज

एजेंसी

**तेहरान :** ईरान पर अमेरिका-इजराइल के संयुक्त हमले के बाद समूचा मध्य पूर्व (मिडिल ईस्ट) रणभूमि बना हुआ है। हमले में ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई और परिवार के सदस्यों की मौत हो चुकी है। ईरान में हालात इतने मुश्किल हो गए हैं कि खामेनेई को सुपुर्द-ए-खाक करने के सभी कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिए हैं। अमेरिका-इजराइल और ईरान के आक्रामक तेवरों से उठ रही युद्ध की लपटों से व्यापक तबाही हुई है। ईरान के एक युद्धपोत को निशाना बनाकर श्रीलंका में डुबो दिया गया है। इसमें 90 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। सैन्य संघर्ष में उलझे राष्ट्रों का एक-दूसरे को धमकी देने का सिलसिला जारी है। सीएनएन, सीबीएस न्यूज, द टाइम्स ऑफ इजराइल और कुछ अन्य प्रभावी समाचार प्रसारण केंद्रों की रिपोर्ट्स में इस घटनाक्रम पर व्यापक चर्चा की गई है। इनका निचोड़ है कि यह युद्ध लंबा खिंच सकता है। ईरान ने धमकी दी है कि अगर इजराइल और अमेरिका के इस्लामिक रिपब्लिक पर हमले



जारी रहेंगे तो वह डिमोना न्यूक्लियर साइट को निशाना बनाएगा। उधर, ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल के दागने से मध्य इजराइल में रातभर खतरे के सायरन बजते रहे। इजराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने लोगों को तत्काल इलाका खाली करने की चेतावनी जारी की है। इसके बाद आईडीएफ ने बेरूत में हिजबुल्लाह के गढ़ पर हमला किया है। इजराइल की मैगन डेविड एडोम एम्बुलेंस सर्विस ने कहा है कि ईरान के नए बैलिस्टिक मिसाइल हमले में किसी के घायल होने की खबर नहीं है। उधर, कतर ने सावधानी बरतते हुए अमेरिकन एंबेसी के आसपास के इलाके से लोगों को सुरक्षित निकाल लिया है। अमेरिका के स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा कि देश के नागरिकों के लिए यूएस चार्टर्ड उड़ान मिडिल ईस्ट से निकल चुकी है। युद्ध शुरू होने के बाद यह पहली उड़ान बताई जा रही है। स्टेट डिपार्टमेंट ने कहा है कि उड़ानों की संख्या बढ़ाई जाएगी। यूएई, कतर, सऊदी अरब और इजराइल में रह रहे लोग अगर स्वदेश लौटना चाहते हैं तो क्राइसिस इनटेक फॉर्म भरें या स्टेट डिपार्टमेंट की 24/7 टास्क फोर्स से +1-202-501-4444 पर संपर्क करें। अमेरिका की एक मानवाधिकार एजेंसी के मुताबिक, इस अमेरिका और इजराइल के हमले में अब तक ईरान के अंदर 1,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने ईरान पर युद्ध को और तेज कर दिया है। तुर्किये से श्रीलंका तक मौजूद ईरान के सैन्य साजो सामान को लक्ष्य किया गया है। इजराइल भी तेहरान और लेबनान में तेज हमले कर रहा है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत को डुबो दिया। इस बीच ईरानी सरकार ने कहा कि अयातुल्ला अली खामेनेई के अंतिम संस्कार का कार्यक्रम तीन दिन टाल दिया गया है। अमेरिकी स्टेट डिपार्टमेंट के एक अधिकारी ने कहा कि उम्मीद है कि आज और कल लगभग 6,500 लोग मिडिल ईस्ट से स्वदेश पहुंच जाएंगे। उड़ानों की संख्या बढ़ाने के साथ अन्य विकल्पों पर ठोस निर्णय लिया जा चुका है। हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका ने भारत से लौट रहे एक ईरानी युद्धपोत को श्रीलंका के पास हमला कर डुबा दिया है। हमले में अब तक 90 ईरानी नौसैनिक मारे गए हैं। श्रीलंका की नौसेना ने 32 घायल नौसैनिकों का रेस्क्यू कर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया है। इसमें लगभग 180 नौसैनिक सवार थे।

## भारत-फिनलैंड डिजिटल और सस्टेनेबिलिटी में रणनीतिक साझेदारी को देंगे नई गति : मोदी



एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ वार्ता के बाद कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में अपने संबंधों को एक नई रणनीतिक साझेदारी का रूप दे रहे हैं, जिससे उच्च प्रौद्योगिकी और नवाचार के अनेक क्षेत्रों में सहयोग को गति मिलेगी। हैदराबाद हाउस में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति स्टब के भारत के पहले दौरे का स्वागत करते हुए कहा कि वह न केवल एक वैश्विक नेता हैं बल्कि एक प्रतिष्ठित विचारक और लेखक भी हैं। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित रायसीना डायलॉग में मुख्य अतिथि के रूप में उनकी उपस्थिति भारत के लिए सम्मान और प्रसन्नता की बात है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में विश्व अस्थिरता और अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। यूक्रेन से लेकर पश्चिम एशिया तक कई क्षेत्रों में संघर्ष की स्थिति बनी हुई है। ऐसे वैश्विक माहौल में भारत और यूरोप जैसे दो बड़े कूटनीतिक साझेदारों के बीच संबंधों का नया दौर वैश्विक स्थिरता, विकास और साझा समृद्धि को मजबूत आधार प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 की शुरूआत में भारत और यूरोपीय संघ के बीच ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं, जिससे भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और प्रौद्योगिकी सहयोग को और मजबूती मिलेगी। मोदी ने कहा कि भारत और फिनलैंड डिजिटल प्रौद्योगिकी, अवसंरचना और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण साझेदार हैं। उन्होंने कहा कि फिनलैंड की कंपनी नोकिया के मोबाइल फोन और दूरसंचार नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि फिनलैंड के वास्तुकारों के सहयोग से चिनाब नदी पर दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया गया है। इसके साथ ही दोनों देशों के सहयोग से असम के नुमालीगढ़ में दुनिया की सबसे बड़ी बांस आधारित बायोएथेनॉल रिफाइनरी की स्थापना भी की गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति स्टब की यात्रा के दौरान भारत और फिनलैंड ने अपने संबंधों को डिजिटलाइजेशन और सस्टेनेबिलिटी के क्षेत्र में रणनीतिक साझेदारी में परिवर्तित करने का निर्णय लिया है। यह साझेदारी कृत्रिम बुद्धिमत्ता, 6जी दूरसंचार, स्वच्छ ऊर्जा और क्वांटम कंप्यूटिंग जैसे उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को नई ऊर्जा देगी। उन्होंने कहा कि इसके अलावा रक्षा, अंतरिक्ष, सेमीकंडक्टर और महत्वपूर्ण खनिज जैसे रणनीतिक क्षेत्रों में भी दोनों देशों की साझेदारी को और गहरा किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और फिनलैंड जैसे लोकतांत्रिक और जिम्मेदार देशों के बीच यह रणनीतिक साझेदारी विश्व के लिए भरोसेमंद प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत करने में सहायक होगी।

## दूसरे सेमीफाइनल में भारत ने इंग्लैंड को दिया 254 रनों का टारगेट

एजेंसी



**नई दिल्ली :** भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप 2026 के दूसरे सेमीफाइनल में 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 253 रन बनाए हैं। वानखेड़े स्टेडियम में भारत की तरफ से संजू सैमसन ने 89, शिवम दुबे ने 43 जबकि इशान किशन ने 39 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स और आदिल राशिद ने दो-दो विकेट चटकाए। वानखेड़े में भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दूसरे ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा का विकेट गंवाया। अभिषेक 7 गेंद में 9 रन ही बना सके। विल जैक्स ने उन्हें कैच आउट करवाया। संजू सैमसन को तीसरे ओवर में जीवनदान मिला। पावरप्ले में भारत ने एक विकेट खोकर 67 रन बनाए। संजू सैमसन ने 26 गेंद में अर्धशतक लगाया है। ईशान किशन 10वें ओवर में 18 गेंद में 39 रन बनाकर आदिल रशीद का शिकार बने। सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन 42 गेंद में 8 चौके और सात छक्के की मदद से 89 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान सूर्यकुमार यादव ने 6 गेंद में 11 रन बनाए। शिवम दुबे 43 के स्कोर पर रन आउट हुए। तिलक वर्मा 7 गेंद में 21 रन की तूफानी पारी खेलकर आउट हुए।

# बुजुर्ग दंपति हत्या मामले की खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों में आक्रोश, थाना गेट के समीप

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** 15 फरवरी को बड़कागांव बादम पंचायत के बाबूपारा गांव में बुजुर्ग दंपति की हत्या मामला को लेकर अब तक पुलिस के द्वारा किसी नतीजे तक नहीं पहुंचने पर बाबूपारा गांव के ग्रामीणों में नाराजगी देखी गई । मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास के नेतृत्व में आक्रोश रैली निकाल आंदोलन किया गया । आक्रोश रैली बाबूपारा होते हुए बादम, हरली, होरम और बड़कागांव मुख्य चौक में नारेबाजी करते हुए पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग करने लगे। उसके बाद मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों ने बड़कागांव थाना गेट के समीप धरना पर बैठकर आरोपियों को चिन्हित कर शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग करने लगे । दीपक दास ने कहा कि घटना के विरोध में गांव में इस वर्ष होली नहीं मनाई गई। साथ ही ग्रामीणों ने न्याय की मांग को लेकर मंगलवार शाम को कैंडल मार्च भी निकाला गया था। ग्रामीणों में भय का माहौल व्याप्त है। बता दें कि वकील राम (80) और झुनिया देवी (65) की हत्या अज्ञात अपराधियों के द्वारा गला रेत कर 15 फरवरी की रात्रि को हत्या कर दी गई थी। हत्याकांड के 20 दिन गुजर गए लेकिन पुलिस अब तक अपराधियों को चिन्हित नहीं कर पाई है। आंदोलन में इस दौरान मुंशी दास, रामविलास दास, अशोक दास, धनेश्वर दास, वीरेंद्र दास, रंजन दास, बसंत दास, देवनाथ दास, त्रिवेणी महतो, शंकर लाल, रितु दास, पवन कुमार, रितिक कुमार, संतोष कुमार दास, सूरज कुमार, हीरालाल पासवान, राजेश पासवान, बुधन पासवान, भीम महतो, तालेश्वर महतो, प्रवीण महतो, राहुल महतो, रवि कुमार, कैलाश महतो, जगदीश राम, तरुण कुमार, तपोस पासवान, जागेश्वर पासवान, रंजीत दांगी, करुणा देवी, कौशल्या देवी, पानू देवी, अनीता देवी समेत दर्जनों ग्रामीण शामिल थे।

## एक नजर

### युवा नेतृत्व से बिहार को मिलेगी नई ऊर्जा : राकेश गुप्ता



**हजारीबाग :** जदयू नेता सह समाजसेवी राकेश गुप्ता ने बिहार के मुख्यमंत्री नितीश कुमार को राज्यसभा सांसद बनने तथा उनके सुपुत्र निशांत कुमार को बिहार का उपमुख्यमंत्री बनाए जाने की संभावना पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि नितीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने विकास और सुशासन के क्षेत्र में नई पहचान बनाई है। राकेश गुप्ता ने कहा कि यदि नितीश कुमार राज्यसभा में जाते हैं और निशांत कुमार को राज्य की उपमुख्यमंत्री जिम्मेदारी मिलती है, तो यह बिहार की राजनीति में एक नया अध्याय होगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि नई नेतृत्व टीम भी राज्य के विकास, सामाजिक न्याय और जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ाएगी। उन्होंने नितीश कुमार के लंबे राजनीतिक अनुभव और बिहार के लिए किए गए कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनका मार्गदर्शन राज्य के लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा। साथ ही उन्होंने निशांत कुमार के उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की और कहा कि युवा नेतृत्व से राज्य को नई ऊर्जा मिलेगी।

### दारू पुलिस ने एक वारंटी अभियुक्त को भेजा जेल



**हजारीबाग :** हजारीबाग जिले के दारू थाना पुलिस के सहयोग से सदर मुफस्सिल थाना कांड संख्या 737/14 जी आर 2917/14 के वारंटी राजकुमार गुप्ता पिता महावीर साव ग्राम छोटका इरगा थाना दारू जिला हजारी बाग को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया गया।

### होली के दिन दर्दनाक हादसा अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**चौपारण :** होली पर्व के दौरान प्रखंड के रनीक मोड़ समीप बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम दैहर निवासी उमेश प्रजापति (55 वर्ष), पिता स्वर्गीय टूकन प्रजापति, चौपारण से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे एक अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। टक्कर इतनी तेज थी कि मोटरसाइकिल सवार उमेश प्रजापति गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आसपास के स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद करते हुए उन्हें आपदा मित्र एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और फरार अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

## 13 अप्रैल को लगेगा रक्तदान शिविर रक्तदाताओं को मिलेगा हेलमेट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** सामाजिक एवं जनसेवा के कार्यों में सक्रिय हजारीबाग यूथ विंग की एक विशेष बैठक संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन के निवास स्थान पर आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कोषाध्यक्ष गुंजन मद्धेशिया ने की, जबकि संचालन सचिव रितेश खंडेलवाल के द्वारा किया गया। बैठक में संस्था के आगामी सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में संस्था के प्रमुख कार्यक्रम एकदिवसीय रक्तदान शिविर को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि आगामी 13 अप्रैल को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में रक्तदान करने वाले सभी रक्तदाताओं को संस्था की ओर से हेलमेट भेंट किया जाएगा। इस पहल के पीछे एक सकारात्मक और जागरूकता से जुड़ा संदेश है। जिस प्रकार एक रक्तदाता रक्तदान कर किसी जरूरतमंद व्यक्ति के जीवन को बचाने का कार्य करता है, उसी प्रकार संस्था रक्तदाताओं को हेलमेट भेंट कर उनके स्वयं के जीवन की सुरक्षा के प्रति भी जागरूक करना चाहती है। सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोटें सबसे अधिक घातक साबित होती हैं, ऐसे में हेलमेट पहनना जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।

## रंगों में सरोबोर रहा बरही उड़े रंग बिरंगे गुलाल, शांति पूर्वक संपन्न हुआ होली, एक दूसरे का गले मिल दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बुधवार को बरही प्रखंड क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ रंगों का त्योहार शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। पूरे देश प्रदेश के साथ साथ बुधवार को बरही प्रखंड सहित हजारीबाग जिले में होली त्योहार बड़ी धूमधाम से मनाई गई। बरही थाना क्षेत्र के बरही, रसोइया मना, बरसोत, दुलमाहा, करियातपुर गोरिया करमा, करसो, पंचमाधव, भंडारों, कोल्वा कला, मलकोको, रानीचुआं, धनवार सहित कई पंचायतों में होली का त्योहार शांति पूर्वक सम्पन्न हुआ। रंगों के इस पर्व को लेकर लोगों में काफी उत्साह और उमंग का माहौल देखा गया। सुबह से ही शहर और गांव रंगों की रौनक से सराबोर रहे।लोग एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर, पिचकारियों से रंग बरसाकर और मिठाइयां बांटकर होली का आनंद ले रहे हैं। कई स्थानों पर डीजे,ढोल-नगाड़ों के साथ जुलूस निकाले गए, वहीं मंदिरों में विशेष पूजा-अर्चना भी की गई।इससे पहले मंगलवार रात विधि-विधान के साथ होलिका दहन संपन्न हुआ। होली के त्योहार में सबसे अधिक उत्साह बच्चों और युवाओं में देखने को मिला, जो सुबह से ही रंगों में रंगे नजर आए। होली का यह पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश देता है। लोग पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को "बुरा न मानो, होली है" कहते हुए गले मिल रहे हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार एसोसिएशन की ओर से भी होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय संगठन सचिव राजकुमार यादव, प्रदेश अध्यक्ष कृष्णा प्रजापति, प्रदेश संगठन सचिव बिपिन बिहारी पांडेय, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ब्रह्मदेव यादव, राजकुमार केशरी, प्रदेश विधि सचिव डॉ सुनील कुमार दत्त, आरोग्य प्रभारी उमेश कुमार दास, अमित गौरव मुख्य रूप से शामिल रहे।

## चैथी व ताजपुर पंचायत में चार गरीब बेटियों को मिला शादी का लहंगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**चौपारण :** प्रखंड क्षेत्र के चैथी पंचायत एवं ताजपुर पंचायत के विभिन्न गांवों में बृहस्पतिवार को शादी के लिए चयनित चार गरीब परिवारों की बेटियों को लहंगा प्रदान किया गया। यह लहंगा क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल की ओर से उपलब्ध कराया गया था। बताया गया कि सांसद मनीष जायसवाल गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी में सहयोग करने के उद्देश्य से उन्हें लहंगा भेंट कर आशीर्वाद दे रहे हैं। इसी क्रम में दोनों पंचायतों की चार बच्चियों को लहंगा देकर उनके उज्ज्वल एवं सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की गई। इस पहल को ग्रामीणों ने सराहनीय बताते हुए कहा कि इससे जरूरतमंद परिवारों को काफी सहयोग मिल रहा है। लहंगा वितरण कार्यक्रम में बरही विधानसभा क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव, चौपारण मध्य मंडल के सांसद प्रतिनिधि रिशु वर्णवाल, शिक्षाविद एवं वरीय कार्यकर्ता बिराज रविदास, सक्रिय सदस्य संतोष पासवान, गुलाब कुमार, अश्वनी कुमार, डब्लू चंद्रवंशी, संध्या कुमारी, सुरेश चंद्रवंशी, लक्ष्मण प्रजापति, बालेंद्र पासवान, संजय रविदास, चंदन कुमार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## पुलिस ने फरार आरोपी के घर में इश्तेहार चिपकाया

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बरही :** बरही थाना पुलिस ने कोनरा के साकरी मोहल्ला में बरही थाना कांड संख्या 469/25 दिनांक 17/12/2025 धारा-69/318(4)/79/351(2)/3(5) बीएनएस के प्राथमिकी अभियुक्त के घर पर न्यायालय में उपस्थित होने के लिए इश्तेहार चिपकाया।बरही थाना के अभियुक्त मो सरफराज उर्फ फैयाज पिता रशीद मियां छोटा तालाब साकरी मोहल्ला कोनरा थाना बरही वारंट निकलने के बाद से न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ है। उसके फरार होने पर पुलिस ने उसके घर पर इश्तेहार चिपकाकर कहा कि न्यायालय में उपस्थित नहीं होने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई केश अनुसंधानक एसआई सुमित साव के द्वारा किया गया।

### स्कार्पियो ने बिजली के खंभे पर मारा जोरदार टक्कर ड्राइवर घायल गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त



**बड़कागांव :** बड़कागांव के दोहरनगर में डांगी पेट्रोल पंप के सामने बीती रात लगभग 12:00 बजे एक स्कॉर्पियो गाड़ी नंबर JH02B J6927 हजारीबाग से टंडवा की ओर जा रही थी जो अनियंत्रित होकर एक बिजली के खंभे से जा टकराई ' टक्कर इतनी जोरदार थी की स्कॉर्पियो का फ्रंट पोर्शन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ,ड्राइवर सीट और उसके बगल की सीट का एयरबैग खुलने के कारण बड़ी अप्रिय घटना होने से बच गई।

## पत्रकारों का होली मिलन समारोह, अबीर गुलाल लगाकर दी बधाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** बड़कागांव में पत्रकारों द्वारा होली मिलन समारोह केनरा बैंक के समीप प्रेस कार्यालय की छत पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम में भर मुख्य अतिथि बड़कागांव पुलिस निरीक्षक ललित कुमार एवं बड़कागांव थाना प्रभारी कृष्ण कुमार गुप्ता सांसद प्रतिनिधि रंजीत कुमार, कोलेश्वर गंझु ,आजसू नेता संदीप कुशवाह, बिंदु दांगी, चंदन पुरी, अवधेश सिंह, महेश सिंह, नरेंद्र राम, रणजीत पंडित, पंकज कुमार ,प्रमोद सोनी शामिल होकर लोगों की उत्साह को बढ़ाया। कार्यक्रम में प्रखंड भर से बड़ी संख्या में पत्रकारों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पारंपरिक अंदाज में होली का आनंद उठाया। कार्यक्रम की शुरूआत होते ही जैसे ही "रंग बरसे भीगे चुनर वाली" की धुन गूंजी, पूरा सभागार झूम उठा। "बलम पिचकारी" और "होली के दिन दिल खिल जाते हैं" जैसे लोकप्रिय गीतों पर उपस्थित पत्रकारों ने जमकर नृत्य करते हुए खुशियों का इजहार किया। पारंपरिक होली गीतों पर आधारित प्रस्तुतियों ने समारोह में चार चाँद लगा दिए.इस अवसर पर झारखंडी व्यंजनों का विशेष प्रबंध किया गया था। बर्रा, धुस्का, मालपुआ के साथ-साथ सेव, संतरा, अंगूर, काजू, किशमिश और खजूर सहित कई स्वादिष्ट एवं पारंपरिक पकवानों ने सभी का मन मोह लिया। व्यंजनों की सुगंध और स्वाद ने आयोजन को और भी खास बना दिया। समारोह के दौरान प्राकृतिक रंगों और गुलाल के साथ होली खेली गई। सभी ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं और प्रेम व भाईचारे का संदेश दिया। पूरे आयोजन में हंसी-ठिठोली, आत्मीयता और आपसी एकजुटता का अनूठा दृश्य देखने को मिला। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार दीपक सिन्हा, संजय सागर, उमेश दांगी, पिंटू कुशवाहा, सदानंद शर्मा, रितेश ठाकुर, शमशेर आलम ,अमित कुमार गुप्ता, रंजन कुमार, राजकिशोर सोनी, सहित अन्य पत्रकारों ने आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### अबीर-गुलाल और फगुआ गीतों के साथ थाना परिसर में मना होली उत्सव



**चौपारण :** रंगों का पर्व होली इस वर्ष चौपारण थाना परिसर में उत्साह, उमंग और आपसी भाईचारे के साथ मनाया गया। थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों ने पारंपरिक तरीके से होली का त्योहार मनाया। इस दौरान थाना परिसर में मौजूद सभी पुलिसकर्मियों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान फगुआ गीतों की गूंज से पूरा थाना परिसर उत्सव के रंग में रंग गया। पुलिसकर्मियों ने पारंपरिक फगुआ गीत गाकर होली की परंपरा को जीवंत किया और मिलजुलकर पर्व की खुशियां मनाईं। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाते हुए सभी ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। होली के इस अवसर पर थाना परिसर में पारंपरिक व्यंजनों की भी व्यवस्था की गई थी। पुलिसकर्मियों ने एक साथ बैठकर स्वादिष्ट पकवानों का आनंद लिया और त्योहार की खुशियों को आपस में बांटा। पूरे माहौल में हंसी-खुशी और सौहार्द का वातावरण देखने को मिला। इस मौके पर थाना प्रभारी सरोज सिंह चौधरी ने कहा कि होली प्रेम, भाईचारे और सामाजिक एकता का प्रतीक पर्व है। ऐसे त्योहार समाज में आपसी सद्भाव को मजबूत करने का संदेश देते हैं। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पर्व के दौरान भी पुलिस प्रशासन क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुघर्टना में रोमी पंचायत के पूर्व मुखिया प्रत्याशी व समाजसेवी ठकुराज मेहता का निधन



**हजारीबाग :** होली के उमंग और रंगों के बीच रोमी पंचायत से एक हृदयविदारक खबर सामने आई है। रोमी पंचायत की वर्तमान मुखिया श्रीमती गुड़िया मेहता के ससुर, प्रख्यात समाजसेवी एवं पूर्व मुखिया प्रत्याशी ठाकुराज मेहता का एक सड़क दुर्घटना में आकस्मिक निधन हो गया है। इस घटना के बाद से पूरे गांव और पंचायत में सन्नाटा पसर गया है और होली की खुशियां मातम में बदल गई हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा रोमी बांग्ला चौक पर उस समय हुआ जब ठकुराज मेहता सड़क पार कर रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, नगवा गांव का निवासी बबलू कुमार नशे की हालत में अपनी बाइक अत्यंत तेज रफ्तार से चला रहा था। अनियंत्रित बाइक ने रोड क्रॉसिंग के दौरान समाजसेवी ठकुराज मेहता को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वे गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन दुर्भाग्यवश उनकी मृत्यु हो गई। ठकुराज मेहता केवल एक पूर्व प्रत्याशी ही नहीं, बल्कि क्षेत्र के एक सम्मानित समाजसेवी थे। उनके मिलनसार स्वभाव और जनसेवा की भावना के कारण वे हर वर्ग के प्रिय थे। उनके आकस्मिक निधन की खबर जैसे ही गांव में फैली, लोगों के घरों में चूल्हे तक नहीं जले। जहां कल तक होली की तैयारियां चल रही थीं, वहां अब चहुंओर चीख-पुकार और सन्नाटा है। ग्रामीणों का कहना है कि हमने अपना एक अभिभावक खो दिया है। ग्रामीणों में इस घटना को लेकर गहरा आक्रोश भी है। आरोप है कि बाइक सवार बबलू कुमार नशे में धुत था और आबादी वाले क्षेत्र में भी गाड़ी की गति बहुत अधिक थी। इस लापरवाही ने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां छीन लीं और पूरे पंचायत को शोक में डुबो दिया।

### ब्रेन ट्यूमर ऑपरेशन के बाद पत्रकार पवन कुमार दास की पत्नी का निधन, क्षेत्र में शोक




**केरेडारी :** केरेडारी प्रखंड के अंतर्गत के पत्रकार पवन कुमार दास की धर्म पत्नी सरस्वती देवी ग्राम पंचायत सलगा थाना केरेडारी जिला हजारीबाग के निवासी है जो रिम्स रांची में निधन हो गया , ब्रेन ट्यूमर के ऑपरेशन होने के बाद यह घटना घटी है सरस्वती देवी अपने दो पुत्र बड़ा पुत्र हंस राज छोटा पुत्र लकी राज एवं अपना पति पवन कुमार दास को दुनिया से छोड़ चली पूरे परिवार को रो रो कर बुरा हाल। उनके केरेडारी प्रखंड के विभिन्न गांव के लोगों मौत की सूचना पर प्रेस क्लब केरेडारी समेत कई गण्यमान्य लोगों ने शोक ब्यक्त किया है। उनके शव का बुधवार को अपने निवास सलगा गांव के लेढ़िया नदी किनारे अंतिम संस्कार किया गया ,इस दौरान केरेडारी प्रखंड के गण्यमान्य लोगों में आजसू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार साहा, टंडवा प्रखंड रविदास महासभा के अध्यक्ष अमरीका दास ,प्रेस क्लब अध्यक्ष मनोज वर्मा, पिंटू दास,छोटेलाल दास, गुडु दास,सलगा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी, जगनरायण राम, बुलक साव सलगा पंचायत के रविदास महासभा के अध्यक्ष बिनोद राम ,सचिव विजय राम ,मनोज राम ,बालमुकुंद दास ,जितेंद्र साव ,गौतम पांडेय, शतीश पांडेय, सचिन कुमार, सौरभ कुमार,दिलचंद राम, महादेव राम ,अशोक राम, बीरमोहन राम सिकन्दर राम,राम चितामेंन साव, हिमांशु कुमार, दीपांशु कुमार, रिआंसू कुमार ,आदित राम सोनू राम, धनंजय राम महेंद्र राम हजारों लोग उपस्थित रहे।

### मां बासन्ती दुर्गा पूजा समिति का पुनर्गठनः सत्येंद्र पासवान अध्यक्ष और कृष्णा सिंह बने सचिव



**बड़कागांव :** प्रखंड के सिकरी गांव में मंगलवार को मां बासन्ती दुर्गा पूजा समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। स्थानीय मुखिया प्रभु महतो की अध्यक्षता एवं बसंतनारायण सिंह के मंच संचालन में संपन्न हुई इस बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी रामनवमी पर्व के भव्य आयोजन हेतु समिति का पुनर्गठन करना था। बैठक में ग्रामीणों की सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का चुनाव किया गया। इसमें सत्येंद्र पासवान को अध्यक्ष, कृष्णा सिंह को सचिव और अशोक कुमार गुप्ता को कोषाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदों पर स्वरूप नारायण सिंह, हरिश्चंद्र प्रसाद, रामप्रसाद महतो व रामजी प्रसाद सिंह , तालेश्वर कुमार महतो, अरुण कुमार महतो और पृथ्वीराज गुप्ता को जिम्मेदारी सौंपी गई। मीडिया प्रभारी के रूप में अशोक शर्मा, संतोष कुमार और पृथ्वीराज गुप्ता को मनोनीत किया गया। नवनियुक्त समिति ने निर्णय लिया कि इस वर्ष भी रामनवमी का त्यौहार पूरे उत्साह, श्रद्धा और धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि यहाँ प्रतिपदा से लेकर विजयदशमी तक पूजा व मेले का आयोजन होता है। इस अवसर पर मुख्य रूप से अरुण कुमार गुप्ता, अवधेश कुमार, युगेश्वर कुमार महतो, सुरेंद्र कुमार पांडे, ईश्वरी राणा, राजेंद्र महतो, कन्हाई साव, महावीर साव, फूलचंद गिरी, बंगाली ठाकुर, देवनारायण राम, सिकंदर राणा, चंद्रनाथ महतो, संजय महतो सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

### सड़क दुर्घटना में बुझ गया घर का इकलौता चिराग, होली की खुशी मातम में बदला



**बरही :** बरही थाना क्षेत्र के चारमाइल में मंगलवार की रात्रि करीब 8 बजे हुई सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान कुलदीप कुमार उम्र करीब 21 वर्ष पिता सोहन महतो बेंदगी पंचायत के पोड़ैया निवासी के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार युवक पदमा से बरही की ओर लौट रहा था, जहां चारमाइल के नजदीक दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना के बाद कुलदीप काफी देर तक घटनास्थल पर पड़ा रहा। जिससे उसका शरीर का सारा खून बन गया, स्थानीय लोगों को जानकारी मिलने पर उन्होंने इस बात की जानकारी खोड़ाहर पंचायत के उपमुखिया रोहित यादव को दी। उन्होंने बिना देर किए घटनास्थल पर पहुंचकर एम्बुलेंस बुलाकर घायल युवक को बरही अनुमंडलीय अस्पताल भेजवाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बता दें कि कुलदीप अपने घर का इकलौता का चिराग था, उसके असामयिक निधन से पूरे पंचायत में शोक की लहर है। वहीं होली की खुशी मातम में तब्दील हो गया। बरही के सामाजिक कार्यकर्ताओ ने गहरा शोक प्रकट किया है।

# नीतीश कुमार का फैसला चौंकाने वाला, पुनर्विचार करें : इरफान अंसारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हालिया राजनीतिक फैसले पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पद जैसे महत्वपूर्ण दायित्व को छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय आश्चर्यजनक और चिंताजनक है। इरफान अंसारी ने कहा कि यह फैसला कई लोगों को आत्मघाती राजनीतिक कदम जैसा प्रतीत हो रहा है। उन्होंने सवाल उठाया कि ऐसी कौन सी परिस्थिति उत्पन्न हुई कि नीतीश कुमार को यह निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने यह भी पूछा कि क्या उन पर किसी प्रकार का राजनीतिक दबाव बनाया जा रहा है या उन्हें मजबूर किया गया है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि यदि ऐसा है तो यह केवल एक नेता का मामला नहीं, बल्कि लोकतंत्र की भावना से जुड़ा गंभीर विषय है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार जैसे अनुभवी नेता से हमेशा स्थिरता और साहसपूर्ण नेतृत्व की अपेक्षा की जाती रही है। इरफान अंसारी ने यह भी कहा कि यदि नेतृत्व परिवर्तन करना ही था तो नीतीश कुमार अपने उत्तराधिकारी को आगे बढ़ाकर उन्हें मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री बना सकते थे और स्वयं मार्गदर्शक की भूमिका निभा सकते थे। ऐसे में राज्यसभा जाने की जल्दबाजी समझ से परे है। उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल बिहार ही नहीं, बल्कि झारखंड समेत पूरे देश के राजनीतिक परिदृश्य को चौंकाने वाला है। इरफान अंसारी ने नीतीश कुमार से अपने निर्णय पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार के दबाव, प्रेशर या ब्लैकमेलिंग के सामने झुकना उनके व्यक्तित्व के अनुरूप नहीं है। लोकतंत्र में संवाद और सहयोग का रास्ता हमेशा खुला रहता है। यदि किसी प्रकार की राजनीतिक प्रताड़ना हो रही है तो उसे खुलकर सामने लाना चाहिए। इरफान अंसारी ने कहा कि देश की जनता और लोकतांत्रिक ताकतें उनके साथ खड़ी हैं और इतिहास उसी का सम्मान करता है, जो दबाव में नहीं बल्कि अपने विवेक से निर्णय लेता है।

## भाजपा ने नीतीश को मुख्यमंत्री के पद से हटाने की रची साजिश : राजद

**रांची :** प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) एक राजनीतिक छल के तहत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को हटाने की साजिश रची है। पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने गुरुवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री के पद से पटाने की साजिश भाजपा आज से नहीं, बल्कि लंबे दिनों से रच रही थी और आखिरकर भाजपा ने उन्हें अपने चंगुल में फंसा ही लिया। मनोज कुमार ने कहा कि इस संबंध में पार्टी के नेता लालू प्रसाद यादव और तेजस्वी प्रसाद यादव नीतीश कुमार को अगाह कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा ने राजनीति के तहत इतना मानसिक दबाव बनाया कि नीतीश कुमार पद छोड़ने पर विवश हो गए। बिहार की जनता की ओर से चुनी हुई सरकार के मुखिया को प्रेशर पॉलिटिक्स के जरिए जबरन पद से हटाना काफी अन्यायपूर्ण है और बिहार की जनता के साथ धोखा है। उन्होंने कहा कि भाजपा जब-जब किसी दल को अपने साथ रखकर राजनीति की है तब तब उस दल को बर्बाद करने की साजिश रची है। इसमें शिवसेना और हरियाणा के ओम प्रकाश चौटाला की पार्टी राष्ट्रीय लोक दल चौटाला का नाम शामिल है। जिसे भाजपा ने खत्म करने का प्रयास किया।

## एक नजर

### नीतीश को राज्य सभा भेजने का तरीका गलत : पंकज मिश्र



**रांची :** जयप्रकाश जनता दल के राष्ट्रीय सचिव पंकज मिश्र ने कहा कि नीतीश कुमार का व्यक्तित्व इतना विशाल है कि कोई भी पद उनके लिए मायने नहीं रखता। राज्य सभा जाने का निर्णय पर कोई प्रश्नचिन्ह नहीं उठाया जा रहा। मगर दस बार सीएम रहे नेता को जिस तरह बेदखल किया गया वह तरीका गलत है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार अपने करीबियों के शिकार हो गये। उनके अगल - बगल घूमने वाले सभी नेता शुरू से भाजपा के लिए काम कर रहे थे। सीटों के बंटवारे से लेकर प्रत्याशियों के चयन तक में सबने नीतीश को अंधकार में रखा। बिहार की जनता नीतीश कुमार के नाम पर वोट की है। इस बात को एनडीए के नेता भी स्वीकार करते हैं। भाजपा को खुद पर भरोसा रहता तो वह कतई नीतीश कुमार को साथ नहीं लेती। इसलिए भी जदयू कसे ही कीसी को सीएम बनाया जाना चाहिए।

### असहाय बुजुर्गों संग मारवाड़ी युवा मंच ने मनाई होली



**रांची :** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से होली का उत्सव असहाय बुजुर्गों के साथ गुरुवार को मिलकर पहाड़ी मंदिर के समीप मनाया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान शाखा की ओर से बुजुर्गों के बीच चिप्स के पैकेट, जूस, टॉफी, फूड पैकेट और गुलाल का वितरण किया गया। इस अवसर पर मारवाड़ी महिला शाखा के अध्यक्ष पूजा अग्रवाल ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा ही सबसे बड़ी सेवा है। समाज के हर वर्ग को उनके सम्मान और देखभाल के लिए आगे आना चाहिए। इस दौरान ममता भिवानिया की ओर से चिप्स और जूस का विशेष सहयोग दिया गया। मौके पर शाखा अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, कविता सोमानी, दीपिका मोतिका सहित मंच की अन्य सदस्य मौजूद थे।

### होली में 56 घायल पहुंचे रिम्स, सात की मौत

**रांची :** होली पर जहां पूरे शहर में उत्सव और उमंग का माहौल रहा, वहीं कई जगहों पर हुए सड़क हादसों और अन्य दुर्घटनाओं ने कई परिवारों की खुशियों को मातम में बदल दिया। होली के दिन रिम्स इमरजेंसी में घायलों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अस्पताल प्रशासन के अनुसार होली के दिन कुल 56 घायल लोगों को इलाज के लिए रिम्स लाया गया। इनमें से 7 लोगों की अस्पताल पहुंचते ही मौत हो गई। वहीं कई लोग गंभीर रूप से घायल हैं। फिलहाल 38 मरीजों को रिम्स में भर्ती कर इलाज किया जा रहा है, जिनमें से चार से पांच मरीजों की हालत नाजुक बनी हुई है। डॉक्टरों की टीम लगातार उनकी निगरानी कर रही है और उन्हें बेहतर उपचार देने में जुटी हुई है। सड़क दुर्घटना के थे अधिकतर मामले रिम्स की इमरजेंसी में मौजूद चिकित्सकों के अनुसार अधिकतर मामले सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े हुए हैं। होली के दिन शराब के नशे में वाहन चलाना, तेज रफ्तार और लापरवाही कई हादसों की बड़ी वजह बनी। अलग-अलग इलाकों से घायलों को एंबुलेंस और निजी वाहनों के जरिए रिम्स के ट्रॉमा सेंटर और इमरजेंसी वार्ड में लाया गया।

## राष्ट्रीय लोक अदालत 14 को, तैयारी जोरों पर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार (झालसा) के निर्देश पर न्यायायुक्त सह अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची के मार्गदर्शन में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम के तहत चान्हो प्रखंड के हुटार ग्राम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पीएलवी निलश्याम कुमार ने लोगों को राष्ट्रीय लोक अदालत और मध्यस्थता के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 14 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत में आप अपने वादों का निस्तारण निःशुल्क और सुलभ तरीके से करा सकते हैं। उषा कुमारी और सुमति कुमारी ने बाल श्रम, बाल अधिकार, बाल विवाह, डायन बिसाही, नशा उन्मूलन, पीड़ित मुआवजा और जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी। संजीत उरांव और सोनु सिंह ने डायन बिसाही की ओर फोकस करते हुए उन्होंने कहा कि लोगों को डायन कहकर इंगित करना भी अपराध की श्रेणी में आता है। वहीं हरिराम करमाली और अलमा एक्का ने नशा उन्मूलन पर कहा कि युवाओं को नशा से दूर रहना चाहिए। मौके पर पीएलवी की ओर से वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन की जानकारी दी गयी। सुनीता देवी ने प्रधानमंत्री आवास योजना और जॉब कार्ड के बारे में फोकस किया। रेनु देवी ने लोक अदालत और सुजिता देवी ने मंईयां सम्मान योजना के बारे में बतायार। पीएलवी बरखा तिर्की, प्रीतम सक्सेना और पुनम देवी ने 14 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि उक्त तिथि को लोग अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से करा सकते हैं।

## रांची में 12 वर्षीय बच्चे की हत्या के आरोपी ने थाने में फांसी लगाकर की आत्महत्या

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** राजधानी रांची के नामकुम थाना क्षेत्र में बच्चे के अपहरण और हत्या के मामले में गिरफ्तार आरोपित ने गुरुवार को थाना के हाजत में खुदकुशी कर ली। घटना के बाद थाना परिसर में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार नामकुम थाना के हाजत में बंद आरोपित जगय मुंडा ने फंदे से लटककर आत्महत्या कर ली। घटना का पता चलते ही पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत नीचे उतारा और अस्पताल ले जाने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स रांची भेज दिया गया है। बताया जा रहा है कि जगय मुंडा को एक बच्चे के अपहरण और हत्या के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। वह खूंटी जिले के साइको थाना क्षेत्र के कोल्हापूर्ति गांव का रहने वाला था। उसका उसी गांव की एक महिला के साथ अवैध संबंध था और दोनों कुछ समय से नामकुम थाना क्षेत्र में रह रहे थे। रविवार को किसी बात को लेकर महिला और आरोपित के बीच विवाद हो गया था। इसके बाद आरोपित ने बदले की भावना से महिला के 12 वर्षीय बेटे रमेश हजाम का अपहरण कर लिया। अपहरण के बाद वह बच्चे को रामगढ़ थाना क्षेत्र के घाटो इलाके में ले गया, जहां उसकी हत्या कर शव को जमीन में दफना दिया। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान उसने बच्चे के अपहरण और हत्या की बात स्वीकार कर ली थी। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने बच्चे का शव भी बरामद कर लिया।

## झारखंड के 11 जिलों में नौ को बारिश और वज्रपात को लेकर येलो अलर्ट

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** राज्य के 11 जिलों में 09 मार्च को बारिश और वज्रपात को लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। यह जानकारी मौसम विभाग ने गुरुवार को दी। विभाग के अनुसार 07 से 10 मार्च तक राज्य के विभिन्न जिलों में मौसम में परिवर्तन होने की संभावना है। इस दौरान गर्जन के साथ हल्की बारिश हो सकती है। विभाग के अनुसार 7 मार्च को पूर्वी सिंहभूम पश्चिमी सिंहभूम और सरायकेला में हल्की बारिश हो सकती है, जबकि 08 और 09 मार्च को 14 जिलों में हल्के दर्ज की बारिश हो सकती है। वहीं 10 मार्च को राज्य के १३ जिलों में हल्के दर्जे की बारिश हो सकती है, जबकि ११ जिलों में गर्जन के साथ बारिश होने की संभावना है। इन जिलों में कोडरमा, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़, गिरिडीह, दुमका, हजारीबाग, देवघर, जामताड़ा, बोकारो और धनबाद शामिल हैं। वहीं पिछले 24 घंटे के दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान चाईबासा में 36.4 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला जिले में 11.4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। गुरुवार को रांची और आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और मध्यम दर्जे की हवा चली। इससे दिन में धूप में काम तपिश महसूस की गई। रांची में अधिकतम तापमान 30 डिग्री और न्यूनतम 15.2 डिग्री, जमशेदपुर में अधिकतम तापमान 35.1 और न्यूनतम 17.6 डिग्री, डालटेनगंज में अधिकतम 35.2 और न्यूनतम 15. 3 डिग्री, बोकारो में अधिकतम तापमान 34.4 और न्यूनतम 15.6 डिग्री एवं चाईबासा में अधिकतम तापमान 36.4 और न्यूनतम तापमान 16.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## बाबूलाल मरांडी ने नीतीश कुमार को राज्यसभा के लिए दी बधाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्ष के नेता बाबूलाल मरांडी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को राज्यसभा की सदस्यता के लिए नामांकन दाखिल करने पर बधाई दी। मरांडी ने गुरुवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि नीतीश कुमार पिछले तीन-चार दशकों से बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे हैं और राज्य को जंगल राज से बाहर निकालकर सुशासन स्थापित करने में अहम योगदान दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार ने प्रशासनिक स्थिरता, विकास और बेहतर शासन के लिए एक नई पहचान बनाई है। मरांडी ने यह भी कहा कि नीतीश कुमार ने सार्वजनिक जीवन में हमेशा ईमानदारी, सम्मान और नैतिकता के मूल्यों को प्राथमिकता दी है। बाबूलाल मरांडी ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका कार्यकाल राज्य के इतिहास में एक सुनहरे अध्याय के रूप में याद किया जाएगा। उन्होंने विश्वास जताया कि राज्यसभा सदस्य के रूप में नीतीश कुमार का अनुभव और नेतृत्व संसद के उच्च सदन को भी गौरवान्वित करेगा। मरांडी ने नीतीश कुमार को उनके उज्ज्वल भविष्य और देश के विकास में उनके योगदान के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दीं।

## रांची के जमचुआं आयुष्मान आरोग्य मंदिर में आज होगा राज्य स्तरीय उमंग दिवस का आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** नामकुम प्रखंड स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर, जमचुआं में शुक्रवार को राज्य स्तरीय उमंग दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करना और सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी देना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की ओर से गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अभियान निदेशक, वरीय पदाधिकारी सहित कई गणमान्य लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। साथ ही लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के लिए कई गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इस अवसर पर सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी भी लोगों को दी जाएगी, ताकि अधिक से अधिक लोग इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्यकर्मियों और ग्रामीणों की भी भागीदारी रहने की संभावना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अधिकारियों के अनुसार राज्य स्तरीय इस आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक सुदृढ़ बनाने और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रयासों को और गति मिलेगी।

### बकाया भरने का सुनहरा मौका, 9-11 मार्च तक निगम लगाएगा विशेष कैंप

**रांची :** नगर निगम की ओर से वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति के पूर्व अपर बाजार क्षेत्र के लाइसेंसधारियों को शुल्क भुगतान की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए लाइसेंस होल्डरों के लिए विशेष कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह कैंप अपर बाजार स्थित डीबरी पट्टी दुर्गा मंदिर के बेसमेंट में 9 मार्च से 11 मार्च तक चलेगा। कैम्प सुबह 11 से शुरू होगा, जो दोपहर 3 बजे तक रहेगा। निगम द्वारा आवंटित भूमि अथवा दुकानों के लाइसेंस होल्डरों से मासिक किराया शुल्क की वसूली के लिए यह कैंप आयोजित किया जा रहा है, जिससे लाइसेंस होल्डर अपने बकाया किराया शुल्क का भुगतान आसानी से कर सकें।

## संक्षिप्त खबरें

### एचईसी में रमजान पर एक घंटे पूर्व छुट्टी दे प्रबंधन : एस अली

**रांची :** झारखंड छात्र संघ और आमया संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष एस अली ने एचईसी में कार्यरत मुस्लिम कर्मचारियों को रमजान के दौरान इफ्तार के लिए उपक्रम में एक घंटे पूर्व छुट्टी देने की मांग की है। उन्होंने गुरुवार को इस संबंध में केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री एचडी कुमार स्वामी और एचईसी के सीएमडी को पत्र भेजकर तत्काल छुट्टी लागू करने का आग्रह किया है। अली ने कहा कि 14 फरवरी 1994 को रमजान के संबंध में अधिसूचना भी जारी की गई थी। धार्मिक कार्यों के अधिकार को लेकर एचईसी प्रबंधन और यूनियन के बीच समझौता भी हुआ था। लेकिन वर्ष 2026 में यह व्यवस्था लागू नहीं होने से एचईसी में रोजेदार कर्मचारियों को काफी परेशानी हो रही है। वे इफ्तार और अन्य धार्मिक कार्यों से वंचित हो रहे हैं। पत्र में अली ने कहा कि रमजान के दौरान देश के कई सरकारी संस्थानों और राज्य सरकारों में मुस्लिम कर्मचारियों को इफ्तार के लिए एक घंटा पहले छुट्टी देने की व्यवस्था रहती है। रमजान के दौरान पड़ने वाले शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के लिए दोपहर 12.30 बजे से 2.30 बजे तक विशेष अवकाश भी दिया जाता है, ताकि कर्मचारी अपने धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन कर सकें। लेकिन एचईसी में ऐसी व्यवस्था नहीं है।

### हेसल में नाइट क्रिकेट गोल्डन ट्रॉफी 5 अप्रैल से, 32 टीमें लेंगी भाग



**रांची :** हेसल गांव में नाईट क्रिकेट गोल्डन ट्रॉफी को लेकर इस्तियाक अंसारी की अध्यक्षता में हेसल ग्राउंड में एक अहम बैठक रखी गई बैठक में निर्णय लिया गया कि खेल का सुभारंब 5 अप्रैल होगा ओर 12 अप्रैल को फईनाल मैच खेला जाएगा। क्रिकेट टूर्नामेंट को सुचारू रूप से खेलने के लिए सभी के सर्वसहमति से नाईट क्रिकेट गोल्डन ट्रॉफी के अध्यक्ष मिन्हाज अंसारी सचिव महमूद अंसारी कोषाध्यक्ष जबारुल अंसारी फिरोज अंसारी उर्फ बबलू मुख्य मुख्य संरक्षक मुखिया कविता देवी शीला देवी मुस्तफा अंसारी, रामपोदो महतो, मौलना अबुल कलाम, इब्राहिम अंसारी, अब्बास अंसारी, युसुफ अंसारी, अहमद अंसारी, एहसान अंसारी, रामेश्वर महतो बिष्णु महतो, खेल प्रभारी साबिर अंसारी और अमीरूल अंसारी। आगे बता दे कि नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट में टोटल 32 टीम भाग लेंगे एंट्री फीस 7500/- रू होगा प्रथम पुरस्कार 60000/- द्वितीय पुरस्कार 41000 तृतीय पुरस्कार 15000/- चतुर्थ पुरस्कार 15000/- और प्रत्येक मैच में मैन ऑफ द मैच दिया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से अख्तर अंसारी अमीरूल अंसारी मोबीन अंसारी कलीम रेहान अंसारी अख्तर अंसारी सकींब अंसारी अशरफुल अंसारी सौकत अंसारी अजीज अंसारी सोयब आलम नौशाद अंसारी तस्लीम अंसारी सकील अंसारी छटू नसीम आदि शामिल थे।

### भाजपा ने नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया : विनोद पांडेय

**रांची :** बिहार में बदलते राजनीतिक समीकरण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर हमला बोला है। पार्टी के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि भाजपा ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का राजनीतिक करियर समाप्त कर दिया है। उन्होंने कहा कि यह बिहार की जनता के जनादेश का अपमान है। हालांकि बिहार में भाजपा की ओर से की गई साजिश को झारखंड में किसी भी हाल में सफल नहीं होने दिया जाएगा। भाजपा के खिलाफ उनकी पार्टी की लड़ाई पहले भी थी और आगे भी जारी रहेगी। विनोद पांडेय ने कहा कि झारखंड की जनता लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए हमेशा सतर्क रही है। राज्य में भाजपा की किसी भी राजनीतिक चाल को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा। बिहार में भाजपा की चाल, चरित्र और चेहरा एक बार फिर देश की जनता के सामने आ गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिस चेहरे पर बिहार की जनता ने भरोसा जताते हुए जनादेश दिया था, उसी चेहरे को राजनीति की मुख्यधारा से दूर कर दिया गया। पांडेय ने दावा किया कि बिहार में भाजपा की यह साजिश काफी पहले से चल रही थी। आने वाले समय में जनता दल (यूनाइटेड) का विलय भी भाजपा में हो सकता है।

### बिशप पद की दौड़ में इस बार महिला पादरी भी, 6 मार्च को चुनाव



**रांची :** जीईएल चर्च इन छोटानागपुर एंड असम के नॉर्थ वेस्ट डायसिस में बिशप पद के लिए चार पादरी हैं। इसमें पादरी प्रदीप केरकेट्टा,पवल लुगुन, आशिषन कंडुलना और बिनोद लकड़ा आमने-सामने हैं। नॉर्थ वेस्ट डायसिस काउंसिल के सदस्य के 202 लोग वोट देकर इनमें से किसी एक को चुनेंगे। यह चुनाव 6 मार्च को गोस्सनर थियोलॉजिकल कॉलेज में चुनाव होगा। चुनाव का समय सुबह 9 बजे से लेकर शाम 6 बजे तक निर्धारित किया गया है। चुनाव को लेकर चर्च समुदाय में काफी उत्साह है और चचाओं का दौर भी चल रहा है। इस बार महिला पादरी आशिषन कंडुलना भी बिशप पद की दौड़ में शामिल हैं, इसकी वजह से इस बार का चुनाव सदस्यों के लिए महत्वपूर्ण हो गया है। जानकारी के अनुसार, नॉर्थ वेस्ट डायसिस काउंसिल के सदस्य बैलेट पेपर से बिशप का चुनाव करेंगे। चुनाव प्रक्रिया में कुल 202 काउंसिल सदस्य मतदान करेंगे और इन्हीं के वोट से नए बिशप का फैसला होगा। चर्च से जुड़े लोगों का मानना है कि चुनाव से डायसिस की भावी दिशा तय होगा। महिला पादरी के मैदान में उतरने से यह वोटिंग काफी दिलचस्प माना जा रहा है। अब सभी की निगाहें कल होने वाले मतदान और उसके नतीजों पर टिकी हुई हैं।

### नगर निगम में अब डिप्टी मेयर की कुर्सी पर जंग, 20 आदिवासी पार्षद किंगमेकर

**रांची:** नगर निकाय चुनाव के नतीजों ने शहर की सियासत का चेहरा बदल दिया है। इस बार नगर निगम में 20 आदिवासी पार्षद जीतकर पहुंचे हैं। इसमें 11 सीटें पहले से आरक्षित थीं, लेकिन असली राजनीतिक संदेश उन 9 अनारक्षित सीटों से आया है, जहां आदिवासी उम्मीदवारों ने सीधी टक्कर में जीत दर्ज कर समीकरण उलट दिए है। वार्ड 3 से बसंती लकड़ा, 4 से अमित मुंडा, 6 से मोनिका लकड़ा, 8 से किरण खरखो, 24 से विजय कच्छप, 33 से पुष्पा टोप्पो, 34 से अजीत भगत, 48 से अमित मिंज और 50 से सुनीता तिर्की की जीत ने साफ कर दिया कि इस बार वोटिंग में सामाजिक गोलबंदी निर्णायक रही। महापौर पद पर रौशनी खलखो की जीत ने इस उभार को और मजबूती दी। वे राज्य गठन के बाद तीसरी आदिवासी महिला महापौर बनी हैं। इससे पहले रमा खलखो और आशा लकड़ा इस कुर्सी पर बैठ चुकी हैं। 53 वार्डों वाले सदन में डिप्टी मेयर बनने के लिए कम से कम 27 पार्षदों का समर्थन जरूरी है। 20 की संख्या के साथ आदिवासी पार्षद किंगमेकर की भूमिका में हैं। राजनीतिक गलियारों में बैठकों का दौर शुरू हो चुका है। भाजपा, कांग्रेस और झामुमो की जोड़-तोड़ रणनीति भी शुरू हो चुकी है। सूत्रों का कहना है कि यदि आदिवासी पार्षद एकमत होते हैं तो डिप्टी मेयर की कुर्सी पर भी उनका दावा मजबूत हो सकता है।

## एक नजर

### कोवाबेड़ा जंगल में अवैध बालू का स्टॉक ग्रामीणों में आक्रोश



**सिमडेगा :** जिला बानो प्रखंड अंतर्गत गेनमेर पंचायत के कोवाबेड़ा जंगल पथरा के पास अवैध रूप से बालू का स्टॉक किए जाने का मामला सामने आया है। स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार जंगल क्षेत्र में बड़ी मात्रा में बालू जमा कर रखा गया है, जबकि आसपास किसी प्रकार का निर्माण कार्य नहीं चल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि गेनमेर, जमताई एवं रायकेरा पंचायत में बन रहे सरकारी आवासों के लिए लोगों को बालू उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। बालू की कमी के कारण कई लाभुकों का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है और वे काफी परेशान हैं। आरोप है कि एक ओर आम लोगों को बालू नहीं मिल रही है, वहीं दूसरी ओर बालू माफिया धड़ल्ले से सप्लाई कर रहे हैं और जंगल क्षेत्र में स्टॉक कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस पूरे मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां बालू का स्टॉक किया गया है, वहां न तो कोई आवास है और न ही कोई निर्माण कार्य, ऐसे में जंगल क्षेत्र में बालू जमा करना कई सवाल खड़े करता है। अब देखने वाली बात यह होगी कि संबंधित विभाग, विशेषकर खनन विभाग, इस मामले में कब तक कार्रवाई करता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब जांच कर अवैध स्टॉक को जब्त करने की मांग की है।

### अधूरी सड़क से ग्रामीण परेशान, झिरकामुंडा-ढोढ़ी मार्ग बना खतरे का रास्ता



**कुरडेग :** प्रखंड क्षेत्र में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत झिरकामुंडा परकला से खिंडा झुनकाछापर होते हुए ढोढ़ी तक लगभग 08 किलोमीटर लंबी कालीकरण पथ का निर्माण कार्य इन दिनों आम जनता के लिए भारी परेशानी और चिंता का विषय बन गया है। सड़क निर्माण के नाम पर पुराने पथ ढांचे को उखाड़कर मेटलीकरण का कार्य तो कर दिया गया, लेकिन कई स्थानों पर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। कहीं सड़क को पूरी तरह खोदकर छोड़ दिया गया है तो कहीं केवल गिट्टी बिछाकर काम रोक दिया गया है। सड़क का उद्घाटन 16 मार्च 2024 को हुआ था और आज करीब 2 साल बीत गए जस का तस रोड बनना शुरू हुआ ही नहीं, परिणामस्वरूप पूरी सड़क निमार्णाधीन अवस्था में पड़ी है, और आम लोगों का आवागमन अत्यंत कष्टदायक हो गया है। यह सड़क कई गांवों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। इसी रास्ते से प्रतिदिन सैकड़ों ग्रामीण, किसान, मजदूर, स्कूली छात्र-छात्राएं, शिक्षक एवं मरीज आवागमन करते हैं। वर्तमान स्थिति यह है कि सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। ढीली गिट्टी बिखरी पड़ी है और धूल का गुबार दिनभर उड़ता रहता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग जान-जोखिम भरा बन चुका है। आए दिन बाइक और साइकिल फिसलने की घटनाएं हो रही हैं। कई ग्रामीणों को चोट भी लग चुकी है, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में अत्यधिक लापरवाही बरती जा रही है। संवेदक द्वारा कार्य को अधूरा छोड़ दिए जाने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यदि कार्य समय के साथ और गुणवत्ता के साथ किया जाता तो आज यह स्थिति उत्पन्न नहीं होती।

# बरसलोया में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ संपन्न

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरसलोया में होली का पावन पर्व परंपरागत रीति-रिवाज, धार्मिक आस्था और आपसी भाईचारे के साथ अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। सुबह से ही गांव में उत्सव का उल्लासपूर्ण वातावरण बना रहा। बच्चे, युवा और बुजुर्ग सभी उत्साहपूर्वक घरों से निकलकर एक-दूसरे को रंग-अबीर लगाते और होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। प्रातःकाल पुरुषों की टोली द्वारा घर-घर जाकर कीर्तन-भजन किया गया। ढोल-मृदंग, झाल और हरिनाम संकीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। ग्रामीणों ने कीर्तन मंडली का शरबत, ठंडा, पानी एवं जलपान देकर स्वागत किया। इससे गांव में प्रेम, सौहार्द और सामाजिक एकता की भावना और भी प्रबल हुई। गांव के चौक-चौराहों पर लोग समूह बनाकर फाग गीत गाते और एक-दूसरे को रंग लगाते दिखाई दिए। होली के अवसर पर लोगों ने अपने घरों में बने



पारंपरिक पकवानों का आनंद लिया। बुजुर्गों ने युवाओं को आशीर्वाद दिया और बच्चों ने बड़ों का सम्मान करते हुए त्योहार की परंपरा को आगे बढ़ाया। पूरे दिन बरसलोया में शांति और सद्भाव के साथ होली मनाई गई।

**राहसगुड़ी मंदिर के समीप खेली गई पारंपरिक कीचड़ वाली होली...**

होली उत्सव के क्रम में गांव स्थित राहसगुड़ी मंदिर के समीप पारंपरिक कीचड़ वाली होली भी आकर्षण का विशेष केंद्र रही। इस अनोखी परंपरा के लिए ग्रामीणों द्वारा एक दिन पूर्व से ही विशेष तैयारी की गई थी। युवाओं की टोली ने मंदिर परिसर के पास निर्धारित स्थान को साफ कर बाहर से उपयुक्त मिट्टी जमा किया गया। इसके बाद उसमें पानी डालकर अच्छी तरह गीला किया गया, ताकि कीचड़ तैयार हो सके। तत्पश्चात कीचड़ वाली होली प्रारंभ हुई। युवाओं और बच्चों ने हंसी-खुशी एक-दूसरे को कीचड़ लगाकर पर्व की बधाई दी। पूरा वातावरण ठहाकों और उत्साह से गूंज उठा। ग्रामीणों का मानना है, कि यह परंपरा आपसी मनमुटाव को समाप्त कर प्रेम और समानता का संदेश देती है। कार्यक्रम के दौरान अनुशासन और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया। इस प्रकार बरसलोया में मनाया गया होली उत्सव धार्मिक आस्था, सांस्कृतिक परंपरा और सामाजिक एकता का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आया।

**शाम का अबीर कार्यक्रम रहा आकर्षण का केंद्र...**

होली महोत्सव के तहत आयोजित शाम का अबीर कार्यक्रम पूरे उत्सव का मुख्य आकर्षण रहा। दोपहर बाद से ही लोग रंग-बिरंगे पारंपरिक वस्त्र पहनकर बाजारबस्ती में जुटने लगे। महिलाओं ने पारंपरिक साड़ी एवं आभूषणों में कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई, वहीं युवा फाग गीतों पर झूमते नजर आए। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा रानी की प्रतिमाओं को भव्य रूप से सजाकर सुंदर रथ पर विराजमान किया गया। फूल, रंग-बिरंगे वस्त्रों और आकर्षक श्रृंगार से सुसज्जित रथ पूरे आयोजन का आध्यात्मिक केंद्र बना रहा। विशेष रूप से तैयार की गई रस्सी के सहारे भगवान के रथ को सुरक्षित रूप से टांगा गया था, जहां भगवान कार्यक्रम खत्म न होने तक विराजमान रहे और लोगों ने झुलाया श्रद्धालुओं द्वारा भक्ति भाव से भगवान को झुलाया गया और "राधे-राधे" तथा "जय श्रीकृष्ण" के जयकारों से वातावरण गुंजायमान होता रहा। सर्वप्रथम पुजारी मानस रंजन पंडा द्वारा मंत्रोच्चार के साथ भगवान को अबीर-गुलाल अर्पित किया गया। इसके पश्चात श्रद्धालुओं ने क्रमवार भगवान के चरणों में अबीर चढ़ाकर सुख-समृद्धि की कामना की। ढोल-मृदंग और भजन-कीर्तन की धुन पर पूरा बाजार क्षेत्र गुलाबी, लाल और पीले रंगों से सराबोर हो गया।

## सामटोली रोड की जर्जर स्थिति पर विधायक भूषण बाड़ा की पहल, मरम्मत कार्य शुरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा :** सामटोली रोड की जर्जर स्थिति को लेकर सिमडेगा विधायक सह कांग्रेस जिला अध्यक्ष भूषण बाड़ा ने पहल की है। विधायक के आग्रह के बाद उपायुक्त कंचन सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कराने की प्रक्रिया तेज कर दी। गुरुवार को सामटोली रोड पर मरम्मत कार्य प्रारंभ होते ही स्थानीय लोगों में संतोष और राहत का माहौल देखा गया। बताया गया कि संत जेवियर कॉलेज के ट्रेजरर फा. ब्रूनो टोप्पो सहित कई पुरोहितों ने विधायक भूषण बाड़ा से मुलाकात कर सामटोली रोड की खराब स्थिति की ओर ध्यान आकृष्ट कराया था। सड़क की दुर्दशा के कारण छात्रों, शिक्षकों और आम नागरिकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही थी। समस्या की गंभीरता को समझते हुए



विधायक ने पुरोहितों की मौजूदगी में ही उपायुक्त कंचन सिंह से दूरभाष पर बात कर शीघ्र मरम्मत सुनिश्चित करने का आग्रह किया। हालांकि उपायुक्त ने होली पर्व के कारण तत्काल कार्य प्रारंभ करने में तकनीकी अड़चन का उल्लेख किया था। लेकिन उन्होंने आश्वस्त किया कि पर्व के उपरांत गुरुवार से मरम्मत कार्य शुरू कर दिया जाएगा। अपने वादे के अनुरूप प्रशासन ने गुरुवार को सड़क दुरुस्ती का कार्य प्रारंभ करा दिया।

## होली के पावन अवसर पर कसबहार में पारंपरिक आस्था के साथ संपन्न हुई सरना पूजा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत मेरोमडेगा पंचायत के कसबहार गांव में होली के शुभ अवसर पर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सरना पूजा का भव्य एवं पारंपरिक आयोजन किया गया। गांव के सरना स्थल पर आयोजित इस पूजा में पूरे गांव के ग्रामीणों ने एकजुट होकर भाग लिया। पूजा का नेतृत्व गांव के पहान सुरेश पहान ने पारंपरिक विधि-विधान एवं आदिवासी रीति-रिवाजों के अनुसार किया। प्रातःकाल से ही सरना स्थल पर चहल-पहल शुरू हो गई थी। ग्रामीणों ने मिलकर पूजा स्थल की साफ-सफाई की और पारंपरिक ढंग से सजावट की। पूजा के दौरान प्रकृति देवता, ग्राम देवता तथा पूर्वजों का स्मरण कर गांव की



सुख-शांति, समृद्धि, अच्छी वर्षा और भरपूर फसल की कामना की गई। पहान द्वारा पारंपरिक मंत्रोच्चार एवं अनुष्ठान संपन्न कराए गए, जिसमें ग्रामीण श्रद्धापूर्वक शामिल हुए। होली पर्व आदिवासी समाज में केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता का भी प्रतीक है। इसी अवसर पर आयोजित सरना पूजा गांव की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करती है। पूजा के दौरान महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में उपस्थित रहीं, वहीं युवाओं में भी विशेष उत्साह देखा गया। बुजुर्गों ने नई पीढ़ी को इस परंपरा के महत्व के बारे में जानकारी दी, ताकि आने वाली पीढ़ियां भी अपनी संस्कृति से जुड़ी रहें। पूजा सम्पन्न होने के पश्चात ग्रामीणों ने एक-दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं और आपसी भाईचारे, प्रेम एवं सौहार्द का संदेश दिया।

## अन्नपूर्णा देवी के चाराड़ीह निवास पर भव्य होली मिलन समारोह, एकता और सद्भाव का दिया संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी के चाराड़ीह स्थित आवास पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास और पारंपरिक उत्साह के साथ किया गया। समारोह में जिले भर से पहुंचे भाजपा नेता, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया। पूरा परिसर रंगों, अबीर-गुलाल और फूलों की खुशबू से सराबोर नजर आया।कार्यक्रम के दौरान अन्नपूर्णा देवी ने उपस्थित नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अनूप जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश यादव, जिला उपाध्यक्ष देवनारायण




मोदी, गोपाल कुमार गुतुल, जुही दास गुप्ता, जिला मंत्री शशि भूषण प्रसाद, अनीता देवी, चन्द्रशेखर जोशी, राजकुमार यादव, वीरेंद्र कुमार मेहता, सत्यनारायण यादव, कृष्णा ब्रह्मपुरिया, पंकज वर्णवाल, बासुदेव यादव, एसके गौतम, संजय मोदी, महेश वर्मा, कोडरमा नगर पंचायत अध्यक्ष उमेश वर्मा सहित कई प्रमुख नेता उपस्थित रहे। इसके अलावा झुमरी तिलैया नगर परिषद के वार्ड पार्षद चंदा शर्मा , संजय यादव, उदय सिंह, मनमीत कौर, पिंकी जैन, झुमरी तिलैया मंडल अध्यक्ष इंद्रदेव बर्णवाल, नवीन चौधरी, संजय पासवान, सुनील भारती, महाबीर यादव, सुजीत मेहता, सुदेश मोदी, प्रियांशु कुमार, महादेव दास, बेलु सिन्हा, राकेश शर्मा, अंकित गुप्ता, अविनाश चन्द्रवंशी समेत सैकड़ों कार्यकर्ता समारोह में शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं है, बल्कि यह समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा, "होली हमें यह संदेश देती है कि हम आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम और भाईचारे के साथ आगे बढ़ें।

## दानापुर-कोडरमा इंटरसिटी को रांची तक विस्तार देने की मांग, जैन तीर्थ यात्रियों में खुशी की लहर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**झुमरी तिलैया :** झारखंड और बिहार के लाखों जैन श्रद्धालुओं के लिए एक सुखद पहल सामने आई है। दक्षिण पूर्व रेलवे कोलकाता के क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य अरुण कुमार जोशी ने दानापुर-कोडरमा इंटरसिटी एक्सप्रेस को रांची तक विस्तारित करने का सशक्त प्रस्ताव भेजा है। इस मांग से धार्मिक आस्था, क्षेत्रीय संपर्क और यात्री सुविधा को नई दिशा मिलने की उम्मीद जगी है।अरुण कुमार जोशी ने पूर्व मध्य रेलवे हाजीपुर के महाप्रबंधक को प्रेषित पत्र में आग्रह किया है कि ट्रेन संख्या 13233/13234 दानापुर-कोडरमा इंटरसिटी एक्सप्रेस को कोडरमा के बाद वाया पारसनाथ-गोमो होते हुए रांची तक बढ़ाया जाए। उनका कहना है कि इससे जैन समाज सहित आम यात्रियों को भी अत्यंत लाभ होगा।अंतरराष्ट्रीय जैन तीर्थ पारसनाथ को मिलेगा



सीधा रेल संपर्क,जोशी ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि सम्मेद शिखरजी जैन समाज का प्रमुख एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर का तीर्थ स्थल है, जहां प्रतिवर्ष लाखों श्रद्धालु दर्शन हेतु पहुंचते हैं। वर्तमान में यात्रियों को सीमित रेल संपर्क और बार-बार वाहन बदलने की परेशानी झेलनी पड़ती है। यदि यह ट्रेन पारसनाथ, गोमो, चंद्रपुरा, बेरमो, फुसरो, गोमिया, बरकाकाना एवं मेसरा होते हुए रांची तक चलेगी, तो तीर्थ यात्रियों की यात्रा अत्यंत सुगम और आरामदायक हो जाएगी। बिहार के यात्रियों को भी मिलेगा राजधानी तक सीधा लाभ,प्रस्ताव में यह भी कहा गया है।

# मुस्लिमों को सिर्फ वोट बैंक समझने की राजनीति बंद हो : गुलाम मुस्तफा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** गुलाम मुस्तफा केंद्रीय अध्यक्ष आपकी विकास पार्टी ने गठबंधन राजनीति पर करारा प्रहार करते हुए बड़ा बयान दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि गठबंधन सिर्फ मुस्लिम वोट लेने के लिए बनाया जाता है, लेकिन प्रतिनिधित्व देने की बारी आती है तो चुप्पी साध ली जाती है। गठबंधन में किसी की औकात नहीं है कि किसी मुस्लिम को राज्यसभा भेज सके। अगर हिम्मत है तो भेज कर दिखाए। मुस्लिम समाज को सिर्फ वोट बैंक समझने की राजनीति अब नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि वर्षों से मुस्लिम समाज को सिर्फ चुनावी मंचों पर याद किया जाता है, लेकिन




राज्यसभा, विधान परिषद या महत्वपूर्ण पदों पर प्रतिनिधित्व देने में जानबूझकर अनदेखी की जाती है गुलाम मुस्तफा ने कहा कि अब मुस्लिम समाज जागरूक हो चुका है और सिर्फ वादों से संतुष्ट नहीं होगा। उन्होंने राजनीतिक दलों को चुनौती देते हुए कहा कि अगर वे वास्तव में सेक्युलर और समावेशी राजनीति में विश्वास रखते हैं, तो राज्यसभा में मुस्लिम चेहरों को भेजकर दिखाएं। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव के समय मुस्लिम समाज को साधने की कोशिश होती है। लेकिन सत्ता में भागीदारी देने के सवाल पर चुप्पी छा जाती है। यह दोहरा मापदंड अब स्वीकार्य नहीं है गुलाम मुस्तफा ने साफ शब्दों में कहा कि मुस्लिम समाज को सिर्फ वोट बैंक समझने वालों को आने वाले चुनाव में जवाब मिलेगा। यह बयान ऐसे समय आया है जब राज्यसभा चुनाव और गठबंधन की राजनीति को लेकर राज्य में सियासी हलचल तेज है। अब देखना होगा कि इस चुनौती पर गठबंधन दल क्या प्रतिक्रिया देते हैं।झारखंड में लोकसभा के 14 सांसद मुस्लिम 0 झारखंड विधानसभा में विधायक 81 मुस्लिम 4 जेएमएम विधायक 34 हैं कांग्रेस पार्टी 16 राष्ट्रीय जनता दल 4 सीपीआई 2 कुल 56 झारखंड में राज्यसभा की चुनाव 2 सीटों पर 1 राज्यसभा के लिए 27 विधायक की जरूरत है जबकी कांग्रेस जेएमएम सीपीआई आरजेडी के पास कुल 56 2 राज्यसभा जीतने के लिए 54 विधायक की जरूरत से 2 ज्यादा है कांग्रेस जेएमएम सीपीआई आरजेडी चाहे तो झारखंड से मुस्लिम राज्यसभा संसद आसान से बन जाएगी लेकिन ये लोग ऐसा करेंगे नहीं क्यू की वोट हमारा प्रतिनिधि किसी और का आपकी विकास पार्टी यह मांग करती है कि कांग्रेस जेएमएम सीपीआई आरजेडी समर्थन दे कर झारखंड से मुस्लिम राज्यसभा संसद को मनोनीत किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### बनपोक मे डीजे बजने को लेकर दो पक्षो मे जमकर हुई मारपीट, एक वृद्ध महिला हुई घायल



**मरकच्चो :** होली के मौके पर बुधवार देर शाम नवलशाही थाना क्षेत्र अंतर्गत बनपोक मे एक घर के समीप डीजे बज रहा था वहीं रास्ते से दूसरे पक्ष के लोग डीजे बजाते हुए जा रहे थे इसी दौरान रास्ते के लिए दोनों पक्षों में जमकर मारपीट और पत्थरबाजी हो गई। जिसमे दोनों पक्षों से महिला-पुरुष समेत करीब एक दर्जन लोग घायल हो गए हैं। विवाद इतना बढ़ गया कि एक दूसरे पर लाठी डंडे से वार करने लगे। इसी बीच भीड़ में किसी ने पत्थरबाजी शुरू कर दी। देखते ही देखते पूरा गांव रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही नवलशाही थाना की पुलिस उक्त गांव पहुंची और मामले को शांत करवाया। इधर दोनों पक्षों के विरुद्ध दर्जन भर से अधिक नामजद और अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कराया गया है। वहीं दोनों डीजे भी जब्त किया गया। इस घटना में शामिल दोनों पक्षों से 8 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है. जिसमे 1) धरगांव के ऊप मुखिया नारायण साव पिता मथुरा साव, 2) कमलेश साव पिता स्व. पारो साव, 3) मुन्ना साव पिता सहदेव साव, 4) सोनू साव पिता दाशी साव, 5) पिंटू गिरी पिता अर्जुन गिरी, 6) प्रयाग साव पिता बाजो साव, 7) चेतलाल साव पिता बुधन साव, 8) राजेश साव पिता पूना साव सभी ग्राम बनपोक, थाना नवलशाही निवासी शामिल है।

### खपरैल मकान की छत ढहने से एक ही परिवार के चार लोग दब गए, सभी घायल




**मरकच्चो :** मरकच्चो थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नावाडीह1 में 3 मार्च की शाम एक खपरैल मकान की छत ढहने से एक ही परिवार के चार लोग दब गए। इस हादसे में गृह स्वामी भुनेश्वर रविदास पिता कृति रविदास की पत्नी व उसके तीनों बच्चे घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर मरकच्चो पुलिस पहुंची और घायलों को इलाज हेतु नजदीकी क्लीनिक भेजवाया। गृहस्वामी की पत्नी चंपा देवी उम्र 38 वर्ष पति भुनेश्वर रविदास ने बताया कि चन्द्र ग्रहण लगने के बाद हम अपने कच्चा मकान में बेटा राजवीर रविदास उम्र 16 वर्ष, बेटी अंशु कुमारी उम्र वर्ष, ऋतिक कुमार उम्र 9 वर्ष के साथ खाना बना रही थी। इसी दौरान अचानक मेरा मकान का खपरैल वाला छत भर - भार कर हम सभी पर गिर गया और हमलोग दब गए। छत गिरने के बाद हमलोग हो हल्ला करने लगे जिसके बाद मेरी गोतनी के बच्चे और आस पड़ोस आए और हम सभी को मलवे से निकले। पीड़िता ने कहा खपरैल वाला छत गिरने से घर में रखें बर्तन, अनाज,कपड़ा, चूल्हा समेत घर सारा सामान दब गया ।पीड़िता ने बताया कि उसके पास रहने के लिए मात्र एक ही कमरा का घर है जिसमें वह अपने बच्चों के साथ रहती हैं ।जिसका छत से बारिश में पानी टपकता है। उसने यह भी कहा हम अपने पति के साथ कई बार पंचायत सचिवालय तथा प्रखंड मुख्यालय का चक्कर लगाई,मगर कोई अधिकारी हमारी सूझ बुझ नही लिए। जानकारी हो कि भुनेश्वर रविदास कोलकाता में दिहाड़ी मजदूरी करता है।

### विधायक डॉ नीरा यादव ने खेली होली, लोगों से मिलकर दी बधाई




**कोडरमा :** कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव ने होली पर लोगों को अबीर लगाया और बधाई दी। उन्होंने मौजूद लोगों के साथ फूलों की होली खेली और लोगों को अबीर-गुलाल लगाकर बधाई व शुभकामना दी। विधायक डॉ नीरा यादव ने आवास पर मिलन समारोह में अबीर लगाकर लोगों को होली की बधाई दी। वहां कोडरमा के नगर अध्यक्ष साजिद हुसैन, डोमचांच नगर अध्यक्ष उमेश वर्मा, विजय यादव, संजीव समीर, पंकज बर्णवाल, सत्येंद्र गौतम, राकेश पांडेय, बिनोद कुमार मुन्ना, सुदेश मोदी, महेंद्र प्रसाद यादव, धर्मेंद्र सिंह, रणजीत सिंह, राजेश सिंह, सुनील यादव, संजय पासवान, जयप्रकाश राम, सुरेंद्र भारती, मूरत राम, नरेंद्र सिंह, राजा सिंह, गोपी मल्होत्रा, विजय निषाद, अविनाश चंद्रवंशी, दीपनारायण सिंह, बिरेश्वर सिंह, मुन्ना सिंह समेत काफी संख्या में लोग पहुंचे और होली की बधाई दी।

### होली मिलन समारोह का हुआ आयोजन



**कोलेबिरा :** प्रखंड क्षेत्र के शाहपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य लोगों और ग्रामीणों की उत्साहपूर्ण भागीदारी रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुनेश्वर तिर्की उपस्थित रहे। उनके साथ महेश सिंह सहित कई ग्रामीण भी समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे, प्रेम और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने सभी से समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। अंत में सभी ने सामूहिक रूप से होली मिलन समारोह का आनंद लिया और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की।

### भाजपा नेता रामेश्वर सिंह की मौत के विरोध में जलडेगा बंद, सड़कों पर उतरे लोग



**जलडेगा :** प्रखंड में अस्पताल प्रबंधन की कथित लापरवाही से भाजपा नेता सह समाजसेवी रामेश्वर सिंह की असामयिक मौत के विरोध में गुरुवार को संपूर्ण बंद और चक्का जाम किया गया। सुबह होते ही भाजपा कार्यकर्ता और विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग सड़कों पर उतर आए और बंद को सफल बनाने में जुट गए। बंद समर्थकों ने मुख्य सड़कों पर अलाव जलाकर वाहनों की आवाजाही रोक दी। कई स्थानों पर प्रदर्शनकारी सड़क पर खड़े होकर आने-जाने वाले वाहनों को वापस लौटाते नजर आए। प्रदर्शनकारियों का आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन की गंभीर लापरवाही के कारण ही रामेश्वर सिंह की जान गई। उनका कहना है कि जब तक दोषियों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

एक नजर

## उपायुक्त ने न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद का किया स्वागत



**सिमडेगा :** माननीय न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद, न्यायाधीश, उच्च न्यायालय छत्तीसगढ़, बिलासपुर अपने भ्रमण कार्यक्रम के तहत जशपुर मार्ग से सिमडेगा पहुंचे। परिसदन भवन, सिमडेगा में उपायुक्त कंचन सिंह ने उनसे औपचारिक भेंट कर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर सिमडेगा जेएसएलपीएस की 'पलाश दीदी' द्वारा निर्मित उपहार भी उन्हें भेंट की।

## एसपी आवास परिसर में भव्य होली मिलन समारोह का किया गया आयोजन



**सिमडेगा :** पुलिस अधीक्षक आवास परिसर में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक, महोदय सिमडेगा, वरीय पुलिस उपाधीक्षक (मु0), अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी सिमडेगा, जिले के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक–दूसरे को रंग–गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोदय ने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, एकता एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने सभी को कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन के साथ दायित्वों का निर्वहन करते हुए समाज में शांति एवं कानून–व्यवस्था बनाए रखने का आह्वान किया।

## पंचायत के बलसेरा टोला में धूमधाम से मना होली रंग उत्सव

**ठेठईटांगर :** प्रखंड अंतर्गत कोरोमियाँ पंचायत के बलसेरा टोला में होली रंग उत्सव के पावन अवसर पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन बड़े उत्साह और उमंग के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित धनेश्वर दास द्वारा विधि–विधानपूर्वक पूजा–अर्चना कर किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और उल्लास का संगम दिखाई दिया। कार्यक्रम अध्यक्ष हरचन्द सिंह ने स्वागत भाषण देते हुए सभी अतिथियों एवं ग्रामीणों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

# रामगढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी का गोला में भव्य स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**गोला :** रामगढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता कुमारी का गुरुवार को गोला स्थित डाक बंगला परिसर में पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय लोगों ने गर्मजोशी के साथ भव्य स्वागत किया। इससे पहले कुसुमलता कुमारी ने नेमरा पहुंचकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन से मुलाकात कर नगर परिषद रामगढ़ की अध्यक्ष निर्वाचित होने पर आशीर्वाद प्राप्त किया। नेमरा से लौटने के दौरान कुसुमलता कुमारी गोला डाक बंगला परिसर पहुंचीं, जहां पहले से मौजूद पार्टी नेताओं और कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया। इस दौरान रामगढ़ विधायक ममता देवी, पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने उन्हें जीत की बधाई दी और उनके नेतृत्व में नगर परिषद के बेहतर विकास की उम्मीद जताई। कार्यक्रम के दौरान कुसुमलता कुमारी ने कहा कि इस जीत का पूरा श्रेय क्षेत्र की देवतुल्य जनता और पार्टी के समर्पित कार्यकताओं को जाता है। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास और समर्थन के कारण ही उन्हें यह जिम्मेदारी मिली है, जिसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए लगातार प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि उनका लक्ष्य रामगढ़ नगर परिषद को भ्रष्टाचार मुक्त बनाना और पारदर्शी व्यवस्था स्थापित करना है। इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों और कार्यकताओं के सहयोग से बेहतर प्रशासनिक व्यवस्था विकसित की जाएगी, ताकि आम लोगों को योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। इस अवसर पर अमित महतो, कांग्रेस पार्टी गोला प्रखंड अध्यक्ष संतोष सोनी, स्वास्थ्य प्रतिनिधि रामगढ़ कमलेश कुमार महतो, हितलाल मुंडा, दिनेश मुंडा, मगनपुर पंचायत के उपमुखिया अकबर अंसारी सहित कई कार्यकर्ता और स्थानीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने कुसुमलता कुमारी को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र में विकास की नई दिशा देखने को मिलेगी।

## स्व शक्ति महतो स्मृति मेला में बाई नाच का जलवा, उमड़ी दर्शकों की भीड़



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कुकड़ू :** सरायकेला-खरसावां जिले के कुकड़ू प्रखंड अंतर्गत बुरुडीह में आयोजित स्व. शक्ति पद महतो स्मृति मेला में पारंपरिक बाई नाच का शानदार आयोजन किया गया। मंगलवार को फॉरेस्ट ऑफिस के सामने आयोजित इस कार्यक्रम में बाई नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।कार्यक्रम में केनदरि आड़सा की ज्योत्सना देवी तथा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिला अंतर्गत कोटशिला की पविता देवी ने पारंपरिक बाई नृत्य प्रस्तुत कर लोगों की खूब तालियां बटोरीं। बाई नाच इस क्षेत्र की लोक संस्कृति से जुड़ा महत्वपूर्ण पारंपरिक नृत्य है, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में लोग मेले में उमड़ पड़े। स्वर्गीय शक्ति पद महतो की स्मृति में आयोजित इस मेले में पारंपरिक मुर्गा पाड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं निर्धारित नियमों के तहत संपन्न हुआ।आयोजन को सफल बनाने में कुकड़ू प्रखंड झामुमो कमेटी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कृत्तिवास महतो, मुखिया मजीद सिंह, युधिष्ठिर माझी, श्याम चांद महतो, झारखंड युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सूर्यकांत महतो, जहर लाल महतो, चंद्र मोहन महतो, डॉक्टर बादल कुमार, समेत सैकड़ों दर्शक उपस्थित थे।

## जंगली हाथी की हमले से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल, एमजीएम अस्पताल में भर्ती

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**ईचागढ़ :** ईचागढ़ थाना अंतर्गत आदरडीह गांव के जंगल में आदरडीह निवासी अमूल्य महतो, उम्र- 43 वर्ष को जंगली हाथी ने बुधवार दोपहर लगभग 12 बजे अपने चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और घायल व्यक्ति को आदरडीह स्थित एक निजी क्लीनिक पर लाया गया, जहां से ग्रामीणों की सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ईचागढ़ भेजा गया। जँहा से बेहतर चिकित्सा हेतु एमजीएम हॉस्पिटल जमशेदपुर भेजा गया। वही वन विभाग के द्वारा इलाज के लिए घायल व्यक्तियों के परिवार वालों को नगद दस हजार रु की आर्थिक सहायता किया। ग्रामीणों के अनुसार दो जंगली हाथी आसपास के जंगलों में भटक रहे थे, इस बीच अमूल्य महतो बुधवार को अपना बकरी, गाय, बैल को चराने के लिए जंगल की ओर ले गए थे। इसी समय अचानक दो जंगली हाथियों से भिड़ंत हो गई जिससे अमूल्य महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने वन विभाग से मांग किया है कि जल्द से जल्द इस क्षेत्र से जंगली हाथियों को भगाया जाए ,अन्यथा उग्र आंदोलन करने की चेतावनी दी है। दिनदहाड़े हाथी द्वारा लोगों के ऊपर आक्रमण हो रहे है जिससे ग्रामीण डरे सहमें हुए है एवं वन विभाग के प्रति ग्रामीणों में आक्रोश देखा जा रहा है। हाथी ने अमुल्य महतो का गले में दांत से मारकर घायल कर दिया है।

## पूर्व सैनिक नायब सूबेदार गोपाल सिंह का निधन, कैंसर से जंग हारने के बाद सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** भारतीय सेना से सेवानिवृत्त नायब सूबेदार गोपाल सिंह का 5 मार्च 2026 को निधन हो गया। वे वर्ष 1997 में सेना की रिमाउंट एंड वेटरनरी कोर से सेवानिवृत्त हुए थे। पिछले कुछ समय से वे प्रोस्टेट और लिवर कैंसर से पीड़ित थे और रांची स्थित राज हॉस्पिटल में उनका इलाज चल रहा था। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई। सेना से सेवानिवृत्ति के बाद गोपाल सिंह केनरा बैंक में कार्यरत रहे और लंबे समय तक अपनी सेवाएं दीं। अपने अनुशासित जीवन, सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्तित्व के कारण वे समाज में काफी सम्मानित और लोकप्रिय थे। उन्होंने अपने जीवन में हमेशा सेवा और कर्तव्य को प्राथमिकता दी, जिसके कारण लोग उन्हें एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में देखते थे। उनके निधन के बाद पूर्व सैनिकों के संगठन एबीपीएसएसपी रामगढ़ की ओर से उनके सम्मान में श्रद्धांजलि सभा और पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान संगठन के सदस्य और अन्य पूर्व सैनिक उनके आवास पहुंचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके जीवन और योगदान को याद किया। कार्यक्रम के दौरान संगठन के सदस्यों ने उन्हें पूरे सैन्य सम्मान के साथ राष्ट्रीय ध्वज में लपेटकर अंतिम विदाई दी। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की। इसके बाद पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए दामोदर गांधी घाट ले जाया गया, जहां पूरे धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, स्थानीय लोग और शुभचिंतक शामिल हुए और सभी ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी।

## जिले में शांति और भाईचारे के साथ मनाई गई होली



**रामगढ़ :** रंगों का पर्व होली रामगढ़ जिले में पूरे उत्साह, उमंग और सौहार्दपूर्ण वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। जिले में आम लोगों से लेकर खास लोगों तक सभी पर रंग और गुलाल का खुमार छाया रहा। लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर और गले मिलकर होली की शुभकामनाएं दीं। शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों तक हर जगह उत्सव का माहौल देखने को मिला। होली से एक दिन पहले देर रात लगभग 12 बजे विभिन्न स्थानों पर परंपरा के अनुसार होलिका दहन किया गया। होलिका दहन के बाद धार्मिक मान्यता के अनुसार सूतक काल समाप्त होने पर बुधवार को पूरे जिले में रंगों का त्योहार मनाया गया। सुबह लोग होलिका दहन स्थल से राख लेकर अपने घरों और परिचितों को तिलक लगाते नजर आए। इसके बाद स्नान कर लोगों ने अपने आराध्य देवी-देवताओं को रंग और गुलाल अर्पित किया।

संक्षिप्त खबरें

## बेल्टांड चौक में पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का जोरदार स्वागत



**पटमदा :** पटमदा के बेल्टांड चौक में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का गर्मजोशी के साथ माला पहनाकर स्वागत किया इस दौरान भाजपा के पूर्व प्रत्याशी मुचिराम बाउरी ने बताया कि बंगाल दौरे में जाने के क्रम में भाजपा कार्यकताओं के द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा का माला पहनाकर गर्मजोशी के साथ सभी ने स्वागत किया।उन्होंने पार्टी के सभी कार्यकताओं को पार्टी को मजबूती प्रदान करने सही सभी पुराने कार्यकताओं को भी सक्रिय करने की बात कही।इस दौरान मुख्य रूप से पूर्व प्रत्याशी मुचिराम बाउरी,वरिष्ठ भाजपा नेता शरत सिंह सरदार, मुखिया कृष्ण पद सिंह,गिरजा प्रसाद मिश्रा,मंटू दत्ता,मंडल अध्यक्ष वासुदेव मंडल,चंदन सिंह, राखोहरी सिंह,पशुपति सिंह,किशोर सिंह,निरंजन,शांतनु सहित कई कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

## पटमदा बोड़ाम में उल्लास के साथ मना रंगों का त्यौहार होली



**पटमदा :** पटमदा और बोड़ाम प्रखंड में रंगों का त्यौहार होली उल्लास के साथ मनाया गया। नन्हे बच्चे,युवा,वयस्क,बुद्ध सभी ने हर्ष उल्लास के साथ मनाया। गिले शिकवे भूलकर भाईचारा के साथ एक दूसरे को रंग लगाकर एक दूसरे को पूवा पकवान खिलाकर मनाया। पटमदा के पूर्ण सिंह ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में भी युवाओं ने रंगों का त्यौहार होली काफी धूमधाम से मनाया। वही कमलपुर थाना में शांति समिति के। सभी सदस्यों ने थाना प्रभारी अशोक कुमार के साथ होली का त्यौहार मनाकर। एक दूसरे को गुलाल लगाया।इस दौरान अध्यक्ष शंभू दास,आलोक केडिया,इंद्रजीत,रवि महतो सहित कई ग्रामीण युवा सहित सभी पुलिस कर्मी उपस्थित थे।

## कांग्रेस का होली मिलन सह सम्मान समारोह नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का हुआ अभिनंदन



**रामगढ़ :** रंगों के पर्व होली के अवसर पर रामगढ़ जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से होटल ला मेरिटल में होली मिलन सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला अध्यक्ष सह रामगढ़ विधायक ममता देवी ने किया। समारोह में रामगढ़ नगर परिषद की नवनिर्वाचित अध्यक्ष कुसुमलता मुंडा तथा अन्य नवनिर्वाचित वार्ड पार्षदों का स्वागत और अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम उत्साह, भाईचारे और आपसी सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकताओं ने एक–दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में सभी ने मिलकर आपसी एकता, प्रेम और सद्भाव का संदेश दिया। समारोह के दौरान नेताओं ने कहा कि होली का त्योहार समाज में आपसी विश्वास, भाईचारे और प्रेम को मजबूत करने का अवसर देता है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ममता देवी ने कहा कि होली का पर्व समाज में प्रेम, विश्वास और आपसी सद्भाव का प्रतीक है। यह त्योहार लोगों को भेदभाव भूलकर एक–दूसरे के करीब आने और भाईचारे को मजबूत करने का संदेश देता है।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 78 / 2025-26

1 विज्ञापन दाता का नाम– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
2 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय– 13-03-2026 को अप0 12.00 बजे तक।
3 निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय– 14-03-2026 के अप0 2.30 बजे तक।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय– 14-03-2026 के अप0 3.00 बजे से।
5 परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान – (i) अधीक्षण अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं–2, राँची का कार्यालय। (ii) कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल सिमडेगा।
6 निविदा प्राप्ति का स्थान– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन प्रमंडल, सिमडेगा।
7 कार्य विवरणी :–

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost | Earnest Money | B.O.Q Cost | Time Of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Painting of Outer Parts of PHC Building and Construction Cattel Trap at Salgaposh Thethaitangar Block in Simdega. | 3,99,900.00 | 8,000.00 | 750.00 | 01 (One) Month |
| 2 | Painting of Outer Parts of PHC Building and Boundary Wall at Bambalkera Thethaitangar Block in Simdega. | 3,99,900.00 | 8,000.00 | 750.00 | 01 (One) Month |

निविदा की शर्तें– WWW.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
भवन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 374129 (East Singhbhum) 25-26 (D)



कार्यालय:– जिला अभियंता, लातेहार।
अल्पकालीन ई–निविदा आंमत्रण सूचना
ई0–संख्या– ZP/LATEHAR- 35/2025-26
कार्य का नाम:–

| क्र | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | NIT रेफरेन्स संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिला परिषद कार्यालय भवन का निर्माण। | 8,08,12,524 | 16,16,300 | 10,000 | 11 माह | 01/2025-26 /ZP/LATEHAR |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 10.03.2026
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–21.03.2026, 5.00 बजे अपराहन् तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय:–23.03.2026 अपराहन 11:00 बजे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तदनुसार परिमाण विपत्र का 02 प्रतिशत राशि अग्रधन की राशि के रूप में जमा करना होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार किया जाएगा।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जाएगा उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी।
7. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– जिला अभियंता, लातेहार।
8. ई–निविदा प्रकोश्ठ का दूरभाश संख्या– 93347–02381
9. प्राक्कलित राशि बढ़ या घट सकती है।
10. उक्त निविदा में जिला परिशद, लातेहार में निबंधित समुचित श्रेणी के संवेदक निविदा में भाग ले सकते है।
11. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtendres.gov.in पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
लातेहार।

PR 374106 Rural Development(25-26)D


# रमजान में किन्नर समाज ने पेश की मानवता की मिसाल, 200 जरूरतमंद परिवारों को दी मदद

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**भुरकुंडा :** रमजान के पवित्र और रहमत भरे महीने में भुरकुंडा किन्नर समाज ने मानवता और सामाजिक जिम्मेदारी की अनोखी मिसाल पेश की। किन्नर समाज ने गुरु अरुणा किन्नर के नेतृत्व में क्षेत्र के लगभग 200 गरीब और जरूरतमंद परिवारों के बीच कपड़ों का वितरण किया तथा घर के आवश्यक सामान खरीदने के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान की। इस पहल से जरूरतमंद परिवारों के चेहरों पर खुशी और राहत साफ दिखाई दी। कार्यक्रम के दौरान किन्नर समाज के सदस्यों ने बताया कि रमजान का महीना आपसी भाईचारे, करुणा और जरूरतमंदों की मदद करने का संदेश देता है। इसी भावना को ध्यान में रखते हुए समाज के कमजोर और आर्थिक रूप से परेशान परिवारों की सहायता करने का निर्णय लिया गया। उन्होंने कहा कि समाज में कई ऐसे परिवार हैं जो रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करने में भी कठिनाई का सामना करते हैं, इसलिए ऐसे लोगों की मदद करना हर सक्षम व्यक्ति की जिम्मेदारी है।

गुरु अरुणा किन्नर ने कहा कि इंसानियत से बड़ा कोई धर्म नहीं होता। जरूरतमंदों की मदद करना ही सच्ची सेवा है। उन्होंने कहा कि किन्नर समाज हमेशा से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेता रहा है और आगे भी ऐसे मानवीय कार्य करता रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग को जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आना चाहिए, ताकि किसी भी व्यक्ति को अभाव में जीवन न जीना पड़े। मदद प्राप्त करने वाले गरीब परिवारों ने किन्नर समाज और अरुणा किन्नर के प्रति आभार जताया। लोगों ने कहा कि इस तरह की पहल समाज में एक सकारात्मक संदेश देती है और दूसरों को भी जरूरतमंदों की मदद के लिए प्रेरित करती है।

कार्यक्रम के दौरान किन्नर समाज के कई सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने मिलकर जरूरतमंद परिवारों तक सहायता पहुंचाने में सहयोग किया। इस सराहनीय पहल की क्षेत्र में व्यापक चर्चा हो रही है और लोग किन्नर समाज के इस मानवीय प्रयास की प्रशंसा कर रहे हैं।

# केंद्र की राजनीति में नीतीश बिहार बेटे के हवाले!

बिहार के लंबे समय से मुख्यमंत्री नितीश कुमार ने राज्यसभा का रास्ता पकड़ लिया है। उनकी जीत निश्चित मानी जा रही है क्योंकि जनता दल यूनाइटेड के पास पर्याप्त विधायक संख्या है। इस फैसले ने पार्टी में भारी हलचल मचा दी है। कार्यकर्ता जगह-जगह प्रदर्शन कर रहे हैं और नितीश को ही मुख्यमंत्री बनाए रखने के नारे लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री आवास के बाहर सैकड़ों समर्थक इकट्ठा हो गए और उन्होंने साफ कहा कि नितीश के अलावा कोई स्वीकार्य नहीं। जनता दल यूनाइटेड के कार्यकताओं का गुस्सा सड़कों पर उतर आया है। पटना में मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया गया और हिलसा के विधायक को भी रोक लिया गया। कार्यकताओं का आरोप है कि कुछ लोग साजिश रच रहे हैं।पार्टी नेता विजय चौधरी ने कहा कि राज्यसभा जाने का फैसला नीतीश का अपना है। उन्होंने कार्यकताओं से संयम बरतने की अपील की लेकिन हलचल थमने का नाम नहीं ले रही। एक तरफ युवा कार्यकर्ता निशांत कुमार के प्रवेश का स्वागत कर रहे हैं वहीं पुराने साथी नीतीश की विदाई से दुखी हैं।

नीतीश ने फेसबुक पर लिखा कि संसदीय जीवन से ही राज्यसभा सदस्य बनने की इच्छा थी। उन्होंने बिहारवासियों को भरोसा दिलाया कि विकसित बिहार बनाने का संकल्प कायम रहेगा और नई सरकार को पूरा सहयोग देंगे। कई लोग इसे बीजेपी की दबाव की राजनीति का नतीजा बता रहे हैं। गठबंधन में भाजपा की संख्या अधिक होने से नया मुख्यमंत्री उनका हो सकता है। सम्राट चौधरी या नित्यानंद राय जैसे नाम चर्चा में हैं। लेकिन दूसरा पहलू परिवार को मजबूत करने का लगता है। नीतीश की उम्र सत्तर पार कर चुकी है और स्वास्थ्य समस्याएं लगातार घेरे रहती हैं। मेदांता अस्पताल में रूटीन चेकअप की खबरें आती रहती हैं। ऐसे में इंजीनियर बेटे निशांत को बिहार राजनीति में स्थापित करने की तैयारी है। पार्टी नेता श्रवण कुमार ने कहा कि युवाओं की मांग पर निशांत का प्रवेश तय हो गया। एक-दो दिन में घोषणा होगी। निशांत को डिप्टी मुख्यमंत्री बनाने की चर्चा तेज है ताकि बिहार में जड़ें मजबूत हों। भाजपा नेता दिलीप जायसवाल ने भी नई पीढ़ी के प्रवेश का स्वागत किया।

नितीश के राज्यसभा जाने से बिहार की सियासत पूरी तरह बदल जाएगी। एनडीए में भाजपा का दबदबा बढ़ेगा और शायद पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बने। जेडीयू का प्रभाव कम होगा लेकिन निशांत के नेतृत्व से नई ऊर्जा आएगी। विपक्षी दल जैसे राष्ट्रीय जनता दल को मौका मिलेगा। वे वंशवाद का आरोप लगाकर हमला बोलेंगे क्योंकि नीतीश हमेशा वंशवाद के खिलाफ रहे। लेकिन युवा मतदाता निशांत को स्वीकार कर सकते हैं क्योंकि वे शिक्षित और तकनीकी पृष्ठभूमि के हैं। केंद्र में नितीश की भूमिका मजबूत होगी। वे सामाजिक न्याय और विकास के मुद्दों पर बोल सकेंगे। बिहार को केंद्र से अधिक फंड मिलने की संभावना बढ़ेगी। लेकिन राज्य में अस्थिरता आ सकती है अगर कार्यकताओं का विरोध बढ़ा। नया मुख्यमंत्री चुनने की प्रक्रिया तेज होगी। भाजपा विधायक दल नेता सम्राट चौधरी मजबूत दावेदार हैं जिनके पास वित्त और गृह जैसे विभाग हैं। विजय चौधरी भी दौड़ में हैं। निशांत डिप्टी बनकर संतुलन बनाए रखेंगे। यह बदलाव लंबी रणनीति का हिस्सा लगता है। नितीश राष्ट्रीय स्तर पर सक्रिय रहेंगे जबकि बिहार में नई पीढ़ी सत्ता संभालेगी। कार्यकर्ताओं को मनाने के लिए पार्टी मंथन कर रही है। आने वाले दिनों में साफ हो जाएगा कि बिहार की कुर्सी किसकी होगी।

## सूडोकु नवताल- 7725

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 4 | | | 7 |
| | | | | | 7 | 9 | | |
| 8 | | | | | | | | |
| 4 | | 5 | 8 | | | | | |
| 3 | | | | 1 | | | | 2 |
| | | | | | 9 | 7 | | 6 |
| | | | | | | | | 4 |
| | | 3 | 5 | | | | | |
| 2 | | | 6 | | | | 8 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7724 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 5 | 2 | 6 | 3 | 1 | 4 | 9 |
| 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 5 | 8 | 2 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 | 3 |
| 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 9 | 5 | 7 | 2 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 2 | 4 | 6 | 3 | 1 |
| 6 | 7 | 2 | 5 | 3 | 1 | 9 | 8 | 4 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 9 | 6 | 4 | 1 | 8 |
| 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 2 | 3 | 9 | 7 |
| 8 | 9 | 3 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 5 |

# बिहार की राजनीति में सत्ता परिवर्तन से जुड़े सवाल

ललित गर्ग



बिहार की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक मोड़ उस समय सामने आया जब राज्य के लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे नीतिश कुमार ने मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा जाने का निर्णय स्वीकार किया और इसके लिए नामांकन भी दाखिल कर दिया। उनके नामांकन के अवसर पर देश के गृह मंत्री अमित शाह का पटना पहुँचना भी इस राजनीतिक घटनाक्रम को और अधिक महत्वपूर्ण बना देता है। लगभग दो दशकों तक बिहार की राजनीति के केंद्र में रहे नीतीश कुमार का यह निर्णय केवल एक व्यक्तिगत राजनीतिक निर्णय नहीं है, बल्कि बिहार की सत्ता और राजनीति के स्वरूप में आने वाले बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। यह घटनाक्रम ऐसे समय में सामने आया है जब बिहार की राजनीति पहले से ही गठबंधनों, समीकरणों और सत्ता-संतुलन के दौर से गुजर रही है। इस निर्णय के साथ यह स्पष्ट हो गया कि बिहार की राजनीति एक नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। यह परिवर्तन जहां एक ओर नई संभावनाओं का संकेत देता है, वहीं दूसरी ओर कई सवाल भी खड़े करता है, क्या यह जनादेश का सम्मान है या उससे विचलन? क्या यह बिहार के लिए नई दिशा का मार्ग है या राजनीतिक रणनीति का एक नया अध्याय?

नीतिश कुमार को लंबे समय से ह्लसुशासन पुरुषह्व के रूप में जाना जाता रहा है। उन्होंने बिहार को लंबे समय तक स्थिर राजनीतिक नेतृत्व दिया और शासन व्यवस्था को कई स्तरों पर व्यवस्थित करने का प्रयास किया। सड़कों, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, पंचायत सशक्तिकरण और प्रशासनिक सुधार जैसे अनेक क्षेत्रों में उनके कार्यों की चर्चा होती रही है। उनके शासनकाल में बिहार ने अराजकता और अपराध की छवि से बाहर निकलकर विकास और स्थिरता की ओर कदम बढ़ाने का प्रयास किया, इसलिए उनका मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की ओर जाना केवल एक पद परिवर्तन नहीं, बल्कि राजनीतिक भूमिका के पुनर्निर्धारण के रूप में भी देखा जा रहा है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को अधिक व्यापक बनाने के लिए यह कदम उठाया गया है, जबकि कुछ इसे बिहार की सत्ता में नई पीढ़ी और नए नेतृत्व को अवसर देने की रणनीति के रूप में भी देखते हैं। बिहार में अपेक्षित संभावनाएं पूरी तरह आकार नहीं ले पायी, इसलिये भी भाजपा खुद का मुख्यमंत्री लाकर बिहार को विकास से जोड़ना चाहती है।

नीतिश कुमार के इस निर्णय के बाद विपक्षी दलों ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। विपक्ष का आरोप है कि विधानसभा चुनाव में जनता ने नीतिश कुमार के नेतृत्व में सरकार बनाने के लिए वोट दिया था और पाँच वर्षों के जनादेश के बीच में मुख्यमंत्री पद छोड़ना जनता के विश्वास के साथ न्याय नहीं है। विपक्षी दलों का यह भी कहना है कि यह निर्णय राजनीतिक समीकरणों का परिणाम है और इसमें जनता की भावना को पर्याप्त महत्व नहीं दिया गया। कुछ विपक्षी नेताओं ने इसे ह्लजनादेश के साथ खिलवाड़ह्व और ह्लराजनीतिक समझौते की राजनीतिह्व करार दिया है। उनका तर्क है कि यदि मुख्यमंत्री बदलना ही था तो जनता के पास फिर से जाने का रास्ता अपनाया जाना चाहिए था। इस प्रकार यह बहस केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नैतिकता की भी बन गई है।

दूसरी ओर, इस पूरे घटनाक्रम को भाजपा की दीर्घकालिक रणनीति के रूप में भी देखा जा रहा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि भाजपा बिहार में अपनी स्वतंत्र राजनीतिक पहचान को और अधिक मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। यदि राज्य में भाजपा का मुख्यमंत्री आता है, तो यह बिहार की राजनीति के लिए एक नया अध्याय हो सकता है। भाजपा लंबे समय से यह दावा करती रही है कि वह राज्य में विकास, सुशासन और अपराध-मुक्त प्रशासन को और अधिक प्रभावी रूप में लागू करना चाहती है। पार्टी के नेताओं का कहना है कि बिहार में विकास की गति को और तेज करने, निवेश को बढ़ाने, रोजगार के अवसर पैदा करने और प्रशासनिक व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी बनाने के लिए नई नेतृत्व संरचना की आवश्यकता है। किसी भी लोकतंत्र में सत्ता परिवर्तन एक सामान्य और आवश्यक प्रक्रिया होती है। यह परिवर्तन यदि लोकतांत्रिक ढंग से और राजनीतिक सहमति के साथ होता है, तो यह व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाता है। बिहार में पिछले दो दशकों में राजनीतिक स्थिरता अपेक्षाकृत बनी रही है और इसका एक बड़ा श्रेय नीतिश कुमार के नेतृत्व को दिया जाता है। अब जब वह सक्रिय प्रशासनिक भूमिका से हटकर संसदीय राजनीति की ओर जा रहे हैं, तो यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि नया नेतृत्व उस स्थिरता को किस प्रकार बनाए रखता है। सत्ता परिवर्तन का एक सकारात्मक पक्ष यह भी है कि इससे शासन व्यवस्था में नए विचार, नई ऊर्जा और नई प्राथमिकताएँ सामने आती हैं। इस घटनाक्रम के साथ बिहार की राजनीति में नई पीढ़ी के प्रवेश और नेतृत्व परिवर्तन की चर्चा भी तेज हो गई है। कई राजनीतिक पर्यवेक्षक यह मानते हैं कि यह परिवर्तन केवल एक व्यक्ति या दल तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि आने वाले समय में राज्य की राजनीति के पूरे स्वरूप को प्रभावित करेगा। यदि नई नेतृत्व संरचना बिहार के विकास, रोजगार, शिक्षा और सामाजिक समरसता के मुद्दों पर प्रभावी ढंग से काम करती है, तो यह परिवर्तन राज्य के लिए लाभकारी सिद्ध हो सकता है। यदि सत्ता परिवर्तन के बाद नई सरकार इन अपेक्षाओं पर खरी उतरती है, तो यह निर्णय बिहार के लिए सकारात्मक परिणाम ला सकता है।

बिहार में प्रस्तावित सत्ता परिवर्तन को भाजपा एक व्यापक राजनीतिक और प्रशासनिक अवसर के रूप में देख रही है। पार्टी का मानना है कि लंबे समय से विकास, सुशासन, भ्रष्टावार-मुक्ति और सुरक्षा के जिन मुद्दों पर बिहार पिछड़ता रहा है, उन्हें एक निर्णायक नेतृत्व और कठोर प्रशासनिक इच्छाशक्ति के माध्यम से बदला जा सकता है। इस संदर्भ में कई लोग उत्तर प्रदेश का उदाहरण भी देते हैं, जहाँ योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद अपराध और माफिया पर कठोर कार्रवाई, प्रशासनिक अनुशासन और विकास योजनाओं के विस्तार ने राज्य की छवि और जनजीवन में उल्लेखनीय परिवर्तन लाने का प्रयास किया। इसी दृष्टि से बिहार में भी यह उम्मीद व्यक्त की जा रही है कि यदि भाजपा को स्पष्ट नेतृत्व का अवसर मिलता है, तो वह अपराध नियंत्रण, भ्रष्टाचार-मुक्ति, प्रशासनिक पारदर्शिता और विकास के नए मानक स्थापित करने की दिशा में काम कर सकती है। आज भी यह व्यापक धारणा व्यक्त की जाती है कि बिहार में शिक्षा, चिकित्सा, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में अपेक्षित गति से विकास नहीं हो पाया है और कई क्षेत्रों में अपराध तथा असुरक्षा की भावना जनजीवन को प्रभावित करती रही है। ऐसे में यदि नई सरकार दृढ़ नीतियों के साथ विकास, कानून-व्यवस्था और सामाजिक सुरक्षा को प्राथमिकता देती है, तो यह सत्ता परिवर्तन राज्य के लिए नई दिशा और नई दशा का वाहक बन सकता है। यही कारण है कि कुछ राजनीतिक विश्लेषक इसे बिहार के लिए संभावित अवसर के रूप में देखते हैं-एक ऐसा अवसर, जिसमें सुशासन, विकास और सुरक्षित जनजीवन की नई धारा प्रवाहित हो सकती है और राज्य प्रगति के एक नए अध्याय की ओर अग्रसर हो सकता है। बिहार की राजनीति में नीतिश कुमार का राज्यसभा की ओर जाना केवल एक राजनीतिक घटना नहीं, बल्कि एक बड़े परिवर्तन की शुरूआत है। इसमें जहाँ विपक्ष जनादेश के सवाल को उठा रहा है, वहीं सत्ता पक्ष इसे नए नेतृत्व और नई दिशा के अवसर के रूप में प्रस्तुत कर रहा है।

# पाकिस्तान, तुर्की और ईरान में चरमपंथ की उत्पत्ति और परिणाम

डॉ. पंकज जगन्नाथ जयस्वाल

ईरान, इजराइल, संयुक्त राज्य अमेरिका, अफगानिस्तान और पाकिस्तान के वर्तमान अशांति के अंतर्निहित कारणों और संभावित परिणामों की पूरी तरह से जांच और विश्लेषण आवश्यक है। मध्य पूर्व में इस्लामी देशों पर खमेनीई की हत्या और ईरान के हमले के प्रकाश में आतंकवाद, कट्टरपंथ और चरमपंथ को समझना महत्वपूर्ण है। जब किसी देश में अत्यधिक मजहबी चरमपंथ और ताकतवर बनने और दूसरों का दुरुपयोग करने की लालची और स्वार्थी इच्छा जागृत होती है, तो यह दुनिया को यह विचारधारा खतरे में डालती है। इसी वजह सें, लाखों लोगों की मृत्यु हो गई, प्राकृतिक संसाधनों का शोषण किया गया, आतंकवाद, नक्सलवाद, और युद्धों ने कई अर्थव्यवस्थाओं, समाजों और पर्यावरण को तबाह कर दिया। भविष्य में बढ़ने से रोकने के लिए, हमें अंतर्निहित कारण की पहचान करनी चाहिए और उचित कार्रवाई करनी चाहिए।

ईरान, पाकिस्तान और तुर्की द्वारा चरमपंथी धार्मिक कल्पनाएं दुनिया भर में उथल-पुथल का मुख्य कारण हैं। ये तीन देश युवा लोगों, आतंकवाद और विरोधी मान्यवादी लक्ष्यों के साथ हानिकारक विचारधाराओं को लागू करने के लिए अन्य देशों और धर्मों को खत्म करने के प्रयासों के बीच चरम इस्लाम के प्रसार के लिए ज़िम्मेदार हैं। यहां तक कि यदि ईरान, पाकिस्तान और तुर्की कई विषयों पर असहमत हैं लेकिन वे गैर-इस्लामी देशों में शरिया, उम्मा और इस्लामी चरमपंथ को लागू करने की अपनी इच्छा के बारे में बहुत स्पष्ट हैं। इस उद्देश्य के लिए वे आवश्यकतानुसार चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के साथ सहयोग करते हैं। ये देश सीरिया, इराक, यमन, रूस, इजराइल, भारत, चीन, कई यूरोपीय राष्ट्रों और संयुक्त राज्य अमेरिका में आतंकवाद के लिए ज़िम्मेदार हैं। लाखों निर्दोष लोगों को आतंकवादी समूहों द्वारा आतंकवादी समूहों, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा, लश्कर-ए-ताइबा, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और कई आतंकवादी संगठन समय के साथ उभरे। लाखों लोग, महिलाएं और बच्चे इनकी बर्बरता का निशाना बने।

आतंकवादी हिंसा के अधिकांश पीड़ित सामान्य नागरिक हैं। यह उन्हें अपने दैनिक अस्तित्व के बीच में पाता है, एक ऐसी जगह पर जहां किसी को भी अपनी सुरक्षा के लिए अनावश्यक तरीके सें सचेत नहीं होना चाहिए, किसी भी समय, कहीं भी। आतंकवादी और उनके आकाओं द्वारा निरंतर भेद्यता की एक असहनीय भावना सामने आई है। शांति कुछ दिनों, हफ्तों या यहां तक कि लंबे समय तक युद्ध की तरह दिखाई दे सकती है। अंतरराज्यीय हिंसा में कमी के तार्किक परिणाम के रूप में, लोकतांत्रिक दुनिया के लोगों को आतंकवादी हमलों से अधिक आघात होता है क्योंकि उन्हें अंतःस्थापित संस्कृति विरासत में मिली है। हालांकि, लोकतंत्र स्वतंत्रता और मानवाधिकारों पर स्थापित एक नरम राजनीतिक व्यवस्था है, वे भी अधिक शक्तिहीन हैं।

पाकिस्तान, ईरान और तुर्की ने कश्मीर घाटी में युवाओं को कट्टरपंथी बनाकर हजारों नागरिकों, पुलिस और सैन्य कर्मियों की हत्या की। कई कश्मीरी हिंदुओं की हत्या कर दी गई, यौन उत्पीड़न, दुर्व्यवहार किया गया, इस्लाम में परिवर्तित किया गया और अकेले 1990 में अपने घरों और संपत्तियों से भागने के लिए मजबूर किया, जो उनके जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी बनी। मानवीय अंतरराष्ट्रीय नेताओं को इन कट्टरपंथी, चरमपंथी और आतंकवादी निर्माण राष्ट्रों को एक सबक सिखाया जाना चाहिए। नीचे दी गई रिपोर्ट यह दशार्ती है कि इन कट्टरपंथियों ने नरसंहार और युद्धों के अलावा मानवता के लिए खतरा पैदा किया। इन्होंने दुनिया भर में आतंकवाद फैलाया, इस्लामी देशों में भी जहां हजारों मुस्लिम मारे गए हैं। यह आंकड़ा मुख्य रूप से हिंसा और युद्ध पीड़ितों की बजाय आतंकवादी हमलों की चिंता करता है, भले ही संख्या विभिन्न कारणों से वास्तविक संख्याओं से कम है।

डोमिनिक रेनी (निदेशक), फाउंडेशन फॉर द इनोवेशन ऑफ पॉलिटिकल, अक्टूबर 2024 की रिपोर्ट

1979-2024: विश्व में इस्लामी आतंकवादी हमले के अनुसार, 1979 और अप्रैल 2024 के बीच, विश्वभर में 66,872 इस्लामी हमले दर्ज किए। इन हमलों में कम से कम 249,941 लोगों की मौत हुई। इस्लामी आतंकवादियों का मुख्य निशाना सेना (34%) है, जो नागरिकों (27.7%) और पुलिस बलों (15.3%) से आगे है। 1979-2000: सेना (343 हमले, 15.6%), नागरिक (530 हमले, 24.1%), पुलिस बल (408 हमले, 18.6%)। 2001-2012: सेना (1,410 हमले, 17.1%), नागरिक (2,506 हमले, 30.3%), पुलिस बल (1,424 हमले, 17.2%)। 2013-अप्रैल 2024: सेना (20,556 हमले, 37.2%), नागरिक (15,111 हमले, 27.4%), पुलिस बल (8,217 हमले, 14.9%)।

यह ध्यान देने योग्य है कि ये आंकड़े वास्तविकता को कम करके आंकते हैं क्योंकि इनमें उन इस्लामी आतंकवादी हमलों को शामिल नहीं किया गया है जो गैर-मुस्लिम बहुसंख्यक देशों में हुए हैं जहां मुस्लिम आबादी कुछ प्रांतों में केंद्रित है। उदाहरण के लिए, दक्षिणी थाईलैंड में, जहां सतून, याला, पट्टानी और नाराथिवत प्रांतों में मुस्लिम बहुसंख्यक हैं, फिलीपींस में मिंडानाओ क्षेत्र में, भारत में जम्मू और कश्मीर प्रांत में, और चीन में उइघुर स्वायत्त क्षेत्र शिनजियांग में भी यही स्थिति है।

1990 के दशक के मध्य से दृश्यता का दायरा अभूतपूर्व हो गया। डिजिटल सार्वजनिक क्षेत्र के कारण आतंकवादी कृत्यों का प्रभाव दस गुना बढ़ गया। वेब के निरंतर समाचार फीड के साथ एकीकरण ने इस्लामी हिंसा के दुष्परिणामों को और भी गंभीर बना दिया। 1996 में शुरू हुआ अलजजीरा कतर का एक चैनल है जो लगभग 30 देशों में प्रसारित होता है और कुछ भाषाओं में सूचनात्मक वेबसाइटें बनाता है जो दुनिया भर के अधिकांश लोगों के लिए सुलभ हैं। इनमें से सबसे छोटे आतंकवादी संगठन भी संगठित होने, भर्ती करने, संवाद करने और दुष्प्रचार फैलाने के लिए सोशल मीडिया और अन्य सुरक्षित संदेश भेजने वाले ऐप्स का उपयोग कर सकते हैं। स्मार्टफोन इस श्रृंखला के अंत में स्थित व्यक्ति तक पहुंचता है, जिससे उन्हें सभी नेटवर्क तक पहुंच और इन शक्तिशाली उपकरणों पर महारत हासिल करने की क्षमता मिलती है। पारंपरिक मीडिया - एजेंसियां, टेलीविजन, रेडियो और प्रेस - हमेशा हमलों को कवर करते हैं, लेकिन वे अब सूचना के प्राथमिक स्रोत नहीं रहे। उत्पादन संबंधी जानकारी पूरी तरह से सार्वभौमिक सार्वजनिक मंच पर वितरित की जाती है। आज की जनसमूह पर अनेक मीडिया माध्यमों का प्रभाव है और वेब तथा स्मार्टफोन की बदौलत एक समाचार एजेंसी की ताकत है जिसके पास 28 लाख संवाददाता हैं। व्यक्तिगत मीडिया के इस युग में इस्लामी आतंकवाद फल-फूल रहा है। तस्वीरों की शक्ति, नेटवर्क की व्यापकता और एल्गोरिदम के हेरफेर के कारण कोई भी हमला मिनटों में पूरी दुनिया में फैल सकता है।

# वैश्विक राजनीति में नैतिकता, हस्तक्षेप और उत्तरदायित्व का सवाल

डॉ. प्रियंका सौरभ

बीसवीं सदी का मध्य मानव इतिहास का निर्णायक मोड़ था। जब संयुक्त राज्य अमेरिका ने अगस्त 1945 में जापान के नगर हिरोशिमा और नागासाकी पर परमाणु बम गिराए, तब केवल दो नगर नष्ट नहीं हुए बल्कि पूरी मानव सभ्यता ने अपनी ही निर्मित विनाशकारी शक्ति का भयावह स्वरूप देखा। लाखों लोग तत्काल मारे गए और असंख्य लोग विकिरण के दीर्घकालिक प्रभाव से वर्षों तक पीड़ित रहे। इस घटना ने द्वितीय विश्वयुद्ध को समाप्त करने में भूमिका निभाई, किंतु यह प्रश्न भी छोड़ गई कि क्या किसी भी परिस्थिति में इतना व्यापक संहार उचित ठहराया जा सकता है।

इसके बाद विश्व राजनीति ने एक नया रूप धारण किया। एक ओर संयुक्त राज्य अमेरिका था और दूसरी ओर सोवियत संघ। वैचारिक संघर्ष ने संसार को दो गुटों में विभाजित कर दिया। इसी पृष्ठभूमि में 1950 से 1953 तक चला कोरियाई युद्ध केवल कोरिया की भूमि का संघर्ष नहीं था बल्कि दो विचारधाराओं की टकराहट था। इस युद्ध ने कोरियाई प्रायद्वीप को स्थायी रूप से दो भागों में बाँट दिया और असंख्य परिवारों को पीड़ा दी।

इसके कुछ वर्षों बाद 1955 से 1975 तक चला वियतनाम युद्ध विश्व इतिहास के अत्यंत विवादास्पद संघर्षों में गिना जाता है। व्यापक बमवर्षा, रासायनिक पदार्थों का प्रयोग और ग्रामीण अंचलों का विध्वंस इस युद्ध की पहचान बन गए। इस संघर्ष ने न केवल वियतनाम को गहरी क्षति पहुँचाई, बल्कि संयुक्त राज्य अमेरिका के भीतर भी व्यापक जनविरोध और नैतिक मंथन को जन्म दिया।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में 2003 में आरंभ हुआ इराक युद्ध इस तर्क के साथ प्रारंभ किया गया कि वहाँ व्यापक विनाश के हथियार मौजूद हैं और विश्व सुरक्षा को गंभीर खतरा है। किंतु समय के साथ ऐसे हथियारों के स्पष्ट प्रमाण सामने नहीं आए। परिणामस्वरूप इराक की राजनीतिक संरचना अस्थिर हो गई, सांप्रदायिक हिंसा में वृद्धि हुई और पूरे क्षेत्र में असुरक्षा का वातावरण फैल गया।

2001 से 2021 तक चला अफगानिस्तान का युद्ध आतंकवाद के विरुद्ध अभियान के रूप में प्रारंभ हुआ। उद्देश्य था उन शक्तियों को समाप्त करना जिन्हें वैश्विक शांति और सुरक्षा के लिए खतरा माना गया। परंतु दो दशकों के लंबे संघर्ष, भारी आर्थिक व्यय और असंख्य जनहानि के उपरांत भी स्थायी शांति स्थापित नहीं हो सकी। अंततः विदेशी सेनाओं की वापसी के बाद वही संगठन पुनः सत्ता में आ गया जिसे हटाने के लिए यह अभियान आरंभ किया गया था।

मध्य और पश्चिम एशिया में उभरे आतंकी संगठन केवल किसी एक राष्ट्र की नीतियों का परिणाम नहीं थे। उनके उदय के पीछे क्षेत्रीय अस्थिरता, धार्मिक कट्टरता, आर्थिक विषमता, बाहरी हस्तक्षेप और सत्ता का रिक्त स्थान जैसे अनेक कारण रहे। फिर भी यह धारणा व्यापक है कि महाशक्तियों की नीतियों और युद्धों ने ऐसी परिस्थितियाँ निर्मित कीं जिनमें इन्हें पनपने का अवसर मिला।


लैटिन अमेरिका के अनेक देशों में भी बीसवीं सदी के दौरान राजनीतिक उथल-पुथल देखी गई। विभिन्न समयों पर बाहरी प्रभावों और गुप्त हस्तक्षेपों के आरोप लगे। कुछ स्थानों पर सैन्य शासन स्थापित हुए, तो कहीं लोकतांत्रिक व्यवस्थाएँ कमजोर पड़ीं। इन घटनाओं ने यह धारणा सुदृढ़ की कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में आदर्शों की अपेक्षा सामरिक और आर्थिक हितों को अधिक प्राथमिकता दी जाती है।

तेल, प्राकृतिक संसाधन, व्यापार मार्ग और सामरिक ठिकाने आधुनिक विश्व व्यवस्था के महत्वपूर्ण घटक हैं। आलोचकों का मत है कि कई बार जनतंत्र, मानवाधिकार और शांति की भाषा इन हितों को वैध ठहराने का माध्यम बन जाती है। समर्थकों का तर्क है कि वैश्विक सुरक्षा, आतंकवाद-निरोध और सहयोगी राष्ट्रों की रक्षा भी समान रूप से आवश्यक चिंताएँ हैं। सत्य संभवतः इन दोनों दृष्टिकोणों के मध्य स्थित है। किसी भी राष्ट्र की विदेश नीति पूर्णतः नैतिक या पूर्णतः स्वार्थप्रधान नहीं होती; वह परिस्थितियों, आशंकाओं, अवसरों और रणनीतिक विचारों का सम्मिलित परिणाम होती है। फिर भी यह प्रश्न बार-बार उभरता है कि क्या राष्ट्रीय हित की रक्षा के नाम पर व्यापक जनसंहार और दीर्घकालिक अस्थिरता को स्वीकार किया जा सकता है।

जनतंत्र और मानवाधिकार केवल औपचारिक शब्द नहीं होने चाहिए, बल्कि वे ऐसे सार्वभौमिक मूल्य बनें जिनका पालन मित्र और विरोधी-दोनों के प्रति समान रूप से किया जाए। यदि शक्ति का प्रयोग चयनात्मक नैतिकता के आधार पर किया जाएगा, तो विश्व समुदाय में अविश्वास, असंतोष और वैमनस्य की भावना प्रबल होगी। इतिहास यह शिक्षा देता है कि सैन्य विजय स्थायी समाधान प्रदान नहीं करती। स्थायी शांति संवाद, सहयोग, आर्थिक न्याय और सांस्कृतिक सम्मान से ही संभव होती है। किसी भी महाशक्ति की वास्तविक परीक्षा रणभूमि में नहीं बल्कि इस तथ्य में निहित है कि वह अपनी शक्ति का उपयोग कितनी जिम्मेदारी, पारदर्शिता और मानवीय संवेदनशीलता के साथ करती है। आज का विश्व संघर्षों, प्रतिस्पर्धा और असुरक्षा से घिरा हुआ है। ऐसे समय में आवश्यक है कि अतीत की त्रासदियों से सीख लेकर भविष्य की नीतियों का निर्माण किया जाए। यदि मानव जीवन को सर्वोच्च मूल्य माना जाए और शक्ति को उत्तरदायित्व के साथ जोड़ा जाए, तभी एक अधिक न्यायपूर्ण, संतुलित और शांतिपूर्ण विश्व व्यवस्था की कल्पना साकार हो सकती है।

## दैनिक पंचांग

**6 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मेष | 08.18 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.58 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.26 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.48 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.03 ब.से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | धनु | 01.19 बजे से |
| | | मकर | 03.24 बजे से |
| | | कुंभ | 05.11 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 65 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया 17.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 09.30 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 07.06 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 17.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872640
**जूलियन दिन** 2461105.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 16
**विशेष** भालचन्द्र संकष्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## एक नजर

### मोरंग नदी में डूबने से वृद्ध की मौत

**साहिबगंज:** बोरियो बड़ा पुल निवासी दिलीप मंडल (60) की मृत्यु मोरंग नदी में डूब कर हो गयी। परिजनों ने बताया कि दिलीप मंडल विक्षिप्त था। विगत मंगलवार से हीं घर से गायब था। काफी खोजबीन के बाद भी उसका पता नहीं चल पाया था। गुरूवार के अहले सुबह मोरंग नदी के स्नान घाट के पास उसकी शव देखी गयी। परिजनों को ग्रामीणों ने सूचना दी। सूचना मिलते ही परिजन नदी पहुंच कर शव घर ले आए। मौके पर बोरियो थाना के पुअनि डीएन सिंह परिजनों से पूछताछ की।

### सदर अस्पताल में एक प्रसूता के पति का मोबाइल चोरी

**साहिबगंज:** सदर अस्पताल में चारों तरफ सीसीटीवी कैमरा है। लेकिन इसके बाद भी चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रहा। बुधवार को भी एक प्रसूता के पति का मोबाइल चोरी हो गया। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। पीड़ित पाकुड़ के रहने वाला मोहित भगत है। पीड़ित ने बताया कि उसकी पत्नी का प्रसव हुआ है। वे अस्पताल परिसर में ओपीडी के पास लेटे हुए थे। इसी दौरान उसका मोबाइल किसी ने उड़ा दिया। इस संबंध में वे संबंधित थाना में मौखिक शिकायत भी की है।

### लड़की का अपहरण पिता की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज

**साहिबगंज:** राजमहल थाना क्षेत्र से एक लड़की के अपहरण का मामला सामने आया है। घटना को लेकर पिता के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गई है। पीड़ित पिता ने पुलिस को दिये आवेदन के माध्यम से बताया है कि बीते 03 मार्च के अपराह्न मेरी पुत्री खेत में चर रही बकरी को वापस घर लाने के लिए खेत पर गई थी। पूर्व से घात लगाकर बैठे हुए राजमहल थाना क्षेत्र के दो नामजद युवकों ने चाकू का भय दिखाकर मेरी पुत्री का अपहरण कर लिया। दोनों उसे लेकर गुप्त ढिकाने में चले गये। पुत्री की जान को खतरा है। पिता ने पुत्री की बरामदगी को लेकर पुलिस से गुहार लगाई है। इधर पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना कांड संख्या 70/26 के तहत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर लड़की की बरामदगी को लेकर छापेमारी कर रही है।

### पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** मुफ्फसिल थाना पुलिस ने एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुफ्फसिल थाना कांड संख्या 22/26, दिनांक 05 मार्च 26, धारा 126(2)/115(2)/109(1)/351(2)/352/3(5) बीएनएस के प्राथमिक अभियुक्त दीपक यादव पिता निवास यादव, साकिन शोभनपुर भट्ठा, थाना मुफ्फसिल, जिला साहिबगंज को पुलिस ने विधिवत गिरफ्तार कर कागजी प्रक्रिया पूरी करने के उपरांत सदर अस्पताल में शारीरिक जांच करवाने के बाद अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

# ब्राउन शुगर के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** टाटानगर रेलवे स्टेशन परिसर में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने नशीले पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से लाखों रुपये के ब्राउन शुगर बरामद की गई है। जानकारी के अनुसार रेलवे के माध्यम से नशीले पदार्थों की तस्करी पर रोक लगाने के उद्देश्य से आरपीएफ की ओर से ऑपरेशन नारकोस चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त, रेलवे सुरक्षा बल चक्रधरपुर मंडल के निर्देश पर टीम ने छापेमारी कर तीन तस्करों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों के पास से कुल 28 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद की गई है, जिसका कुल वजन 3.56 ग्राम बताया जा रहा है। बरामद ब्राउन शुगर की अनुमानित कीमत लगभग तीन लाख 56 हजार रुपये है। इसके अलावा आरोपितों के पास से तीन मोबाइल फोन और 4,330 रुपये नकद भी बरामद किए गए हैं। कुल जब्त सामानों की कीमत लगभग 4 लाख 20 हजार 330 रुपये बताई गई है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान परसुडीह थाना क्षेत्र के किताडीह निवासी मुस्तकीम अंसारी उर्फ रतन, बमामाईंस के कैरेज कॉलोनी निवासी बसंत उपाध्याय उर्फ डेफिनिटी और गोलमुरी खालसा क्लब के पास रहने वाले राहुल कुमार डे के रूप में हुई है। गुरुवार को आरपीएफ थाना प्रभारी राकेश महतो ने बताया कि जांच में सामने आया है कि मुस्तकीम अंसारी उर्फ रतन ब्राउन शुगर को सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर इलाके से लाकर टाटानगर स्टेशन परिसर में बसंत उपाध्याय उर्फ डेफिनिटी और राहुल कुमार डे को बेच रहा था। इसी दौरान आरपीएफ की टीम ने तीनों को रंगे हाथ पकड़ लिया। फिलहाल आरपीएफ तीनों आरोपितों से पूछताछ कर रही है और पूरे नेटवर्क की जानकारी जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि इस तस्करी के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

## सामूहिक इफ्तार पार्टी का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के सदर प्रखंड के सम्मानित ग्रामवासी एवं नगर के भाइयों, बहनों एवं बुजुर्गों के लिए पवित्र माह-ए-रमजान के मुबारक अवसर पर कांग्रेस पार्टी द्वारा मैरिज हॉल, बैंक कॉलोनी में एक विशाल सामूहिक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव डॉ. तनवीर आलम की ओर से आयोजित किया गया था। पवित्र रमजान माह के अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम ने सामाजिक सौहार्द और एकता का संदेश दिया। इफ्तार से पहले, रोजेदारों ने देश में शांति, प्रगति और आपसी भाईचारे के लिए दुआ की। अजान की आवाज गूंजते ही, सभी उपस्थित लोगों ने मिलकर रोजा खोला और एक-दूसरे को रमजान की मुबारकबाद दी। इस आयोजन में विभिन्न समुदायों की भागीदारी ने गंगा-जमुनी संस्कृति का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का समापन सामूहिक दुआ के साथ हुआ, जिसमें क्षेत्र की खुशहाली, सामाजिक समरसता और देश की प्रगति की कामना की गई। उपस्थित लोगों ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक एकता की एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

## नशीले पदार्थों की तस्करी करने वाले 2 गिरफ्तार, बंगाल से जुड़े हैं तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिला के राधानगर पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अप्राथमिक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार दोनों अभियुक्त को मंगलवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। पुलिस जानकारी के अनुसार राधानगर पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि थाना कांड संख्या 443/25 के अप्राथमिक अभियुक्त अनारुल शेख एवं कांड संख्या 89/23 के अप्राथमिक अभियुक्त समसुल हक अपने घर में छुपे हुए हैं। इस पर राधानगर पुलिस ने राजमहल थाना क्षेत्र के पूर्वी जामनगर पंचायत के उसमल्ली टोला में छापेमारी कर अनारुल शेख एवं हसन टोला में छापेमारी कर समसुल हक को गिरफ्तार किया है। कुछ भी बरामद नहीं कर पाई पुलिस हालांकि गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों से कुछ बरामदगी नहीं हुई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अनारुल शेख एमडीएमए एवं अभियुक्त समसुल हक गांजा तस्करी से जुड़ा हुआ है। गौरतलब है कि पूर्व में राधानगर पुलिस ने मादक पदार्थ के खिलाफ कार्रवाई की है। विगत 28 अक्टूबर 2025 को राधानगर पुलिस ने थाना क्षेत्र के इंग्लिश नासघाट से 13.57 ग्राम एमडीएमए के साथ मुख्य अभियुक्त सरफराज अहमद को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेजने का काम किया है। दोनों के खिलाफ दर्ज हैं मामले सरफराज अहमद के खिलाफ थाना कांड संख्या 443/25 दर्ज है। मामले में आरोपी सरफराज अहमद फिलहाल जेल में बंद है। इसके अलावा 24 नवंबर 2025 को एमडीएमए केस में जुड़े अप्राथमिक अभियुक्त शमशुल भी जेल में है। वहीं थाना कांड संख्या कांड संख्या 89/23 के अप्राथमिक अभियुक्त राजमहल थाना क्षेत्र के हसनटोला में छापेमारी कर समसुल हक 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। सूत्रों की मानें तो मादक पदार्थ एमडीएमए का तार बंगाल के कालियाचक से जुड़ा है।

## कई मामलों में संलिप्त तालू मूर्मू उर्फ खलासी देसी कट्टा व जिंदा कारतूस के साथ चढ़ा पुलिस के हत्थे

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**पाकुड़ :** जिले के अमड़ापाड़ा थाना क्षेत्र से तालू मूर्मू उर्फ खलासी को अमड़ापाड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर गुरुवार को न्यायिक हिरासत में पाकुड़ भेज दिया है। ज्ञात हो कि साहेबगंज जिले के मिजाचौंकी थाना के छोटा लक्ष्मी गांव निवासी तालू मूर्मू को विगत 4 मार्च को होली के दिन स्थानीय थाना क्षेत्र के कोयला रोड पर बरमसिया मोड़ के समीप एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी के दौरान जब टीम बरमसिया मोड़ के निकट कोयला रोड पर पहुंची तो पुलिस गाड़ी देख एक व्यक्ति भागने लगा जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से उल्लिखित स्थल पर स्थित जंगल के निकट से पकड़ लिया गया। पकड़ाए व्यक्ति से तहकीकात करने पर उसने अपना नाम तालू मूर्मू उर्फ खलासी बताया। जब उसकी विधिवत तलाशी ली गई तो उसके पास छिपाकर रखा गया एक देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद हुआ। इस जुर्म में बीएनएस के अंतर्गत आर्म्स एक्ट की सुसंगत धारा के तहत गत 4 मार्च को स्थानीय पुलिस ने उसके खिलाफ कांड संख्या 8/2026 दर्ज किया और गुरुवार को निर्धारित समयानुसार न्यायिक अभिरक्षा में पाकुड़ भेज दिया।

**पूर्व अपराधिक इतिहास :** ललमटिया थाना कांड संख्या-44/2025, दिनांक- 28.05.2025, धारा-109/111(4)/113(3)/118(1)/121/121(1)/122/132/324(4) BNS 2023 & 25(1-B)Ô/26/27/35/37 Arms Act

ललमटिया थाना (जिला गोड्डा) कांड संख्या-48/2025, दिनांक-12/06/2025, धारा-152/153/191(2)/191(3)/190/109/326(I)/115(2)/111/310(2)/132/351(2)/32/61(2) B.N.S।

## तेज रफ्तार कार में लटक रहा युवक, नीचे गिराकर कुचलने की कोशिश का आरोप, लोगों में आक्रोश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** जिले में एक वीडियो बड़ी तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल वीडियो ने सनसनी फैला दी है। वायरल हुए इस वीडियो में एक युवक को चार पहिया वाहन के दरवाजे से लटकाकर ले जाते हुए देखा जा रहा है। युवक चलती कार से चिपका हुआ अपनी जान बचाने की कोशिश करता नजर आ रहा है। वीडियो सामने आते ही इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, घटना मुख्य सड़क पर हुई, जहां मौजूद कुछ लोगों ने इसका वीडियो बना लिया। फुटेज में वाहन की रफ्तार तेज दिखाई दे रही है और युवक किसी तरह गिरने से बचने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, प्रशासन की ओर से अब तक वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

**नीचे गिराकर कुचलने की कोशिश का आरोप**

प्रत्यक्षदर्शियों का दावा है कि वाहन चालक ने कार की रफ्तार बढ़ाकर युवक को नीचे गिराने और कुचलने की कोशिश की। हालांकि इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना का वीडियो सामने आने के बाद लोगों में भारी आक्रोश है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर घटना की कड़ी निंदा की जा रही है। वहीं दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग उठ रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि इस तरह की अमानवीय हरकत कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। लोगों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की अपेक्षा जताई है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# होली मिलन समारोह में हंसते मुस्कुराते एक दुसरे को गुलाल लगाकर पत्रकारों ने दी शुभकामनाएं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** रंगो का त्योहार होली के अवसर पर साहिबगंज जिला मुख्यालय के नार्थ कॉलोनी स्थित चंदन सिंह के आवासीय परिसर में मंगलवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ कलाकारों ने शिव वंदना से की। उसके बाद एक से बढकर एक होली के गाने पर मौजूद पत्रकारों ने जम कर नृत्य किया। और एक दुसरे को अबीर गुलाल लगाकर एवं एक साथ मिष्ठान भोजन का लुफ्त उठाया। मौके पर वरिष्ठ पत्रकार सुरेश निर्मल, चंदन सिंह, अरविंद ठाकुर, शिव शंकर निराला, राजू पाठक, सुनील ठाकुर, सुधाकर, पंकज वर्मा, अमित सिंह, उज्जवल सिंह, अरविंद यादव, आलोक कुमार, प्रशांत कुमार पासवान, दीपक केशरी, गोपाल श्रीवास्तव, मुन्ना यादव, राजेश दास, नवीन कुमार पासवान, रंजन कुमार पासवान, प्रवीण कुमार, देव आर्यन, अमित राज सिंह, सहेंद कुमार, विवेक कुमार, मुकेश मिश्रा, कृष्णा कुमार, सहित जिले के दर्जनों पत्रकार मौजूद थे।

## दिव्यांग बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**साहिबगंज:** स्थानीय दिव्यांग विद्यालय में आज कौशल्या ज्योति ट्रस्ट और हेल्पिंग हैंडस के द्वारा दिव्यांग बच्चों के बीच होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को होली की सामग्री रंग, गुलाल, पिचकारी, मुखौटा, मिष्ठान, आदि सामग्री दिया गया। बच्चे होली के रंग में जमकर आनंद लिए। कौशल्या ज्योति ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुरेंद्र नाथ तिवारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी इन दिव्यांग बच्चों के बीच संस्थाओं के अलावे कई सामाजिक कार्यकताओं के सहयोग से बच्चों के बीच होली की सामग्री वितरित की गई और जमकर होली का आनंद लिया गया। बच्चों के चेहरों पर खुशियों के रंग थे। इस अवसर पर हेल्पिंग हैंड्स के अध्यक्ष अभीदीप्स प्रशांत सागर, कुमार दीपांशु, निखिल, गौरव,पूजा कुमारी, कंचन कुमारी, निशा गुप्ता, संजीव गुप्ता, मिथिलेश कुमार झा, ज्योति मिश्र, चंदा कुमारी, बलराम कुमार, शिव्यांशी सिंह, रवीना सिंह, यश पांडेय सहित दर्जनों लोग, और विद्यालय के सभी सिस्टर उपस्थित थीं।

## संक्षिप्त खबरें

### अवैध परिवहन करते बिना नंबर प्लेट ओवरलोड गिट्टी लदा सोनालिका ट्रैक्टर जब्त



**पाकुड़:** जिले के हिरणपुर क्षेत्र में अवैध परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। विगत दिनांक 02 मार्च को गश्ती दल द्वारा नियमित वाहन जांच के दौरान एक बिना नंबर प्लेट का सोनालिका ट्रैक्टर पकड़ा गया, जिस पर क्षमता से अधिक गिट्टी लदी हुई थी। पुलिस के अनुसार गश्ती के दौरान संदिग्ध स्थिति में ट्रैक्टर को रोका गया। जांच करने पर पाया गया कि वाहन पर नंबर प्लेट नहीं लगी थी तथा उस पर ओवरलोड गिट्टी लदी हुई थी, जो परिवहन नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है। इसके बाद वाहन को तत्काल जब्त कर थाना लाया गया। ज्ञात रहें कि ओवरलोडिंग से न केवल सड़क सुरक्षा को खतरा उत्पन्न होता है, बल्कि सरकारी राजस्व की भी क्षति होती है। बिना नंबर प्लेट के वाहन का संचालन भी कानूनन अपराध की श्रेणी में आता है। थाना पुलिस द्वारा वाहन मालिक और चालक के संबंध में जानकारी जुटाई जा रही है तथा मोटर वाहन अधिनियम के तहत आवश्यक कानूनी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। वहीं पुलिस प्रशासन ने साफ किया है कि क्षेत्र में अवैध खनन, ओवरलोडिंग और बिना वैध कागजात के चलने वाले वाहनों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा।

### तेज रफ्तार हाइव ने महिला सफाई कर्मी को मारी टक्कर, मौत



**साहिबगंज:** शहर के धोबी झरना के पास तीन मार्च को ड्यूटी कर अपने घर जा रही एक महिला सफाई कर्मी को तेज रफ्तार हाइवा ने जोरदार टक्कर मार दिया। जबकि हाइवा मौके से फरार हो गया। इसमें महिला सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों की मदद से घायल महिला कर्मी को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान डॉक्टर मोहन मुर्मू ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृत महिला सफाई कर्मी रेखा देवी (45) नगर परिषद में सफाई कर्मी की पद पर थी। सफाई कर्मी का घर धोबी झरना के पास है। महिला सफाई कर्मी दोपहर में ड्यूटी पूरा कर अपने घर जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार हाइवा ने धक्का मार दिया। इसमें महिला सफाई कर्मी के दहिन जांघ पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया। जबकि चेहरा समेत शरीर के कई हिस्सों में अंदरूनी चोट लगी। वही शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस में कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। इधर जिरवाबाड़ी थाना प्रभारी शशि कुमार सिंह ने बताया कि इस मामले में हाइवा की शिनाख्त ली गई है। जल्द ही पुलिस हाइवा समेत चालक को गिरफ्तार किया जाएगा। महिला सफाई कर्मी की मौत के बाद परिजनों को पोस्टमार्टम के लिए 24 घंटे तक परेशान रहना पड़ा। मृत सफाई कर्मी का पुत्र ने बताया कि एक तो उसकी मां की मौत पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। इसके बाद भी सही समय पर पोस्टमार्टम नहीं किया गया है। दरअसल तीन मार्च की दोपहर करीब दो बजे हाइवा की चपेट में आने से महिला सफाई कर्मी गंभीर रूप से घायल हो गई। सदर अस्पताल में उसकी मौत हो गई। लेकिन उस दिन शव का पोस्टमार्टम नहीं किया गया। जबकि दूसरे दिन बुधवार को शव का पोस्टमार्टम किया गया। इसके चलते परिजनों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### तेलो के पास तेज रफ्तार टोटो पलटा, सवार पांच लोग घायल



**साहिबगंज:** बोरियो–बरहेट मुख्य पथ के तेलो गांव के पंचायत भवन मोड़ के पास बुधवार को बरहेट से बोरियो आ रही टोटो संतुलन खो देने से पलट गयी। दुघर्टना में टोटो में सवार पांच लोग घायल हो गए। मिली जानकारी के अनुसार बरहेट से बोरियो की ओर टोटो आ रही थी। तेलो के पास टोटो पलट गयी। टोटो में सवार हश्री हांसदा (45) तारापुर, ताला बिट्टी मुर्मू (तारापुर), तालामय हांसदा (60) सिमड़ा, तालामय टुडू (35) तारापुर एवं मंझली टुडू (42) महिसोल घायल हो गए। घायलों को ईलाज के लिए बोरियो सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां मौके पर उपस्थित डॉ. विवेक भारती ने ईलाज किया। घायलो ने बताया कि वे फुलभंगा गुरु बाबा के यहां से लौट रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही बोरियो थाना के एएसआई प्रभा शंकर दुबे एवं बीरम मरांडी सीएचसी पहुंच कर मामले की छानबीन की। ग्रामीणों ने तेलो मोड़ के पास बेरिकेटिंग लगाने की मांग की है।

### हाइवा चोरी कर भाग रहे चोर को पुलिस ने दबोचा



**पाकुड़ :** दुमका जिले के गोपीकांदर पुलिस ने हाईवा चोरी कर भाग रहे एक चोर को हाईवा के साथ थाना क्षेत्र के दलदली गांव में दबोच लिया। बता दें कि जेएच 16 एच 2973 कोयला हाईवा के चालक जाहेद अंसारी महेशपुर थाना क्षेत्र बसकंदरी गांव का रहने वाला है। इन्होंने बताया कि काठीकुंड थाना क्षेत्र के जमनी दुकान में नाश्ता करने के लिए हाईवा में चाभी छोड़कर नाश्ता कर रहा था। मौके पाकर चोर हाईवा को स्टार्ट कर लेकर भागने लगा। चालक के द्वारा हाईवा चोरी की खबर मालिक को देने के बाद मालिक ने पेट्रोलिंग मैनेजर मनोज चांद एवं गोपीकांदर थाना में चोरी की सूचना दी, सूचना मिलते ही गाड़ी में लगे जीपीएस लोकेशन के आधार स्थानीय लोगों व पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दलदली गांव से हाईवा और चोर को धर दबोचा। हाईवा और चोरी कर भाग रहे है चोर को गोपीकांदर पुलिस ने घटनास्थल से सुरक्षित थाना लाया। हाईवा मालिक को थाना बुलाकर चोरी कर भाग रहे चोर की पहचान करायी गई तो पता चला मालिक और चोर दोंनो एक ही गाँव के रहने वाले है। वहीं चोर की पहचान पाकुड़ जिला पॉलिटेक्निक कालाजोड़ा के एजाजुल अंसारी के रूप में हुई है। घटना के संबंध में एसआई धर्मल मांझी ने बताया कि सनहा दर्ज कर चोर व कोयला वाहन को छोड़ दिया गया।

# जियो का दुनिया का पहला बड़ा टोकन सर्विस प्रोवाइडर बनने का लक्ष्य

**टेलीकॉम सेक्टर में एआई केवल एक अपग्रेड नहीं, बल्कि बड़ा बदलाव है**

**नई दिल्ली ।**

जियो प्लेटफॉर्म्स के एक ग्रुप अे धिकारी ने बार्सिलोना में आयोजित मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस में बताया कि कंपनी आने वाले समय में दुनिया का पहला बड़ा टोकन सर्विस प्रोवाइडर बनने का लक्ष्य रखती है। उन्होंने कहा कि टेलीकॉम सेक्टर में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) केवल एक अपग्रेड नहीं, बल्कि बड़ा बदलाव है। जो कंपनियां एआई को तेजी से अपनाएंगी, वही भविष्य में सफल होंगी। ग्रुप अे धिकारी के अनुसार, टेलीकॉम इंडस्ट्री में पहले कमाई कॉल मिनट्स से होती थी, फिर डेटा से। अब भविष्य में यह मॉडल टोकन आधारित हो सकता है। जियो इस नए मॉडल को अपनाने और टोकन इकोनॉमी का हिस्सा बनने में अग्रणी बनना चाहता है। उनका कहना है कि कंपनी केवल टोकन पाइप बनने का लक्ष्य नहीं रखती, बल्कि टोकन बनाने और पूरे टोकनोमिक्स सिस्टम में सक्रिय भूमिका निभाना चाहती है। उन्होंने कहा कि जियो ने पहले भी भारत में कम कीमत पर सेवाएं देने में सफलता हासिल की है। कंपनी के पास 52.5 करोड़ से ज्यादा ग्राहक हैं और डेटा की कीमत लगभग 9 सेंट प्रति जीबी है, जो दुनिया में सबसे कम है। भविष्य में जियो टोकन आधारित सेवाओं को भी कम कीमत पर उपलब्ध कराना चाहता है। एआई के आने के बाद टेलीकॉम नेटवर्क और डिजिटल डिवाइस पूरी तरह बदल जाएंगे। जियो सिर्फ इंटरनेट कनेक्टिविटी देने वाली कंपनी नहीं बनना चाहता, बल्कि एआई इकोसिस्टम का अहम हिस्सा बनना चाहता है। इसके लिए कंपनी एक इंटेलिजेंस आर्किटेक्चर तैयार कर रही है, जिसमें भरोसेमंद एआई इंफ्रास्ट्रक्चर और स्मार्ट डिवाइस मुख्य भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि 2026 तक दुनिया में एआई पर 3 ट्रिलियन डॉलर से ज्यादा निवेश होने की उम्मीद है, जिसमें बड़े टेक प्लेटफॉर्म्स लगभग 810 बिलियन डॉलर खर्च करेंगे। एआई के आने से नई अर्थव्यवस्था और नए कारोबार के अवसर पैदा होंगे। स्केलबल टोकन एआई में जानकारी की छोटी इकाई है।

# कतर से एलएनजी सप्लाई में संकट, सीएनजी हो सकती है महंगी

**- कतर की एलएनजी सुविधाओं पर ईरानी ड्रोन हमलों से उत्पादन अस्थायी रूप से बंद**

**नई दिल्ली।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव के बीच कतर की एलएनजी सुविधाओं पर ईरानी ड्रोन हमलों के कारण उत्पादन अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। रस लाफान और मेसईद स्थित एनएनजी संयंत्रों में हमलों के बाद कतरएनर्जी ने बताया कि एलएनजी और उससे जुड़े उत्पादों का उत्पादन फिलहाल बंद है। भारत हर साल लगभग 27 मिलियन टन एनएनजी आयात करता है, जिसमें से करीब 40 प्रतिशत गैस कतर से आती है। पेट्रोनेट एलएनजी के कतर से 8.5 मिलियन टन की लंबी अवधि की खरीद समझौता भी प्रभावित हुआ है। सुरक्षा कारणों से जहाज कतर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं और पेट्रोनेट एलएनजी ने कतरएनर्जी को फोर्स मेजर नोटिस जारी किया है। सप्लाई संकट के कारण शहर गैस कंपनियों और सीएनजी वितरण में लगभग 40 प्रतिशत तक कटौती हुई है। शहर गैस कंपनियों के संगठन एसीई ने सरकारी कंपनी गैल को पत्र लिखकर चिंता जताई है। अगर सस्ती कतर गैस की जगह महंगी स्पॉट मार्केट गैस खरीदनी पड़ी तो सीएनजी और शहर गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय स्पॉट मार्केट में एलएनजी की कीमत बढ़कर लगभग 25 डॉलर प्रति मिलियन ब्रिटिश थर्मल यूनिट हो गई है, जो लंबे अनुबंध की कीमत से दोगुनी है। स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से




गुजरने वाला यह मार्ग दुनिया के करीब एक-तिहाई समुद्री तेल और 20 प्रतिशत एलएनजी निर्यात के लिए अहम है। भारत के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश के लगभग 50 प्रतिशत कच्चे तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आते हैं।

# पश्चिम एशिया में तनाव से भारत में रसोई गैस संकट की आशंका



**- भारत के पास फिलहाल एलपीजी का लगभग 30 दिनों का भंडार मौजूद**

**नई दिल्ली ।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते युद्ध और तनाव के कारण भारत में रसोई गैस (एलपीजी)की आपूर्ति पर खतरा पैदा हो गया है। खाड़ी क्षेत्र में जारी संघर्ष के कारण गैस से भरे कई जहाज स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज के पास फंस गए हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर मार्च में आने वाले एलपीजी जहाज जल्द भारत के लिए रवाना नहीं होते हैं, तो देश में रसोई गैस की गंभीर कमी हो सकती है। इसका सीधा असर करोड़ों परिवारों पर पड़ सकता है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी खरीदार है और अपनी 90 प्रतिशत से अधिक जरूरतें पश्चिम एशिया से पूरी करता है। हाल के वर्षों में भारत ने अमेरिका से भी लंबी अवधि का समझौता किया है, लेकिन वहां से आने वाली मात्रा अभी कम है और भाड़ा अधिक है। विशेषज्ञों के अनुसार अगर अभी अमेरिका से एलपीजी खरीदी भी जाए, तो वह अप्रैल से पहले भारत नहीं पहुंच पाएगी। बाजार विश्लेष्कों के अनुसार भारत के पास एलपीजी के लिए अन्य सप्लायर खोजने के विकल्प सीमित हैं। कुछ अतिरिक्त गैस अमेरिका, रूस या अर्जेंटीना से मिल सकती है, लेकिन मात्रा कम होगी और यह वैश्विक कीमतों और जहाजों की उपलब्धता पर निर्भर करेगा। सरकारी अधिकारियों के अनुसार भारत के पास फिलहाल एलपीजी का लगभग 30 दिनों का भंडार मौजूद है। यदि खाड़ी क्षेत्र में तनाव लंबे समय तक बना रहा, तो सप्लाई पर दबाव बढ़ सकता है। भारतीय रिफाइनरी कंपनियों ने सरकार के साथ आपात योजना पर चर्चा की है। देश की सबसे बड़ी एलएनजी आयातक कंपनी पेट्रोनेट एलएनजी ने कतर से आने वाली गैस पर फोर्स मेजर घोषित किया है, जिससे ग्राहकों को मिलने वाली गैस में करीब 50 प्रतिशत कटौती हुई है।

तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का स्टॉक लगभग आठ हफ्तों का है, इसलिए तेल की तत्काल कमी की संभावना कम है। हालांकि, अगर समुद्री मार्ग लंबी अवधि तक बंद रहे, तो तेल सप्लाई भी प्रभावित हो सकती है।

# वाहन बिक्री में उछाल, फरवरी 2026 में 26 फीसदी बढ़ी



**कुल बिक्री 24,09,362 इकाई रही, जो फरवरी 2025 में 19,17,934 इकाई थी**

**नई दिल्ली ।**

वाहन डीलरों के संगठन फाडा ने गुरुवार को बताया कि फरवरी 2026 में भारत में वाहनों की घरेलू खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 26 फीसदी की वृद्धि दर्ज की गई। कुल बिक्री 24,09,362 इकाई रही, जो फरवरी 2025 में 19,17,934 इकाई थी। फाडा के एक वे रिष्ठ अे धिकारी ने कहा कि जीएसटी सुधार, बेहतर मांग और बाजार का भरोसा सभी श्रेणियों के बेहतर प्रदर्शन के प्रमुख कारण रहे। शहरी और ग्रामीण बाजारों में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई। दोपहिया वाहनों की बिक्री 17,00,505 इकाई रही, जो पिछले साल 13,60,155 इकाई थी, यानी 25 फीसदी वृद्धि। तिपहिया वाहनों की बिक्री में 24 फीसदी, यात्री वाहनों में 26 फीसदी और वाणिज्यिक वाहनों में 29 फीसदी की वृद्धि हुई। यात्री वाहनों की बिक्री पिछले साल के 3,13,015 इकाई से बढ़कर 3,94,768 इकाई तक पहुंच गई। अे धिकारी ने बताया कि छह में पांच श्रेणियों ने अब तक की सबसे अधिक बिक्री दर्ज की। शहरी बाजारों में बिक्री 21 फीसदी बढ़ी, जबकि ग्रामीण बाजारों में 34 फीसदी का उछाल देखा गया। ग्रामीण क्षेत्रों में यह वृद्धि खासतौर पर छोटी कारों और दोपहिया वाहनों की मजबूत मांग को दर्शाती है। फाडा ने बताया कि ग्रामीण नकदी में सुधार (अच्छी फसल के बाद), आकर्षक विपणन योजनाएं और जीएसटी संशोधनों के बाद बेहतर मूल्य निर्धारण ने बिक्री में बढ़ोतरी में मदद की। अे धिकारी ने कहा कि यह आंकड़ा पूरे वाहन उद्योग के लिए उत्साहजनक संकेत है और यह दर्शाता है कि बाजार में मांग लगातार मजबूत बनी हुई है।

# मिडिल ईस्ट तनाव के बीच कच्चा तेल 83 डॉलर प्रति बैरल के पार

**- देश के पास लगभग 25 दिनों का कच्चे तेल का भंडार**

**नई दिल्ली ।**

मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के कारण गुरुवार को अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में दो प्रतिशत से अधिक की तेजी दर्ज की गई। दरअसल इरान द्वारा रणनीतिक समुद्री मार्ग स्ट्रेट आफ होमुर्ज को बंद किए जाने से वैश्विक तेल आपूर्ति को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस मार्ग से दुनिया के बड़े हिस्से में तेल की सप्लाई होती है, इसलिए इसके बंद होने का असर तुरंत बाजार पर दिखाई दिया। गुरुवार को शुरुआती कारोबार में इंटरकान्टीनेंटन एक्सचेंज पर बेंचमार्क क्रूड का अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 2.43 प्रतिशत बढ़कर 83.26 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं न्यूयार्क मर्केल्टाइल एक्सचेंज (एनवाईमेक्स) पर वेस्ट इंटरमी डियट क्रूड आयल का अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 2.63 प्रतिशत बढ़कर 76.63 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गया। रिपोर्ट्स के अनुसार, होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे एक कंटेनर जहाज पर



प्रोजेक्टाइल से हमला हुआ, जिससे जहाज को नुकसान पहुंचा है। इस घटना के बाद तेल आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है, जिसके चलते बाजार में कीमतों में तेजी देखने को मिल रही है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर भारत जैसे बड़े आयातक देशों पर पड़ सकता है। अनुमान है कि यदि कच्चे तेल की कीमत पूरे वर्ष के लिए प्रति बैरल एक डॉलर बढ़ती है, तो भारत का आयात बिल करीब 16,000 करोड़ रुपये तक बढ़ सकता है। हालांकि सरकारी सूत्रों के मुताबिक, भारत फिलहाल अपेक्षाकृत सुरक्षित स्थिति में है। देश के पास लगभग 25 दिनों का कच्चे तेल का भंडार और करीब 25 दिनों के पेट्रोलियम उत्पादों का स्टॉक मौजूद है, जिसमें समुद्र मार्ग से आ रहा तेल भी शामिल है। भारत अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का 85 प्रतिशत से अधिक आयात करता है। इनमें से लगभग 50 प्रतिशत तेल मिडिल ईस्ट के देशों से आता है। हालांकि हाल के वर्षों में भारत ने रसिया, यूनाइटेड स्टेट अऔर अफ्रीकी देशों से आयात बढ़ाकर ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की कोशिश की है।

## टाटा मोटर्स तीन नई इलेक्ट्रिक कारें करेगी लॉन्च

**नईदिल्ली ।** साल 2026 में टाटा मोटर्स तीन नई इलेक्ट्रिक कारें लॉन्च करने जा रही है, जिनमें टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट, टाटा अविन्या और टाटा सिएरा ईवी शामिल हैं। ये तीनों मॉडल अलग-अलग सेगमेंट को टारगेट करते हैं किफायती हैचबैक, प्रीमियम कॉन्सेप्ट-बेस्ड एसयूवी और मिड-साइज इलेक्ट्रिक एसयूवी। इन लॉन्च से देश का इलेक्ट्रिक वाहन बाजार और मजबूत होगा, खासतौर पर तब जब ई-केंद्रित और तकनीकी रूप से एडवांस्ड वाहनों की मांग तेजी से बढ़ रही है। टाटा टियागो ईवी फेसलिफ्ट देश की लोकप्रिय किफायती इलेक्ट्रिक हैचबैक का अपडेटेड वर्जन होगा। स्पाई तस्वीरों के अनुसार, इसमें नए डिजाइन वाली लाइट्स, अपडेटेड फ्रंट ग्रिल, रिवाइज्ड बंपर और नई टेललाइट्स देखने को मिलेंगी। संभव है कि इसमें बड़ा बैटरी पैक मिले, जिससे रेंज 250-300 किमी तक पहुंच सकती है। सनरूफ, 360-डिग्री कैमरा और बेहतर इंफोटेनमेंट जैसे फीचर्स इसे और आकर्षक बनाएंगे। यह शहर में रोजमर्रा की ड्राइविंग के लिए एक बेहतर विकल्प बनेगी। वहीं, टाटा अविन्या कंपनी की प्रीमियम ईवी लाइनअप का हिस्सा होगी, जो जेन-3 प्लेटफॉर्म पर आधारित है। इसके 2026 के मध्य तक बाजार में आने की उम्मीद है।

## चीन ने घटाया आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य, घरेलू मांग बढ़ाने योजना लागू

**- वैश्विक और घरेलू आर्थिक दबावों के बीच लिया गया यह फैसला**

**बीजिंग ।** चीन ने इस साल अपनी आर्थिक वृद्धि का लक्ष्य घटाकर 4.5 से 5 फीसदी कर दिया है। यह पहला मौका है जब पिछले तीन वर्षों तक लगातार 5 फीसदी का लक्ष्य रखने के बाद सरकार ने इसे संशोधित किया। यह कदम वैश्विक और घरेलू आर्थिक दबावों के बीच लिया गया है। अमेरिका द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क, पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष और बढ़ते वैश्विक आर्थिक संकट ने चीन की निर्यात-आधारित वृद्धि पर दबाव डाला है। पिछले साल निर्यात मजबूत रहने के बावजूद घरेलू खपत धीमी रही, जिससे आर्थिक संतुलन चुनौतीपूर्ण हो गया। चीन की संपत्ति बाजार में मंदी और धीमी घरेलू मांग ने सरकार को वृद्धि लक्ष्य घटाने पर मजबूर किया। देश का जीडीपी पिछले साल 5 फीसदी की दर से बढ़कर 20.01 लाख करोड़ डॉलर तक पहुंचा। प्रीमियर ली कियांग ने नेशनल पीपुल्स कांग्रेस (एनपीसी) में रिपोर्ट पेश करते हुए कहा कि इस साल सरकार का लक्ष्य 4.5-5 फीसदी जीडीपी वृद्धि लगभग 5.5 फीसदी शहरी बेरोजगारी, 1.2 करोड़ से अधिक नए शहरी रोजगार और 2 फीसदी उपभोक्ता मूल्य सूचकांक वृद्धि हासिल करना है। उन्होंने बताया कि शहरी और ग्रामीण निवासियों की आय बढ़ाने के लिए नई योजना लागू की जाएगी। इसके तहत 250 अरब युआन (36.17 अरब डॉलर) के विशेष ट्रेजरी बॉन्ड और 100 अरब युआन का विशेष राजकोषीय-वित्तीय समन्वय कोष घरेलू मांग विस्तार के लिए बनाया जाएगा।

## न्यूयॉर्क न्यायालय ने ट्रंप टैरिफ रद्द किए, कंपनियों को रिफंड का आदेश

**वाशिंगटन ।** न्यूयॉर्क के संघीय न्यायाधीश रिचर्ड ईटन ने कहा कि जो कंपनियां पिछले महीने सुप्रीम कोर्ट द्वारा रद्द किए गए आयात शुल्क का भुगतान कर चुकी हैं, वे अब रिफंड की हकदार हैं। सुप्रीम कोर्ट ने पाया था कि राष्ट्रपति*डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आईईईपीए (अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून) के तहत लगाए गए शुल्क असंवैधानिक थे। न्यायाधीश ईटन ने कहा कि वह केवल आईईईपीए शुल्क के रिफंड से जुड़े मामलों की सुनवाई करेंगे। इस फैसले से कंपनियों को रिफंड प्रक्रिया में स्पष्टता मिली है, जो सुप्रीम कोर्ट के 20 फरवरी के फैसले में नहीं दी गई थी। यह फैसला ट्रंप प्रशासन के लिए कानूनी और वित्तीय चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। कंपनियों के लिए यह राहत है, क्योंकि अब वे पहले भुगतान किए गए भारी शुल्क वापस प्राप्त कर सकेंगे।

## रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर पर जेएम फाइनेंशियल ने बाय रेटिंग बरकरार रखी

**नई दिल्ली ।**


जेएम फाइनेंशियल ने रिलायंस इंडस्ट्रीज (आरआईएल) के शेयर पर बाय रेटिंग को बरकरार रखा है। ब्रोकरेज ने स्टॉक का टारगेट प्राइस 1,730 रुपए तय किया है, जो वर्तमान कीमत 1,345 रुपए से करीब 29 फीसदी ऊपर है। इसका मतलब है कि निवेशकों को शेयर में अपसाइड रिटर्न का मौका मिल सकता है। शेयर इस हफ्ते लगभग 4 फीसदी गिरा है और पिछले एक महीने में करीब 8 फीसदी की कमजोरी देखी गई। बुधवार को शेयर 1,345 रुपए पर बंद हुए। गुरुवार सुबह बीएसई पर शेयर 1,383.30 रुपए पर 2.81 फीसदी बढ़त के साथ खुले, जो कंपनी के लिए सकारात्मक संकेत है। ब्रोकरेज के अनुसार मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली शेयर में गिरावट के मुख्य कारण रहे। द्धवदेशी निवेशकों की हिस्सेदारी दिसंबर 2025 में 21.1 फीसदी थी, जो मार्च 2021 में 28.3 फीसदी थी। इसी वजह से शेयर की कीमत ब्रोकरेज के बेयर केस वैल्यूएशन 1,275 रुपए के करीब आ गई। कच्चे तेल और एलएनजी की कीमत में वृद्धि से रिलायंस के ऑयल-टू-केमिकल्स (ओ2सी) कारोबार पर नकारात्मक असर नहीं होगा। इसके अलावा डीजल मार्जिन और पेट्रोकेमिकल कारोबार के मार्जिन में सुधार की संभावना है। मजबूत रिफाइनिंग मार्जिन के कारण कंपनी को निकट अवधि में फायदा होने की उम्मीद है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**सेंसेक्स 899, निफ्टी 285 अंक ऊपर आया**

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये तेजी दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबर के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 899.71 अंक बढ़कर 80,015.90 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 285.40 अंक उछलकर 24,765.90 पर बंद हुआ। बाजार में तेजी डिफेंस शेयरों के कारण आई है। सूचकांकों में निफ्टी इंडिया डिफेंस 2.55 फीसदी बढ़ है जबकि निफ्टी मेटल 2.29 फीसदी), निफ्टी पीएसई 2.22 फीसदी, निफ्टी इन्फ्रा 2.21 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 2.10 फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 2.05 फीसदी और निफ्टी एनर्जी 1.92 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। केवल निफ्टी आईटी इंडेक्स ही 0.59 फीसदी टूटकर बंद हुआ। लार्जकैप के साथ ही आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप इंडेक्स 867.40 फीसदी की तेजी के साथ 57,792.55 और निफ्टी स्मॉलकैप 257.30 अंक बढ़कर 16,538.80 पर था। आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स पैक में अदाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, एनटीपीसी, बीईएल, इंडिगो, एमएंडएम, पावर ग्रिड, मारुति सुजुकी, टाटा स्टील, बजाज फाइनेंस, सन फार्मा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, टाइटन, ट्रेंट, एशियन पेंट्स और भारती एयरटेल सबसे अधिक लाभ वाले शेयर थे। वहीं टेक महिंद्रा, एचसीएल , एचयूएल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, इन्फोसिस, टीसीएस, आईटीसी और एक्सिस बैंक के शेयर नुकसान में रहे। बाजार जानकारों के अनुसार शेयर बाजार




में तेजी निचले स्तरों पर निवेशकों की खरीदारी से आई है। निवेशकों ने मेटल, सरकारी शेयरों और इन्फ्रा से जुड़े शेयरों में काफी खरीदारी की है। इसके अलावा, वैश्विक बाजारों में तेजी के कारण भी घरेलू बाजार उछला है। इससे पहले आज सुबह एशियाई बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बीच बाजार की बढ़त के साथ शुरुआत हुई। बाजार को हैवीवेट शेयरों में आई खरीदारी से समर्थन मिला। सुबह सेंसेक्स 79,530 अंक पर खुला। इससे पहले बुधवार को सेंसेक्स 79,116 अंक पर बंद हुआ था। । इसी तरह निफ्टी भी बढ़त के साथ खुला। निफ्टी-50 24,615 अंक के स्तर पर खुला और सुबह की शुरुआत के बाद यह 76.75 अंक की बढ़त के साथ 24,572 अंक पर कारोबार कर रहा था। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार एशियाई बाजारों की मजबूती और चुनिंदा बड़े शेयरों में खरीदारी ने बाजार की शुरुआत को सकारात्मक बनाया। हालांकि, निवेशकों की नजर अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर भी बनी हुई है। खासकर ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ते तनाव ने वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता पैदा की है। इसके साथ ही कच्चे तेल की कीमतों में उछाल भी बाजार के लिए चिंता का विषय बना हुआ है।

## एनएचएआई प्रायोजित आरआईआईटी का 6,000 करोड़ का आईपीओ लॉन्च

**नई दिल्ली ।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) द्वारा प्रायोजित राजमार्ग इंफ्रा इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (आरआईआईटी) ने अपने पहले आईपीओ के लिए 99-100 रुपए प्रति यूनिट का मूल्य दायरा तय किया है। कुल आईपीओ का आकार 6,000 करोड़ रुपये तक है। सार्वजनिक निवेशक के लिए आवेदन 11 मार्च से खुलेंगे और 13 मार्च को बंद होंगे। एंकर निवेशकों के लिए बोली 10 मार्च को लगेगी। इस इन्विट का उद्देश्य राष्ट्रीय राजमार्ग संपत्तियों की मौद्रिकरण क्षमता का लाभ उठाना है। यह मुख्य रूप से खुदरा और घरेलू निवेशकों को लक्षित करता है और दीर्घकालिक उच्च गुणवत्ता वाला निवेश विकल्प प्रदान करता है। विशेषज्ञों के अनुसार यह पहल राष्ट्रीय राजमार्ग बुनियादी ढांचे के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। निवेशकों को एक स्थिर और दीर्घकालिक रिटर्न का अवसर मिलेगा, जबकि एनएचएआई अपनी संपत्तियों को प्रभावी ढंग से मौद्रीकृत कर पाएगा।

## तांबे की कीमतें घटकर 1,224 रुपए प्रति किलो पहुंची

**नई दिल्ली ।** गुरुवार को घरेलू हाजिर बाजार में मांग सुस्त रहने के कारण तांबे की वायदा कीमतों में गिरावट आई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) में अप्रैल डिलीवरी के लिए तांबा 6.25 रुपये या 0.51 प्रतिशत घटकर **1,224 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुआ। तांबे के वायदा कारोबार में कुल 208 लॉट का लेन-देन हुआ। कारोबारियों ने कहा कि वायदा बाजार में कीमतों पर दबाव देखा गया। विशेषज्ञों का कहना है कि उपभोक्ता उद्योगों की ओर से घरेलू मांग कमजोर होने के कारण तांबे की कीमतों में कमी आई। बाजार में सुस्त मांग और निवेशकों की सतर्कता ने वायदा कारोबार को प्रभावित किया।

# दुनिया के केंद्रीय बैंकों की सोना खरीद में जनवरी में बड़ी गिरावट

**- सोने की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव और कुछ मौसमी कारणों के चलते केंद्रीय बैंकों ने इस बार सावधानी बरती**

**नई दिल्ली ।** जनवरी 2026 में दुनिया के केंद्रीय बैंकों की सोना खरीद में अचानक गिरावट देखने को मिली। पिछले 12 महीनों में औसतन हर महीने लगभग 27 टन सोना खरीदा जा रहा था, लेकिन जनवरी में यह आंकड़ा घटकर केवल 5 टन रह गया। विशेषज्ञों का कहना है कि सोने की कीमतों में तेज उतार-चढ़ाव और कुछ मौसमी कारणों के चलते केंद्रीय बैंकों ने इस बार सावधानी बरती। इस दौरान उज्बेकिस्तान सबसे बड़ा खरीदार बना। देश के केंद्रीय बैंक ने 9 टन सोना खरीदा, जिससे कुल भंडार बढ़कर 399 टन हो गया। अब देश के विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी 86 फीसदी तक पहुंच गई है, जबकि 2020 में यह सिर्फ 57 फीसदी थी। बाजार के विशेषज्ञों के अनुसार यह कदम उज्बेकिस्तान की मुद्रा सुरक्षा और भंडार स्थिरता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। मलेशिया के केंद्रीय बैंक ने भी 3 टन सोना खरीदा। इसके साथ ही देश का कुल सोना भंडार 42 टन हो गया, जो उसके कुल विदेशी मुद्रा भंडार का लगभग 5 फीसदी है। यह मलेशिया की 2018 के बाद पहली सोना खरीद है, जो संकेत देती है कि देश अपने भंडार में विविधता और सुरक्षा बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। चीन के केंद्रीय बैंक ने जनवरी में 1 टन सोना खरीदा। यह लगातार 15वें महीने की खरीद है। इसके चलते चीन के कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने की हिस्सेदारी लगभग 10 फीसदी के करीब पहुंच गई है। चीन की यह निरंतर खरीदारी वैश्विक बाजार में स्थिरता और लंबे समय तक निवेश की रणनीति का हिस्सा मानी जा रही है। वहीं रूस इस दौरान सबसे बड़ा विक्रेता रहा। रूस के केंद्रीय बैंक ने अपने भंडार से 9 टन सोना बेच दिया। इसके अलावा बुल्गारिया ने यूरो अपनाने के बाद 2 टन सोना यूरोपीय सेंट्रल बैंक को ट्रांसफर किया। केडिया एडवाइजरी के अनुसार, डॉलर के मुकाबले रुपया दबाव में रह सकता है और यूएसडी/आईएनआर का स्तर 94.20 तक पहुंच सकता है। मजबूत डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और अमेरिका-भारत के ब्याज दरों का अंतर रुपये पर दबाव डाल सकता है।

## निफ्टी में दबाव जारी, निवेशकों में बढ़ी सावधानी

**नई दिल्ली ।** भारतीय शेयर बाजार बुधवार को कमजोर वैश्विक संकेतों और बढ़ती भू-राजनीतिक चिंताओं से दबाव में खुला। निफ्टी पूरे कारोबारी सत्र में सीमित दायरे में ही रहा। दिन भर हल्की रिकवरी की कोशिशों के बावजूद निफ्टी 24,480.50 के स्तर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद के मुकाबले लगभग 1.55 फीसदी की गिरावट है। बाजार के अधिकांश प्रमुख सेक्टर कमजोर रहे। मेटल, रियल्टी और एनर्जी सेक्टर में तेज बिकवाली देखने को मिली। इसके विपरीत, आईटी सेक्टर ने कुछ मजबूती दिखाई। मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांक भी 2 फीसदी से अधिक टूटे जिससे निवेशकों की चिंता और बढ़ गई। बाजार का दबाव कई कारकों से बना। वैश्विक बाजारों से नकारात्मक संकेत, कच्चे तेल की ऊंची कीमतें और भू-राजनीतिक अनिश्चितता निवेशकों के भरोसे को प्रभावित कर रही हैं। इसके अलावा विदेशी संस्थागत निवेशकों की लगातार बिकवाली और रुपये में उतार-चढ़ाव ने बाजार की धारणा को कमजोर किया। रेलिगेयर ब्रोकिंग के अनुसार निफ्टी का 24,600 सपोर्ट टूटना चिंता का संकेत है। उनका कहना है कि अब अगला बड़ा सपोर्ट 24,050 के आसपास है। यदि बाजार में सुधार होता है, तो 24,600-24,800 का दायरा मजबूत रेजिस्टेंस बन सकता है। इंडिया वीआईएक्स में 50 फीसदी से अधिक उछाल ने बाजार में बढ़ती घबराहट को भी दर्शाया।

# मुख्यमंत्री पद से कब इस्तीफा देंगे नीतीश कुमार? नए सीएम के लिए शपथ ग्रहण खरमास के पहले या बाद



पटना (एजेंसी)। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब पूर्व मुख्यमंत्री बनने वाले हैं। राज्यसभा के लिए वह राजी हो गए हैं। वह इस्तीफा देंगे, लेकिन कब और फिर कब शपथ ग्रहण होगा? जानिए हर सवाल का जवाब बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विधायक, विधान पार्षद रह चुके हैं। लोकसभा सांसद भी। अब राज्यसभा भी जा रहे हैं। मतलब, बिहार के सीएम की कुर्सी खाली हो रही है। कुर्सी कब खाली होगी और अगला चेहरा उस कुर्सी पर कब विराजमान होगा, इन सवालों का जवाब भी समझना अब जरूरी हो गया है। आइए जानते हैं सारी बात... नीतीश कुमार का तुरंत इस्तीफा देना मजबूरी नहीं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करने जा रहे हैं। ऐसा नहीं है कि नामांकन के साथ ही उन्हें मुख्यमंत्री की कुर्सी छोड़ देनी होगी। भारतीय जनता पार्टी जल्द से जल्द यह कुर्सी हासिल करना चाहेगी, ताकि माहौल उलटा न बन जाए। जबकि, नीतीश कुमार के पास फैसला लेने के लिए समय रहेगा। 5 मार्च, यानी आज राज्यसभा के लिए नामांकन होगा और 16 मार्च को उनका निर्विरोध निर्वाचित होना तय है। इसके बाद चूंकि 9 अप्रैल तक मौजूदा राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल है तो इस समय तक मुख्यमंत्री के रूप में नीतीश कुमार के बने रहने में कोई तकनीकी परेशानी नहीं। खरमास के नाम पर भाजपा दिखा सकती है तेजी भाजपा के लिए नीतीश कुमार को पदच्युत करना बहुत आसान नहीं था और न आगे रहेगा। फिर भी, चूंकि नीतीश कुमार ने खुद राज्यसभा जाने की बात को लेकर भाजपा के दबाव की चर्चा नहीं की है तो आगे भारतीय जनता पार्टी अपना सीएम और जदयू के दो डिप्टी सीएम के प्रस्ताव को लेकर जल्द से जल्द नीतीश कुमार से इस्तीफा लेने का प्रयास भी करेगी। 15 मार्च के बाद खरमास शुरू हो रहा है और 16 मार्च को निर्विरोध राज्यसभा के लिए जीत का एलान होना है। चूंकि, 202 सदस्यों के कारण विधानसभा कोटे से राज्यसभा के रास्ते में कोई दिक्कत नहीं है, इसलिए भाजपा खरमास से पहले ही नई सरकार के गठन का रास्ता तय करना चाहेगी। जानिए, सीएम नीतीश कुमार ने क्या कहा? मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया पर लिखा कि पिछले दो दशक से भी अधिक समय से आपने अपना विश्वास और समर्थन मेरे साथ लगातार बनाए रखा है, तथा उसी के बल पर हमने बिहार की और आप सब लोगों की पूरी निष्ठा से सेवा की है। आपके विश्वास और समर्थन की ही ताकत थी कि बिहार आज विकास और सम्मान का नया आयाम प्रस्तुत कर रहा है। इसके लिए पूर्व में भी मैंने आपके प्रति कई बार आभार व्यक्त किया है। संसदीय जीवन शुरू करने के समय से ही मेरे मन में एक इच्छा थी कि मैं बिहार विधान मंडल के दोनों सदनों के साथ संसद के भी दोनों सदनों का सदस्य बनूं। इसी क्रम में इस बार हो रहे चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनना चाह रहा हूं। मैं आपको पूरी ईमानदारी से विश्वास दिलाना चाहता हूं कि आपके साथ मेरा यह संबंध भविष्य में भी बना रहेगा एवं आपके साथ मिलकर एक विकसित बिहार बनाने का संकल्प पूर्ववत कायम रहेगा। जो नई सरकार बनेगी उसको मेरा पूरा सहयोग एवं मार्गदर्शन रहेगा।

## होली के दिन चार सिपाही निलंबित, शांति के लिए सड़कों पर पुलिस अधिकारी



दरभंगा (एजेंसी)। दरभंगा में होली पर कई बड़ी हैपनिंग हुई। कई घटनाएं भी हुईं। होली के दिन ही चार सिपाही निलंबित हो गए। वो ड्यूटि पर नहीं आए थे। होली में शांति के लिए सड़कों पर पुलिस अधिकारी उतर गए है। लोगों ने धूम धाम से होली का पर्व मनाया है। 1 करोड़ 85 लाख से बन रही 74 दुकानों के निर्माण में अनियमितता सामने आई है। दरभंगा में होली पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बरतने के आरोप में एसएसपी ने चार सिपाहियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। सभी के खिलाफ विभागीय कार्रवाई शुरू कर दी गई है। केवटी थाना के थानाध्यक्ष की ओर से समर्पित रिपोर्ट में लिखा है कि महिला सिपाही 1347 लक्ष्मी कुमारी 3 मार्च 2026 से बिना किसी सूचना के अपने कर्तव्य से अनुपस्थित हैं। वहीं, ढळउ 124 राधेश्याम राम को 2 मार्च 2026 की रात 10 बजे से 3 मार्च 2026 की सुबह 8 बजे तक ओडी ड्यूटी में प्रतिनियुक्त किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, वे 3 मार्च 2026 को रात 12:30 बजे के बाद ड्यूटी छोड़कर बिना सूचना के चले गए। दरभंगा में होली में किसी तरह की अशांति न हो इसके लिए पुलिस अधिकारी और पुलिस बल शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक फ्लैग मार्च कर रहे हैं। फ्लैग मार्च पुलिस लाइन से निकलकर हाजमा चौराहा, दिल्ली मोड़, दरभंगा रेलवे स्टेशन, लहेरियासराय टावर सहित प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों और संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरा। इस दौरान आम नागरिकों से शांति, भाईचारे-सौहार्द के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। दरभंगा के लहेरियासराय के बीके रोड में 1 करोड़ 85 लाख से बन रही 74 दुकानों के निर्माण में अनियमितता सामने आई है। दुकानदारों की शिकायत पर नगर निगम की उप-मेयर नाजिया हसन ने कार्य का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल उठे, जिसके बाद स्थल पर हंगामा हो गया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर डाला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, 4 दिन पहले जोड़ी गई एक दीवार बेहद कमजोर पाई गई। आरोप है कि प्लास्टर और ईंटें हाथ लगाने पर ही ढीली पड़ने लगीं। इससे नाराज उप-मेयर ने मौके पर ही दीवार को हाथ से धक्का दिया, जिससे कुछ ईंटें गिर गईं। उन्होंने मौजूद कनीय अभियंता को कड़ी फटकार लगाते हुए निर्माण गुणवत्ता में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। रे देश में इन दिनों होली की धूम है।

## बिहार के इस जिले में जातीय विवाद को लेकर पथराव, 112 की गाड़ी में तोड़फोड़, महिला पुलिसकर्मी घायल

दरभंगा (एजेंसी)। दरभंगा के सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के लोरीका गांव में होली के दौरान रंग खेलने को लेकर शुरू हुआ विवाद जातीय तनाव और पथराव में बदल गया। डायल 112 पुलिस वाहन में तोड़फोड़ की गई, जिसमें एक महिला पुलिसकर्मी समेत करीब 12 लोग घायल हो गए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है दरभंगा जिले में होली की रात सिंहवाड़ा थाना क्षेत्र के भरूल्ली पंचायत स्थित लोरीका गांव में रंग खेलने के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद बढ़कर जातीय तनाव और पथराव में बदल गया। सहनी टोला और चौपाल टोला के बीच बढ़े विवाद के दौरान सूचना पर पहुंची डायल 112 की पुलिस गाड़ी में जमकर तोड़फोड़ की गई। इस घटना में एक महिला पुलिसकर्मी समेत करीब 12 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सभी घायलों का इलाज कराया जा रहा है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आठ लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपित फरार हैं। घटना के बाद से गांव में भारी तनाव बना हुआ है। सूचना मिलते ही दरभंगा एसएसपी ने भारी संख्या में पुलिस बल भेजकर गांव में तैनात कर दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लोरीका गांव निवासी अनरजीत सहनी ने अनिल चौपाल को अपने घर रंग खेलने के लिए बुलाया था। इसी दौरान अमरजीत सहनी के पहुंचने पर कहासुनी शुरू हो गई। आरोप है कि अमरजीत सहनी ने अनिल चौपाल के खिलाफ जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। विरोध करने पर विवाद बढ़ गया और सरसों तेल के खाली टीन से हमला किए जाने की बात सामने आई है। दोनों पक्षों के घरों की दूरी करीब 150 मीटर बताई जा रही है। पथराव में महिला पुलिसकर्मी घायल मारपीट की सूचना मिलते ही चौपाल समुदाय के लोगों ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस टीम के मौके पर पहुंचने के दौरान स्थिति और बिगड़ गई। कुछ लोगों ने डायल 112 वाहन पर पथराव कर उसे क्षतिग्रस्त कर दिया।

## प्रस्तावित आर्मी स्टेशन के लिए जमीन अधिग्रहण पर बवाल



पटना (एजेंसी)। सीमांचल के सीमावर्ती किशनगंज में भारतीय सेना के लिए करीब 250 एकड़ जमीन अधिग्रहण का मामला तेजी से तूल पकड़ रहा है। कोचाधामन अंचल के सतभीट्टा, कन्हैयाबाड़ी और बहादुरगंज अंचल के शकोर और नटवापाड़ा मौजा में चिन्हित जमीन पर ग्रामीणों का कहना है कि यह इलाका पूरी तरह घनी आबादी वाला है। जहां ईदगाह, मस्जिद, कब्रिस्तान और सैकड़ों परिवारों के घर मौजूद हैं। अधिग्रहण की प्रक्रिया शुरू होते ही ग्रामीण, किसान और जनप्रतिनिधि सरकार के खिलाफ खुलकर सामने आ गए हैं। दैनिक भास्कर की टीम जब सतभीट्टा गांव पहुंची तो वहां तनाव और बेचैनी साफ झलक रही थी। खेतों के बीच बनी पगडंडियों पर चलते हुए हम नजमुद्दीन नामक किसान से मिले। उनकी आंखों में डर साफ दिख रहा था। उन्होंने कहा, हमारी पीढ़ियां यहीं खेती कर रही हैं। घर-बार, मस्जिद, कब्रिस्तान सब यहीं है। अगर यह जमीन चली गई तो हम कहाँ जाएंगे? सरकार चाहे तो दूसरे जगह दे सकती है, लेकिन आबादी हटाना असंभव है। सतभीट्टा की ही एक बुजुर्ग महिला ने भावुक होकर कहा, ईदगाह और कब्रिस्तान को क्या कहीं और ले जाया जा सकता है? जमीन सिर्फ मिट्टी नहीं, हमारी पहचान है। हम सेना का सम्मान करते हैं, पर घरझआस्था नहीं छोड़ सकते हैं। गांव के कई परिवारों की पीढ़ियाँ यहीं बसी हुई हैं। विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि जमीन जाने का मतलब है उनकी आजीविका, खेती, घर और धार्मिक विरासत सबकुछ खत्म हो जाना है। जिला प्रशासन और राजस्व विभाग की प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार अधिग्रहण के लिए जिन चार मौजा को चिन्हित किया गया है, वे इस प्रकार हैं सतभीट्टा (कोचाधामन), कन्हैयाबाड़ी (कोचाधामन), शकोर (बहादुरगंज), नटवापाड़ा (बहादुरगंज) इन चारों जगहों पर लगभग 240 250 एकड़ जमीन चिन्हित की गई है। सभी स्थान घने आबाद हैं और मुख्य रूप से खेती योग्य जमीन है। विरोध की सबसे मुखर आवाज अक्टक्ट के विधायकों की ओर से उठ रही है। बहादुरगंज विधायक तौसीफ आलम ने दैनिक भास्कर से कहा हम सेना के खिलाफ नहीं हैं। कोचाधामन विधायक सरवर आलम ने भी जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर वैकल्पिक जमीन की मांग की है। दोनों विधायकों के साथ अक्टक्ट प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल इमान ने भी पटना में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात कर जमीन बदलने की अपील की है। किशनगंज के कांग्रेस सांसद मोहम्मद जावेद ने भी इस मसले को लोकसभा में उठाया है और कहा कि स्थानीय आबादी को उजाड़ना उचित नहीं है।

## अग्निशमन विभाग के आईजी एम सुनील नायक आंध्र पहुंचे:स्टेटमेंट रिकॉर्ड करेगी आंध्र पुलिस, पूर्व सांसद से जुड़े मामले को लेकर 9 मार्च को सुनवाई

पटना (एजेंसी)। बिहार अग्निशमन विभाग के क्क्ष एम सुनील नायक आंध्र प्रदेश पहुंच गए हैं। आंध्र हाईकोर्ट के डायरेक्शन के मुताबिक पूर्व सांसद के रघु रामकृष्णा राजू के साथ प्रताड़ना मामले में अपना स्टेटमेंट केस के इन्वेस्टिगेशन ऑफीसर के सामने रिकॉर्ड कराएंगे। मामले में आंध्र पुलिस आईजी एम सुनील नायक को बलपूर्वक अरेस्ट करके पटना से आंध्र ले जाना चाहती थी, लेकिन अधूरे डॉक्यूमेंट के चलते नहीं ली जा पाई थी। पटना सिविल कोर्ट ने आधे अधूरे डॉक्यूमेंट के कारण ट्रांजिट रिमांड रिफ्यूज कर दिया था। आंध्र पुलिस के सख्त रुख को देखते हुए एंटीसिपेटरी बेल के लिए आईजीएम सुनील नायक की ओर से आंध्र प्रदेश हाई कोर्ट में अर्जी लगाई है। जिस पर सुनवाई चल रही है। सुनील नायक के अधिवक्ता कुणाल तिवारी के अनुसार मामले की अगली सुनवाई 9 मार्च को होगी। फिलहाल कोर्ट ने आंध्र पुलिस के एक्शन पर रोक लगा दिया है। सांसद के खिलाफ इंक्वाइरी करने के आदेश मिले थे अधिवक्ता कुणाल तिवारी ने बताया कि सुनील नायक 2021 में आंध्र प्रदेश में डेप्युटेशन पर सीआईडी में डीआईजी थे। पूर्व सांसद लगातार वहां के सीएम के बारे में अभद्र टीका टिप्पणी कर रहे थे। इसे लेकर सीआईडी के डीजी ने सुनील नायक को इंक्वारी करने के लिए कहा था। इन्होंने इंक्वारी की। इनकी इंक्वाइरी के आधार पर पूर्व एमपी के खिलाफ केस दर्ज हुआ। बस इनका रोल यही तक था। अधिवक्ता ने कहा कि सुनील नायक 2023 में वापस बिहार आ गए। जब आंध्र में सरकार बदली तो 2021 के मामले को लेकर 2024 में पूर्व सांसद ने केस रजिस्टर्ड कर दिया। हालांकि इसमें भी आईजी एम सुनील नायक को नामजद नहीं किया गया था। मामला तब तूल पकड़ा जब 2025 में आंध्र पुलिस ने इठरर 179 के तहत सुनील नायक को समन किया। जो नियमों के खिलाफ है, क्योंकि पुलिस इसके तहत लोकल जूरिडिक्शन या एडजॉइनिंग जूरिडिक्शन में ही स्टेटमेंट रिकॉर्ड करने के लिए समन दे सकती है। सुनील नायक ने इसका जवाब दिया।

## बिहार की कल की 10 बड़ी खबरें:तेजप्रताप ने ढोल बजाया, तेजस्वी ने गुलाल उड़ाया; मां रीना पासवान ने खोला चिराग की शादी का राज



पटना (एजेंसी)। होली के रंग के साथ बिहार में सियासत भी पूरी तरह गरमाई रही। राज्यसभा के लिए उम्मीदवारों के ऐलान से लेकर जिलों में हुई हादसों तक, पूरे दिन बिहार में घटनाक्रम तेज रहा। अगर आप दिनभर की भागदौड़ में खबरें मिस कर गए हैं, तो यहां पढ़िए राजनीति से हादसों तक बिहार की कल की सभी बड़ी और अहम खबरों का अपडेट। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना पद छोड़कर राज्यसभा जा सकते हैं। बुधवार शाम इसे लेकर सीएम आवास पर अहम बैठक हुई। इसमें संजय झा और विजय चौधरी मौजूद रहे। बताया जा रहा कि पार्टी के बड़े नेता नहीं चाहते हैं कि नीतीश दिल्ली जाएं। इसी दौरान जदयू ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा- नीतीश कुमार जी बिहार के सर्वस्वीकार्य नेता हैं। उनकी लोकप्रियता आज हर क्षेत्र में स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। लोगों का यह स्नेह और अपार समर्थन ही उनकी वास्तविक पहचान है।2. तेजस्वी-तेजप्रताप ने खेली कुर्ता फाड़ होली:बड़े भाई ने ढोल बजाया, छोटे ने गुलाल उड़ाया बिहार में होली धूमधाम से मनाई जा रही है। राजनीतिक गलियारों में भी होली की खासी रौनक है। लालू यादव के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव ने पार्टी दफ्तर में कार्यकर्ताओं संग होली खेली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उनके कपड़े फाड़ दिए नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बेटी कात्यायनी के साथ होली खेलते हुए वीडियो साझा किया। वीडियो में कात्यायनी अपने पापा को रंग लगाती नजर आईं। इसके साथ ही समर्थकों के साथ गुलाल उड़ाया। 3. सेफ्टी टैंक में दम घुटने से 4 लोगों की मौत:सीतामढ़ी में मरने वालों में बाप-बेटे भी सीतामढ़ी में होली के दिन सेफ्टी टैंक में दम घुटने से बाप-बेटे समेत 4 लोगों की मौत हो गई। एक बच्चे को बचाने के लिए 7 लोग टैंक में उतरे थे। 3 लोगों की हालत गंभीर है। घटना बुधवार की सुबह 9 बजे की है। सभी बोखड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत कुरहर पंचायत के वार्ड संख्या 13 के रहने वाले है। चारों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। वहीं, घायलों का इलाज सीतामढ़ी के सदर अस्पताल में चल रहा है। 4. 'चिराग सुनता नहीं...वरना कब की शादी करवा देती':केंद्रीय मंत्री की मां बोलीं- मेरा बस चले तो मैं आज ही शादी कर दूं केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान अपनी शादी को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में हैं। चिराग के समर्थक उनकी शादी को लेकर काफी उत्साहित रहते हैं, लेकिन वह अपनी शादी नहीं कर रहे हैं। इसी बीच चिराग पासवान की शादी को लेकर उनकी मां रीना पासवान ने बड़ा बयान दिया है। होली से पहले मोतिहारी में मंगलवार शाम बड़ा हादसा हो गया। 5 लड़की समेत 6 बच्चों की नदी में डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सभी बच्चे बकरी चराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान वे नहाने के लिए नदी में उतर गए। नहाते समय एक बच्ची गहरे पानी में चली गई। उसे बचाने के प्रयास में अन्य चार लड़कियां और एक लड़का गहरे पानी में चले गए और सभी डूब गए। 6. 'लाठीचार्ज किया, रउट ने लड़कियों की कॉलर पकड़ी':बेगूसराय में धरने पर बैठे होमगार्ड कैंडिडेट्स बोले- गंदी गालियां दीं बेगूसराय में होली पर चयनित होमगार्ड अभ्यर्थियों ने पुलिस पर लाठीचार्ज के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि हम लोग मंगलवार की रात धरना दे रहे थे। धरनास्थल पर पुलिस आई और हमें बस में बैठाकर शांत जगह ले गई। वहां हमारे साथ मारपीट गई। रउट अनिल कुमार सर ने लड़कियों की कॉलर पकड़ी। उनके साथ महिला पुलिस भी नहीं थी।

# बिहार में मार्च में चलने लगेंगे AC–अप्रैल में लू:10 मार्च को हो सकती है बारिश



पटना (एजेंसी)। पटना बिहार में मार्च में ही अप्रैल जैसी गर्मी पड़ने लगी है। बीते 24 घंटे के दौरान राज्य का मौसम शुष्क बना रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (IMD) के अनुसार अगले एक सप्ताह के दौरान ऐसी ही स्थिति बनी रह सकती है। मौसम शुष्क रहेगा। चिलचिलाती धूप के चलते दोपहर में बाहर निकलना मुश्किल होगा। पिछले 24 घंटे में राज्य का सबसे ज्यादा अधिकतम तापमान बांका में 33.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पटना, मुजफ्फरपुर, गया समेत राज्य के अन्य शहरों में गर्मी ज्यादा महसूस हो रही है। ग्रामीण इलाकों में रात से सुबह तक हल्की ठंडक है। सबसे कम न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस औरंगाबाद में दर्ज किया गया। राज्य का न्यूनतम तापमान 13.3 से 19.8 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार इस साल लू वाले दिनों की संख्या ज्यादा रह सकती है। मई के बदले अप्रैल से ही लू चलने की आशंका है। अगले एक सप्ताह में बिहार का मौसम कैसा रहेगा? इस साल गर्मी कितनी पड़ेगी? मानसून कैसा रहेगा अगले 6 दिनों तक शुष्क बना रहेगा मौसम, इसके बाद होगी बारिश IMD के अनुसार अगले 6 दिनों तक बिहार में मौसम शुष्क बना रहेगा। इसके बाद सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार जिले में एक या दो स्थानों पर बारिश हो सकती है। अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों के अधिकतम तापमान में 1-3त्उ की वृद्धि होगी। वहीं, अगले 48 घंटों के दौरान राज्य के अनेक स्थानों के न्यूनतम तापमान में 2-4त्उ की वृद्धि होगी। एक सप्ताह में अधिकतम तापमान 36 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊपर पहुंच सकता है। क्टऊने 5 मार्च से 9 मार्च 2026 तक के लिए राज्य के किसी भी जिले के लिए मौसम संबंधी कोई चेतावनी जारी नहीं की है। 10 मार्च को सुपौल, अररिया, किशनगंज, पूर्णिया और कटिहार में एक या दो स्थानों पर बारिश होने और बिजली गिरने की संभावना है। हवा की रफ्तार 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। वेस्टर्न डिस्टरबेंस मिडिल लेवल ट्रोपोस्फेरिक वेस्टरलीज में एक ट्रफ के तौर पर बना हुआ है। इसका एक्सिस समुद्र तल से 5.8 साउथ असम और आस-पास के इलाकों में समुद्र तल से 0.9 ` ऊपर अपर एयर साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। पश्चिम बंगाल के गंगा के उत्तर के इलाके और उससे सटे बांग्लादेश के ऊपर समुद्र तल से 0.9 km ऊपर एक अपर एयर साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। सबट्रॉपिकल वेस्टली जेट स्ट्रीम समुद्र तल से 12.6 ` ऊपर उत्तर पश्चिम भारत में बनी हुई है। बंगाल की खाड़ी के दक्षिणी हिस्से और उससे सटे इक्वेटोरियल हिंद महासागर के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन बना हुआ है। यह समुद्र तल से 1.5 ` ऊपर है। एक नया वेस्टर्न डिस्टर्बेंस 6 मार्च 2026 से वेस्टर्न हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित कर सकता है। मौसम में आए बदलाव को लेकर हमने पटना मौसम विज्ञान केंद्र के डायरेक्टर आनंद शंकर से बात की। उन्होंने कहा कि अगले एक सप्ताह तक बारिश नहीं होगी। तापमान में इजाफा होगा। मार्च में ही तापमान 33 डिग्री सेल्सियस के पार जा रहा है। यह सब ग्लोबल वार्मिंग का असर है। पिछले वर्ष की तुलना में तापमान बढ़ने की आशंका है। पिछले 15 वर्षों के तापमान पर नजर डालें तो बिहार का वार्षिक औसत सतही वायु तापमान लगभग 24 डिग्री सेल्सियस रहता है। मार्च 2025 में बिहार में गर्मी ने 15 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़ दिया था। तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। फरवरी 2026 में अधिकतम तापमान 31.3 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचा है।

संक्षिप्त डायरी

## ससुर मेरी ढाई साल की बच्ची का प्राइवेट पार्ट छूते

पटना (एजेंसी)। बिहार राज्य महिला आयोग में एक मामला सामने आया है जिसमें एक मुस्लिम महिला ने अपने ससुर पर गलत तरीके से छूने का आरोप लगाया है। यहां तक की उसका ससुर ढाई साल की पोती को भी गलत तरीके से प्राइवेट पार्ट में छूता है, जिस कारण उसे इन्फेक्शन हो गया है। इस बात की शिकायत अपने पति से करने पर वह जवाब देता है कि अभी बच्ची है तो छू रहे हैं, बड़ी हो जाएगी तो नहीं छुएंगे। बच्ची की मां मामले को लेकर महिला आयोग पहुंची है। यह मामला पटना के फुलवारी शरीफ थाने का है। ससुराल वालों की प्रताड़ना से बच्ची की मां का 2 बार मिसकैरेज, घर से निकाला, शिकातय में पीड़िता ने और क्या कहा पीड़िता ने बताया कि मेरी शादी 2022 में हुई थी। शादी के कुछ दिन बाद मेरे साथ मारपीट की गई, ससुर और देवर ने मुझसे 10 लाख रुपए पिता से मांगकर लाने को कहा। पैसे नहीं लाने पर मुझे कमरे में बंद कर दिया और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक की मेरे पति ने हमारे कमरे में कैमरा भी लगा दिया और हमारे निजी पलों के वीडियो को रिकॉर्ड कर लिया है और पैसे ना देने पर उसे वायरल करने की धमकी देता है। मैं शादी के 2 महीने बाद प्रेग्नेंट हुई, लगा कि अब सब कुछ ठीक हो जाएगा। मगर मेरे ससुराल पक्ष के लोगों ने मुझे इतना प्रताड़ित किया है कि 6 महीने बाद मेरा मिसकैरेज हो गया। मेरे ससुर की नजर मुझपर सही नहीं है। वह मुझपर गंदी नजर रखता है। मैं कमरे में सोई रहती हूं या फिर कपड़े बदलती हूं तो वह मुझे छिपकर देखता है। मेरी अभी ढाई साल की एक बेटी है जिसे मेरे ससुर गलत तरीके से छूता है। मैंने कई बार उन्हें मेरी बेटी के प्राइवेट पार्ट को छूते हुए देखा है, जिससे उसे तीन बार इन्फेक्शन भी हो गया है। 2025 में मेरा दोबारा मिसकैरेज भी हुआ है। मेरे ससुराल पक्ष के लोगों ने मेरे शादी के गहने भी रख लिए हैं और मुझे घर से बाहर निकाल दिया है। बिहार राज्य महिला आयोग की सदस्य रश्मि रेखा सिन्हा ने कहा कि आवेदिका ने अपने ससुर और देवर को लेकर शिकायत दर्ज की है। अभी उसका पति फरार चल रहा है। वह कहां गया है, किसी को कुछ पता नहीं है। आवेदिका भी अपने पति को लेकर परेशान है। वह भी अपने पति के साथ बिना किसी प्रताड़ना के रहकर घर बसाना चाहती है। उसका दो बार मिसकैरेज भी हो चुका है। मामले की अगली सुनवाई 6 अप्रैल को है।

## होली के दिन CRPF जवानों और ग्रामीणों में भिड़ंत, मारपीट और तोड़फोड़ का आरोप

पटना (एजेंसी)। पटना जिले के मोकामा प्रखंड के औंटा गांव में होली के दौरान सीआरपीएफ जवानों और ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गई। ग्रामीणों ने जवानों पर मारपीट और घरों में तोड़फोड़ का आरोप लगाया, जबकि सीआरपीएफ ने कैंपस में पथराव और जवानों से मारपीट का दावा किया है। पटना के बाढ़ अनुमंडल के मोकामा प्रखंड अंतर्गत औंटा गांव में बुधवार शाम सीआरपीएफ जवानों और स्थानीय ग्रामीणों के बीच हिंसक झड़प हो गई, जिससे पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल पैदा हो गया।ग्रामीणों के अनुसार, गांव के युवक शांतिपूर्वक होली का अबीर खेल रहे थे। इसी दौरान लगभग सौ से अधिक की संख्या में सीआरपीएफ जवान गांव में पहुंचे और कथित तौर पर घेराबंदी कर युवकों की पिटाई शुरू कर दी, जिससे कई युवक घायल हो गए। युवक जान बचाकर मौके से भागे और परिजनों को इसकी जानकारी दी। अपने बच्चों को पिटता देख गांव की लगभग 20-25 महिलाएं एकजुट होकर शिकायत करने सीआरपीएफ कैंप के गेट पर पहुंचीं। सभी महिलाएं सीआरपीएफ के डीआईजी से मिलकर न्याय की मांग करना चाहती थीं। आरोप है कि वहां तैनात जवानों ने उन्हें अंदर जाने से रोका और महिलाओं तथा बच्चियों के साथ भी मारपीट की, जिससे कई लोग घायल हो गए। महिलाओं के साथ मारपीट ने बिगाड़ा माहौल महिलाओं के साथ हुई मारपीट के बाद मामला और बिगड़ गया। बताया जा रहा है कि इसके बाद सीआरपीएफ जवानों की एक बड़ी टोली पुनः औंटा गांव में दाखिल हुई। जवानों ने घरों में घुसकर लोगों के साथ मारपीट की, जिससे कई घरों के दरवाजे और खिड़कियां क्षतिग्रस्त हो गईं तथा कई लोगों को गंभीर चोटें आईं। किसी का सिर फट गया तो किसी का हाथ टूट गया। फिलहाल पूरे औंटा गांव में भय का माहौल है। त्योहार का खुशी भरा माहौल हिंसा में बदल जाना लोगों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण साबित हुआ। जानकारी के अनुसार, पूरा मामला होली के एक दिन पहले शुरू हुआ था। सीआरपीएफ गेट के पास कुछ युवक नशा कर रहे थे। सिविल ड्रेस में मौजूद जवानों ने उन्हें वहां नशा करने से मना किया, जिस पर विवाद बढ़ गया और दो जवानों के साथ मारपीट की गई। इसके बाद दर्जनों जवान गांव में पैदल मार्च कर लौट गए।

## 'मुख्यमंत्री का फैसला नहीं लगता, इस पर हमें संदेह

दरभंगा (एजेंसी)। दरभंगा बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अपना पद छोड़कर राज्यसभा जा रहे हैं। इस पर जदयू कोटे से मंत्री मदन सहनी ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मीडिया के माध्यम से यह जानकारी मिल रही है कि मुख्यमंत्री को राज्यसभा भेजा जा सकता है, लेकिन उन्हें इस निर्णय का कोई औचित्य समझ में नहीं आता। हमें भरोसा नहीं है कि यह निर्णय मुख्यमंत्री जी का हो सकता है। ऐसा फैसला वे खुद लेंगे, इस पर भी हमें संदेह है। सरकार बने अभी कुछ ही महीने हुए हैं और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार सुचारू रूप से कार्य कर रही है। ऐसे समय में मुख्यमंत्री का पद छोड़कर केंद्र की राजनीति में जाना क्यों जरूरी होगा, यह बड़ा सवाल है। इस तरह का फैसला जल्दबाजी में लिया जाना उचित नहीं होगा। क्यों नहीं बन सकते। यह कोई बड़ी बात नहीं है। मुख्यमंत्री का पद छोड़कर केंद्र में जाना कितना लाभकारी होगा, इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए। मदन सहनी ने आगे कहा कि हमलोग कई महीनों से इंतजार में हैं कि निशांत जी राजनीति में सक्रिय भूमिका निभाएं और जनता दल (यू) के एक नेता के रूप में जिम्मेदारी अपने कंधों पर लें। हम उनके साथ पहले भी थे और आगे भी सहयोग के लिए तैयार हैं। हालांकि अंतिम निर्णय खुद मुख्यमंत्री ही लेंगे।

## साली के साथ छेड़छाड़ करने पर अपराधियों ने चला दी गोली

भागलपुर (एजेंसी)। नवगछिया के परवत्ता थाना क्षेत्र में होली के दौरान साली से छेड़छाड़ को लेकर हुए विवाद में अपराधियों ने बहनोई समेत दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस जिला नवगछिया के परवत्ता थाना क्षेत्र में होली के दौरान साली के साथ छेड़छाड़ को लेकर हुए विवाद में अपराधियों ने बहनोई समेत दो युवकों की गोली मारकर हत्या कर दी, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना परवत्ता थाना क्षेत्र के बोड़वा गांव की है। मृतकों की पहचान खगड़िया जिले के पसराहा थाना क्षेत्र के कोलवार भौरकाट निवासी स्व. सदानंद मंडल के पुत्र गुलशन कुमार तथा अनिल मंडल के पुत्र नीरज कुमार के रूप में हुई है। वहीं बिजो मंडल के पुत्र राजेश कुमार गोली लगने से घायल हो गए हैं। जानकारी के अनुसार गुलशन कुमार का ससुराल इस्माइलपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर चंडीस्थान में है। वह अपनी पत्नी के साथ 3 मार्च को ससुराल आया था। 4 मार्च को होली के मौके पर गुलशन के दोस्त नीरज कुमार और राजेश कुमार भी बाइक से उसके ससुराल पहुंच गए। होली खेलने के बाद तीनों गुलशन के मौसिया ससुराल, जो परवत्ता थाना क्षेत्र के बोड़वा गांव में देवन मंडल का घर है, वहां चले गए। बताया जा रहा है कि इसी दौरान साली के साथ छेड़छाड़ को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि अपराधियों ने तीनों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। फायरिंग में गुलशन कुमार और नीरज कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि राजेश कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



# सुबह की ये गलत आदतें सेहत को पहुंचा सकती हैं भारी नुकसान

## कहीं आप भी तो नहीं करते ये गलतियां?

कहते हैं कि सुबह की पहली किरण सिर्फ सूरज की रोशनी नहीं, बल्कि नई ऊर्जा और संभावनाओं का उपहार लेकर आती है। हालांकि, आज की आधुनिक और भागदौड़ भरी जिंदगी में कुछ लोगों ने इस बेशकीमती समय को अपनी गलत आदतों की भेंट चढ़ा दिया है।

हेल्थ एक्सपर्ट्स के अनुसार सुबह के समय हमारा शरीर 'रिकवरी मोड' से बाहर आ रहा होता है, ऐसे में नींद खुलते अक्सर लोग कुछ ऐसी गलतियां करते हैं जो शरीर को अंदर से खोखला बना सकता है। यह छोटी सी लापरवाही आपके मेटाबॉलिज्म, मानसिक स्वास्थ्य और पाचन तंत्र पर गहरा असर करती है।

अगर आप भी सुबह उठते ही भारीपन या तनाव महसूस करते हैं, तो इसका सीधा संबंध आपके मॉर्निंग रूटीन की उन गलतियों में है जो जाने-अनजाने में आपकी कार्यक्षमता और आयु को कम कर रही हैं। आइए इस लेख में इसी के बारे में जानते हैं कि वो कौन-सी आदतें हैं जिन्हें तुरंत बदलना जरूरी है।

सुबह उठते ही स्मार्टफोन का इस्तेमाल

नींद खुलते ही मोबाइल स्क्रीन की 'ब्लू लाइट' के संपर्क में आना आपकी आंखों और दिमाग के लिए बेहद हानिकारक है। जैसे ही आप सोशल मीडिया या काम के ईमेल देखते हैं, शरीर में 'कोर्टिसोल' (स्ट्रेस हार्मोन) का लेवल अचानक बढ़ जाता है। यह आदत आपको दिन की शुरुआत में ही मानसिक रूप से थका देती है और एकाग्रता में कमी का कारण बनती है।

खाली पेट चाय या कॉफी का सेवन

भारतीय घरों में 'बेड टी' का रिवाज आम है, लेकिन यह पाचन तंत्र के लिए एक बड़ा खतरा हो सकता है। खाली पेट कैफीन का सेवन शरीर में एसिडिटी और पित्त के असंतुलन को बढ़ाता है। इससे न सिर्फ पेट में जलन और कब्ज की समस्या होती है, बल्कि यह शरीर के पोषक तत्वों को अवशोषित करने की क्षमता को भी कम कर देता है।

### पानी न पीना और डिहाइड्रेशन का जोखिम

रात भर की 7-8 घंटे की नींद के बाद हमारा शरीर पूरी तरह डिहाइड्रेट (पानी की कमी) हो जाता है। सुबह उठकर पानी न पीना आपके अंगों को सक्रिय होने से रोकता है। पानी की कमी के कारण किडनी और लीवर शरीर से टॉक्सिन्स को बाहर नहीं निकाल पाते, जिससे त्वचा बेजान नजर आने लगती है और आप सुबह से ही सुस्ती महसूस करते हैं।

### नाश्ता स्किप करना है बड़ी लापरवाही

सुबह का नाश्ता दिन का सबसे महत्वपूर्ण भोजन है, जिसे छोड़ने से ब्लड शुगर लेवल बिगड़ सकता है। जो लोग वजन घटाने के चक्कर में नाश्ता नहीं करते, उनका मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है और वे दोपहर में ओवरईटिंग करने लगते हैं। एक हेल्दी जीवन के लिए सुबह जल्दी उठें, गुनगुना पानी पिएं और पोषक तत्वों से भरपूर नाश्ता करें ताकि आप दिन भर एनर्जेटिक बना रहे।

# चेहरे पर होते हैं मुंहासे, जानें इनसे बचने के तरीके



**हर कोई अपनी स्किन को साफ, चमकदार और बेदाग देखना चाहता है, लेकिन चेहरे पर अचानक आने वाले पिंपल्स या मुंहासे इस खूबसूरती को बिगाड़ देते हैं। अक्सर किसी खास मौके से पहले ही चेहरे पर एक बड़ा सा पिंपल निकल आता है, जिससे आत्मविश्वास भी कम हो जाता है।**

किशोरावस्था से लेकर बड़ों तक, मुंहासों की समस्या आम है और ये किसी भी स्किन टाइप में हो सकती है। कई लोग महंगे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन सही कारण जाने बिना समस्या बार-बार लौट आती है।

दरअसल, मुंहासे सिर्फ बाहरी गंदगी की वजह से नहीं, बल्कि शरीर के अंदर होने वाले बदलावों के कारण भी होते हैं। इसलिए जरूरी है कि पहले इसकी असली वजह समझी जाए और फिर सही उपाय अपनाए जाएं। यहां इस लेख में हम आपको इससे जुड़ी हर बात बताएंगे।

मुंहासे होने की वजह

मुंहासे तब होते हैं जब त्वचा के रोमछिद्र (पोर्स) तेल, गंदगी और मृत कोशिकाओं से बंद हो जाते हैं।

सबसे बड़ी वजह हार्मोनल बदलाव है, खासकर किशोरावस्था, पीरियड्स, प्रेग्नेंसी या तनाव के दौरान।

हार्मोन बढ़ने से त्वचा में सीबम (तेल) ज्यादा बनता है, जो बैक्टीरिया के साथ मिलकर पिंपल्स पैदा करता है।

इसके अलावा ऑयली स्किन, गलत स्किन केयर प्रोडक्ट्स, ज्यादा मेकअप, जंक फूड, डेयरी प्रोडक्ट्स का अधिक सेवन, नींद की कमी और स्ट्रेस भी कारण बनते हैं।

बार-बार चेहरे को छूना, गंदा तकिया कवर या मोबाइल स्क्रीन भी बैक्टीरिया बढ़ाते हैं, जिससे मुंहासे बढ़ सकते हैं।

इससे बचने के तरीके

दिन में दो बार माइल्ड, सल्फेट-फ्री फेसवॉश से चेहरा साफ करें।

ऑयल-फ्री और नॉन-कॉमेडोजेनिक प्रोडक्ट्स चुनें।

हफ्ते में 1-2 बार हल्का एक्सफोलिएशन करें, लेकिन ज्यादा स्क्रब न करें।

जंक फूड, ज्यादा मीठा और तला-भुना कम करें।

रोजाना 7-8 घंटे की नींद लें और तनाव कम करने के लिए योग या मेडिटेशन करें।

मुंहासे हो जाएं तो क्या करें ?

पिंपल को फोड़ने या निचोड़ने से बचें, इससे दाग और इंफेक्शन हो सकता है।

सैलिसिलिक एसिड या बेंजोयल पेरोक्साइड युक्त क्रीम ट्रीटमेंट डॉक्टर की सलाह से लगाएं।

एलोवेरा जेल या टी ट्री ऑयल हल्के पिंपल्स में मदद कर सकते हैं।

मेकअप कम करें और त्वचा को साफ रखें।

लगातार बढ़ते मुंहासों के लिए क्या करें ?

अगर मुंहासे बार-बार हो रहे हैं या दर्दनाक सिस्टिक एक्ने बन रहे हैं, तो त्वचा विशेषज्ञ से परामर्श जरूर लें।

डॉक्टर ब्लड टेस्ट, हार्मोन जांच या विशेष दवाइयां दे सकते हैं।

लंबे समय तक खुद से दवा लेने से बचें।

सही इलाज, संतुलित जीवनशैली और नियमित स्किन केयर से मुंहासों पर नियंत्रण पाया जा सकता है।





# आपके जोड़ों के दर्द का कारण कहीं कॉफी तो नहीं ?

सुबह उठते ही एक कप गरम कॉफी कई लोगों की आदत बन चुकी है। लेकिन क्या आप जानते हैं कि जरूरत से ज्यादा कॉफी पीना आपके जोड़ों (जॉइंट्स) के लिए हानिकारक हो सकता है? डॉक्टरों का कहना है कि सीमित मात्रा में कॉफी ठीक है, लेकिन अधिक कैफीन शरीर में सूजन और कैल्शियम की कमी बढ़ा सकती है, जिससे जोड़ों में दर्द और जकड़न की समस्या हो सकती है। खासकर उन लोगों को सावधान रहना चाहिए जिन्हें पहले से गठिया, यूरिक एसिड या हड्डियों की कमजोरी की समस्या है।

डॉक्टर ने बताए 5 चेतावनी संकेत – सुबह उठते ही जोड़ों में जकड़न: अगर रोज सुबह उठने पर घुटनों, उंगलियों या कंधों में अकड़न महसूस हो और कुछ देर चलने के बाद ही आराम मिले, तो यह सूजन का संकेत हो सकता है।

जोड़ों में हल्की सूजन या गर्माहट: जोड़ों को छूने पर गर्म महसूस होना या हल्की सूजन दिखाई देना शरीर में बढ़ती सूजन की ओर इशारा करता है। बार-बार दर्द या चुभन: अगर बिना ज्यादा मेहनत किए भी घुटनों, एड़ियों या कलाई में दर्द बना रहता है, तो कैफीन की अधिकता शरीर के मिनरल संतुलन को प्रभावित कर सकती है।

कैल्शियम की कमी के लक्षण: बहुत ज्यादा कॉफी शरीर से कैल्शियम बाहर निकाल सकती है। इससे हड्डियां कमजोर हो सकती हैं, जिससे बार-बार दर्द या थकान महसूस होती है। यूरिक एसिड बढ़ना: कुछ लोगों में ज्यादा कॉफी और डिहाइड्रेशन के कारण यूरिक एसिड का स्तर बढ़ सकता है, जिससे जोड़ों में तेज दर्द (गठिया जैसा) हो सकता है।

कितनी कॉफी सुरक्षित है?

विशेषज्ञों के अनुसार दिन में 1-2 कप ब्लैक कॉफी सामान्यतः सुरक्षित मानी जाती है। लेकिन अगर आपको पहले से जोड़ों की समस्या है तो मात्रा कम रखना बेहतर है। ऐसे में कॉफी के साथ कैल्शियम और विटामिन छ युक्त आहार लें, नियमित हल्की एक्सरसाइज करें। अगर दर्द लगातार रहे तो डॉक्टर से जांच जरूर कराएं। याद रखें हर आदत अच्छी है, जब तक वह संतुलन में है। अगर आपको भी सुबह कॉफी के बाद जोड़ों में दर्द या अकड़न महसूस होती है, तो इसे नजरअंदाज न करें। समय रहते सावधानी बरतना ही समझदारी है।



# सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीने के 7 जबरदस्त फायदे

किशमिश देखने में भले ही छोटी हो, लेकिन इसके फायदे सेहत के लिए बेहद बड़े हैं। आयुर्वेद और घरेलू नुस्खों में किशमिश को ताकत और पोषण का खजाना माना गया है। खासतौर पर जब किशमिश को रातभर भिगोकर उसका पानी सुबह खाली पेट पिया जाए, तो यह शरीर पर गहरा असर डालती है। किशमिश में आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, विटामिन क्र-कॉम्प्लेक्स और एंटीऑक्सीडेंट्स भरपूर मात्रा में होते हैं, जो शरीर को अंदर से मजबूत बनाते हैं।

### लिवर को करता है डिटॉक्स

किशमिश का पानी शरीर में जमा विषैले तत्वों को बाहर निकालने में मदद करता है, जिससे लिवर की सफाई होती है और उसकी कार्यक्षमता बेहतर बनती है। नियमित रूप से सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से लिवर पर जमा गंदगी कम होती है, मेटाबॉलिज्म सुधरता है और शरीर अंदर से हल्का व साफ महसूस करता है।

### पाचन तंत्र रहता है मजबूत

अगर आपको कब्ज, गैस या अपच जैसी पाचन संबंधी समस्याएं रहती हैं, तो किशमिश का पानी एक रामबाण उपाय साबित हो सकता है। यह आंतों की सफाई में मदद करता है, पाचन क्रिया को दुरुस्त रखता है और सुबह पेट साफ होने में सहायक होता है, जिससे दिनभर हल्कापन और आराम महसूस होता है।

### खून की कमी (एनीमिया) में फायदेमंद

खून की कमी यानी एनीमिया की समस्या में किशमिश का पानी बेहद फायदेमंद माना जाता है। किशमिश आयरन का अच्छा स्रोत है और रोजाना इसका पानी पीने से शरीर में हीमोग्लोबिन का स्तर बढ़ने में मदद मिलती है, जिससे कमजोरी, थकान और चक्कर जैसी समस्याओं से राहत मिलती है।

### त्वचा में आता है नेचुरल ग्लो

त्वचा में नेचुरल ग्लो लाने के लिए किशमिश का पानी बहुत कारगर माना जाता है। जब शरीर अंदर से डिटॉक्स होता है, तो उसका सीधा असर चेहरे पर दिखाई देता है। रोजाना किशमिश का पानी पीने से मुंहासे कम होते हैं, दाग-धब्बे हल्के पड़ते हैं और त्वचा साफ, स्वस्थ व चमकदार बनती है।

### दिनभर बनी रहती है एनर्जी

दिनभर एनर्जी बनाए रखने में किशमिश का पानी काफी मददगार होता है। किशमिश में मौजूद नेचुरल ग्लूकोज और फ्रुक्टोज शरीर को तुरंत ऊर्जा प्रदान करते हैं, जिससे थकान, कमजोरी और सुस्ती दूर होती है। सुबह खाली पेट इसका सेवन करने से दिनभर एक्टिव और तरोताजा महसूस होता है।

### ब्लड प्रेशर रहता है कंट्रोल

किशमिश का पानी ब्लड प्रेशर को कंट्रोल रखने में भी सहायक होता है। इसमें पोटैशियम की मात्रा अधिक और सोडियम कम होता है, जिससे शरीर में नमक का संतुलन बना रहता है। नियमित रूप से किशमिश का पानी पीने से हाई ब्लड प्रेशर नियंत्रित रहता है और दिल की सेहत बेहतर बनी रहती है।

### किशमिश का पानी कैसे बनाएं?

रात को 15-20 किशमिश एक गिलास पानी में भिगो दें
सुबह उठकर पानी को छान लें
इस पानी को खाली पेट पिएं
बची हुई भीगी किशमिश को चबा-चबाकर खा लें।
इन बातों का रखें खास ध्यान
दिन में सिर्फ 1 गिलास ही पिएं
डायबिटीज के मरीज सेवन से पहले डॉक्टर की सलाह लें
ज्यादा मात्रा में लेने से वजन बढ़ सकता है

### हमेशा बिना सल्फर वाली किशमिश का इस्तेमाल करें।

अगर आप बिना दवा के सेहत सुधारना चाहते हैं, तो सुबह खाली पेट किशमिश का पानी एक आसान और असरदार घरेलू उपाय है। यह लिवर, पाचन, त्वचा और ऊर्जा हर स्तर पर शरीर को फायदा पहुंचाता है।

# पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम से मिले आईसीसी प्रमुख जय शाह

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने पर जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। जम्मू-कश्मीर ने खिताबी मुकाबले में आठ बार की विजेता कर्नाटक को हराकर सभी को हैरान कर दिया है। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर जीत की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की जीत दिखाती है कि राज्य में क्रिकेट आगे बढ़ रहा है जो गर्व की बात है। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की इच्छा भी जताई थी। तब खिलाड़ियों ने बीसीसीआई सचिव रहते शाह के जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की थी। बीसीसीआई ने जम्मू-कश्मीर टीम को उसके इस सफलता पर बधाई दी। साथ ही जीतने वाली टीम से मिलने के लिए शाह को धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर टीम ने चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में बड़ी बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी 2025-26 का खिताब जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खिताबी मुकाबले की पहली पारी में 584 रन बनाने के बाद, जम्मू और कश्मीर ने कर्नाटक को 293 रन पर आउट करके 291 रनों की बढ़त हासिल की थी।

वहीं जम्मू-कश्मीर ने ओपनर कमरान इकबाल के नाबाद 160 रन और साहिल लोतरा के की शतकीय साझेदारी की सहायता से अपनी दूसरी पारी 4 विकेट प 342 रन बनाकर घोषित कर दी। ये मैच ड्रॉ रहा और पहली पारी की बढ़त के आधार पर जम्मू-कश्मीर को विजयी घोषित किया गया था। जम्मू-कश्मीर सरकार ने भी इस सफलता पर टीम की प्रशंसा करते हुए उसे इनाम दिया था।



# सचिन के बेटे अर्जुन की शादी में पारंपरिक परिधाओं में नजर आये धोनी और साक्षी



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी गुरुवार को यहां महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की शादी में शामिल हुए। धोनी और साक्षी इस समारोह में स्टाइलिश अंदाज में नजर आये। शादी में धोनी के अलावा कई और दिग्गज खिलाड़ी भी शादी में शामिल हुए।

धोनी ने शादी समारोह में पारंपरिक परिधानों में सबका ध्यान खींचा। वह हल्के बेज-ब्लश सिल्क कुर्ते में अपने ही अंदाज में दिखे। जिसमें बीच और कफ पर बारीक रेशम और ज़रदोज़ी की कढ़ाई की गई थी। हल्के हरे, लाल और सुनहरे रंग के हल्के फूलों से उनका ये कुर्ता और भी क्लासिक भारतीय अंदाज दिखा रहा था। उन्होंने क्रिस्प सफेद चूड़ीदार ट्राउज़र के साथ लुक को साफ और सिंपल रखा, जिससे कुर्ते की कारीगरी उभर कर सामने आई। वहीं साक्षी ने आइवरी अनारकली-स्टाइल सूट पहना था, जिसके बॉर्डर पर कलमकारी से प्रेरित फूलों की बेलें और मोर के डिज़ाइन थे, जो शाही चार्म दिखा रहा था। उनके हल्के सोने के बॉर्डर वाले शीयर दुपट्टे, लेयर्ड गोल्ड ज्वेलरी और भारी सजावट वाले गोल्ड पोटली बैग ने स्टाइल के साथ ही पारंपरिक अंदाज दिखाया। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और उनकी पत्नी सफा बेग भी पारंपरिक कपड़ों में दिखे। इरफान हल्के क्रीम रंग के थ्री-पीस सूट में बहुत खूबसूरत लग रहे हैं, जिसमें फिटेड ब्लेज़र, मैचिंग वेस्टकोट और स्लिम ट्राउज़र हैं। इसे बिना बटन वाली सफेद शर्ट और पॉलिश किए हुए भूरे जूतों के साथ कैजुअली स्टाइल किया गया है, जो एक मॉडर्न और आरामदायक लुक देता है।

वहीं सफा ने एक शानदार ब्लश पिंक गाउन, एक बड़ी ट्यूल स्कर्ट और बारीक सजी हुई स्लीव्स में कॉम्प्लिमेंट किया। उनका शीयर मैचिंग हिजाब, लेडी डायर बैग और डायमंड चोकर लुक को पूरा कर रहे हैं, जिससे एक सॉफ्ट, रोमांटिक लुक बन रहा है जो इरफान के स्ट्रक्चर्ड आउटफिट के साथ मिलकर अलग ही अंदाज दिखा रहा था। साथ में, वे एक पेस्टल और न्यूट्रल पैलेट में अच्छे लग रहे हैं, जो कपल गोल्स की निशानी है। अर्जुन तेंदुलकर की शादी के जश्न में कई और क्रिकेटर भी परिवार सहित शामिल हुए। इसमें पूर्व तेज गेंदबाज ज़हीर खान के साथ उनकी पत्नी सागरिका घाटगे, हरभजन सिंह के साथ गीता बसरा, युवराज सिंह के साथ हेज़ल कीच के अलावा पूर्व कोच रवि शास्त्री और मुख्य चयनकर्ता अजीत भी अपने-अपने परिवसर के साथ शामिल हुए।

# वरुण के बचाव में उतरे मेंटर, उसके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं




**दुबई (एजेंसी)।** मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन इस बार टी20 विश्वकप में उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। वरुण चक्रवर्ती सुपर 8 के मैच में बल्लेबालों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा पाये जिससे उनके ओवरों में पहले से अधिक अधिक रन बने हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि इसके बाद भी वह भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं वरुण के मेंटर प्रतीपन ने उनका बचाव करते हुए कहा है कि इस गेंदबाज के फार्मा को लेकर चिन्ता की कोई जरुरत नहीं है।

प्रतीपन ने कहा, आंकड़ों पर नजर डालें तो वरुण ने अच्छी गेंदबाजी की है। अगर पिच से किसी और को ज्यादा टर्न मिल रही होती और वरुण को नहीं, तो हम कुछ बदलाव की बात करते पर अभी ऐसा कुछ नहीं है। इसलिए वह परेशान नहीं हैं।

उन्होंने यह भी कहा कि वरुण को अभी तकनीक में किसी भी प्रकार के बदलाव की जरुरत नहीं है। उनका फिलहाल किसी तकनीकी बदलाव की जरूरत महसूस नहीं की गई है। केवल एक दो मैच के आधार पर बदलाव सहीं नहीं है। उनके अनुसार अगर विकेट से ज्यादा टर्न नहीं मिल रही, तो गेंदबाज क्रीज और ट्रैजेक्टरी का इस्तेमाल कर कोण बनाकर बदलाव ला सकता सकता है। इसके अलावा ओवर द विकेट और राउंड द विकेट गेंदबाजी कर भी गेंदबाजी और सटीक बनायी जा सकती है। इंग्लैंड के खिलाफ वरुण का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। पिछले साल पांच मैचों की टी20 सीरीज में उन्होंने 9.85 की औसत से 14 विकेट लिए थे, जिसमें एक बार पांच विकेट भी थे। तब उन्होंने जोस बटलर और लियाम लिविंगस्टोन जैसे बेहतरीन बल्लेबाजों को आउट किया था। इस बार भी उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल और फाइनल में अपने प्रदर्शन से अंतर पैदा करेंगे।

# टी20 वर्ल्ड कप: फिन एलन के नाम हुआ एक एडिशन में सर्वाधिक छक्के लगाने का रिकॉर्ड, इन दिग्गजों को पछाड़ा



**कोलकाता (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता के इडेन गार्डेन में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले गए टी20 विश्व कप 2026 के पहले सेमीफाइनल में विस्फोटक शतक लगाया। इस शतकीय पारी के दम पर एलन ने न्यूजीलैंड को फाइनल में पहुंचाने के साथ ही कई रिकॉर्ड अपने नाम किए।

फिन एलन ने 33 गेंदों पर 10 चौकों और 8 छक्कों की मदद से नाबाद 100 रन बनाए। इस पारी के दौरान आठवां छक्का लगाते ही एलन एक विश्व कप में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। एलन इस विश्व कप में अब तक 20 छक्के लगा चुके हैं। एलन ने इसी विश्व कप में 19 छक्के लगाने वाले शिमरोन हेटमायर और 18 छक्के लगाने वाले साहिबजादा फरहान को पीछे छोड़ा।

इससे पहले एक विश्व कप में सर्वाधिक छक्का लगाने की उपलब्धि निकोलन पूरन (17 छक्के 2024 विश्व कप में) के नाम थी। अफगानिस्तान के रहमानुल्लाह गुरबाज ने टी20 विश्व कप 2024 में 16 और क्रिस गेल ने 2012 में 16 छक्के लगाए थे। फिन एलन का यह शतक टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक है। एलन ने क्रिस गेल के सबसे तेज शतक का रिकॉर्ड तोड़ा। गेल ने 2016 टी20 विश्व कप में इंग्लैंड के खिलाफ 47 गेंदों पर शतक लगाया था। एलन टी20 विश्व कप के नॉकआउट मैचों में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज भी बन गए हैं। उन्होंने श्रीलंका के तिलकरत्ने दिलशान द्वारा 2009 विश्व कप में वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल में बनाए नाबाद 96 रनों के रिकॉर्ड को तोड़ा।

टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के लिए शतक लगाने वाले एलन तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। ब्रैंडन मेक्कुलम 2012 में पल्लेकेले में बांग्लादेश के खिलाफ 123 और ग्लेन फिलिप्स 2022 में श्रीलंका के खिलाफ 104 रन की पारी खेल चुके हैं।

मैच पर नजर डालें तो दक्षिण अफ्रीका ने टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट के 169 रन बनाए थे। 170 के लक्ष्य का पीछा करने उतरी न्यूजीलैंड ने 12.5 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मैच 9 विकेट से जीत लिया। एलन के 33 गेंदों पर 100 रन के अलावा टिम साइफर्ट ने भी 33 गेंदों पर 58 रन बनाए। फिन एलन प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

# सेमीफाइनल की हार टीम पर एक करारा प्रहार : कोच कॉनराड

कोलकाता। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के कोच शुकरी कॉनराड ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 विश्वकप के सेमीफाइनल मुकबले में मिली करारी हार पर नाराजगी जतायी है। कोच के अनुसार ये हार उनकी टीम पर एक करारे प्रहार की तरह है। इस हार से एक बार फिर टीम के बड़े मुकाबलों मे दबाव में आने के आरोप लगाने वालों की बात को ही बल मिला है!। दक्षिण अफ्रीका को कोलकाता में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में 9 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। कॉनराड ने इस हार को बेहद दर्दनाक बताया है। मैच के बाद कॉनराड ने कहा, इस मैच में हमारी टीम मुकाबले में कहीं भी नजर नहीं आई। आपकी गेम में थोड़ी सी भी पकड़ होनी चाहिए पर हमें हमारे साथ ऐसा कुछ नहीं हुआ। यह एक तरह से ऐसा था जैसे चेहरे पर कोई थप्पड़ मारा गया हो। कॉनराड ने कहा, आज रात बहुत कुछ ठीक नहीं हुआ पर शायद ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि वे बहुत अच्छे थे और उन्होंने हमें कभी अवसर नहीं दिया। मैं हार के लिए कोई बहाना नहीं बनाऊंगा। हम अच्छे नहीं थे और वे बहुत अच्छे थे। उन्होंने हमें आगे से रोक दिया, हमने विकेट खोये और हमें कोई मौका नहीं मिला। कोच ने कहा, हमारी टीम की गेंदबाजी की कमजो रही जिससे मैच हमारे लिए कठिन बन गया। वहीं न्यूजीलैंड की प्रशंसा करते हुए उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड ने बहुत, बहुत अच्छा खेला। उन्होंने हमें बिल्कुल अवसर नहीं दिया और सच में बहुत अच्छा दबाव बनाया। उनके स्पिनर बहुत अच्छे रहे। गौरतलब है कि ग्रुप स्तर में न्यूजीलैंड को हरा चुकी दक्षिण अफ्रीका को सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ 9 विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा।

# ऑल इंग्लैंड ओपन में लक्ष्य की जीत से शुरुआत, गत विजेता यूकी को हराया

लंदन। भारत के लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन ओपन 2026 में जीत के साथ शुरुआत की है। लक्ष्य ने पुरुष एकल के अपने पहले ही मुकाबले में गत विजेता चीन के शी यूकी को 23-21, 19-21, 21-17 से पराजित कर दिया। लक्ष्य ने पुरुष सिंगल्स के पहले दौर में यूकी को एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 19-21, 21-17 से हरा दिया। लक्ष्य ने मुकाबले में शुरु से ही आक्रामक रुख अपनाकर विरोधी खिलाड़ी पर दबाव बनाया। इससे लक्ष्य ने 17-10 की बढ़त ले ली पर इसके बाद शी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-17 पर ला दिया। लक्ष्य ने फिर से बेहतर खेल दिखाते हुए हुए तीन गेम अंक हासिल किए पर चीनी खिलाड़ी ने एक और मैच अंक बचाकर अपने को खेल में बनाने का प्रयास किया। दूसरे गेम में यूकी ने आक्रामक रुख अपनाया पर लक्ष्य ने 13-19 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की। उनका प्रयास मैच को निर्णायक मुकाबले तक ले जाने का था पर तीसरे और अंतिम गेम में भारतीय खिलाड़ी ने जबरस्त प्रदर्शन करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की और चार मैच अंक बटोरे। यूकी ने एक अंक बचाया पर वह अपनी हार नहीं टाल पाये।

# गावस्कर का फाउंडेशन कर रहा गोल्फ इवेंट का आयोजन

**-पूर्व क्रिकेटरों के साथ ही पेस, पादुकोण जैसे दिग्गज भी होंगे शामिल**

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का चैंप्स फाउंडेशन 6 मार्च को डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ इवेंट आयोजित करने जा रहा है। इसमें कई पूर्व क्रिकेटरों के अलावा अन्य खेलों के दिग्गज भी भाग लेंगे। ये इवेंट मुंबई के चेंबूर स्थित बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब में होगा। इसमें दुनिया भर के नामी गोल्फर भाग लेंगे। ये फाउंडेशन परेशानियों से संघर्ष कर रहे पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहायता करता है। इस टूर्नामेंट में 100 से ज्यादा प्रतियोगियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, जी.आर. विश्वनाथ, वेंकटेश प्रसाद, हरभजन सिंह, अजय जडेजा, पार्थिव पटेल, मुरली कार्तिक, एस. बद्रीनाथ, मुरली विजय और निखिल चोपड़ा भी शामिल होंगे। वहीं विदेशी क्रिकेटरों में इयोन मॉर्गन, माइकल वॉन और डेविड लॉयड रहेंगे। क्रिकेट के अलावा टेनिस स्टार लिएंडर पेस, बैडमिंटन दिग्गज प्रकाश पादुकोण और प्रोफेशनल गोल्फर नेहा त्रिपाठी, रिधिमा दिलावरी व गौरव घई भी इस इवेंट में भाग लेंगे। सुनील गावस्कर ने कहा कि चैंप्स फाउंडेशन इस सोच के साथ बनाया गया कि जिन्होंने खेल के जरिए देश का नाम रोशन किया, उन्हें जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ गोल्फ नहीं, बल्कि खेल समुदाय को लौटाने का प्रयास है। वहीं पेस ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, मजबूती और एकजुटता सिखाता है। चैंप्स फाउंडेशन इन्हीं मूल्यों का प्रतीक है।



# वेस्टइंडीज टीम कोलकाता के होटल में फंसी, हेड कोच डैरेन सैमी ने की अपील



**कोलकाता (एजेंसी)।** वेस्ट इंडीज को उनके ट्रैवल शेड्यूल के बारे में कोई ऑफिशियल अपडेट नहीं दिया गया है, लेकिन जिम्बाब्वे टीम के सदस्यों का पहला बैच अब घर के लिए निकल चुका है। टी20 वर्ल्ड कप 2026 से बाहर होने के चार दिन बाद भी जब वेस्टइंडीज कोलकाता में फंसा हुआ है, तो उनके हेड कोच डैरेन सैमी ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें कहा गया है, 'मैं बस घर जाना चाहता हूं'।

पश्चिम एशिया में संकट के चलते वेस्टइंडीज उन टीमों में से एक है जो भारत में फंसी हुई हैं। ईएसपीएन क्रिकइंफो के मुताबिक शुरू में आईसीसी ने वेस्टइंडीज को बताया था कि टीम को लंदन के लिए एक चार्टर फ्लाइट से कैरिबियन वापस लाने की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि प्लान यह था कि वेस्टइंडीज हफ्ते के बीच में भारत से फ्लाइट ले ले, हालांकि कोई पक्की तारीख नहीं बताई गई थी। हालांकि, वेस्टइंडीज कोलकाता में ही है, जहां वे 1 मार्च को सुपर आठ के फाइनल मैच में भारत से हार गए थे।

पिछले वीकेंड शुरू हुए इस संकट की वजह से आम एयरस्पेस कॉरिडोर बंद होने से, आईसीसी को टीमों के लिए वापसी की फ्लाइट का इंतजाम करने में एक बड़ी लॉजिस्टिक चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि बुधवार को जिम्बाब्वे के लिए अच्छी खबर आई, जब आईसीसी द्वारा उनके ट्रैवल इंतजामों में बदलाव करने के बाद उनकी टीम के सदस्यों का पहला बैच दिल्ली से घर के लिए रवाना हो गया। वेस्टइंडीज की तरह जिम्बाब्वे ने भी टी 20 वर्ल्ड कप में अपना आखिरी मैच 1 मार्च को दिल्ली में दक्षिण अफ्रीका से खेला था जिसमें वह हार गया था। जिम्बाब्वे को पहले 2 मार्च को निकलना था, लेकिन वह प्लान कैंसिल कर दिया गया। उनकी टीम के बाकी सदस्यों के ट्रैवल प्लान के बारे में कोई ऑफिशियल जानकारी नहीं है। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने बुधवार को एक बयान में कहा, 'जिम्बाब्वे क्रिकेट कन्फर्म करता है कि आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में हिस्सा लेने वाली जिम्बाब्वे की सीनियर मेन्स टीम भारत से घर लौट रही है। हाल ही में आई दिक्कतों के बाद इंटरनेशनल क्रिकेट कार्उसिल ने दूसरे ट्रैवल अरेंजमेंट कर लिए हैं।' 'फ्लाइट की उपलब्धता और बदले हुए रूट की वजह से, टीम बैच में हरारे लौटेगी।' 'ज़िम्बाब्वे का ओरिजिनल ट्रैवल रूट दुबई से एमिरेट्स फ्लाइट से था, लेकिन इसे बदलना पड़ा। पता चला है कि जिम्बाब्वे अब अदीस अबाबा, इथियोपिया होते हुए हरारे जा रहा है।'

# ऑल इंग्लैंड ओपन में सात्विक-चिराग पहले ही राउंड में बाहर




बर्मिंघम। भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी मलेशिया के कांग खाई जिंग और एरॉन ताई से सीधे गेम में हारने के बाद ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पहले ही राउंड में बाहर हो गई। यूटिलिटा एरिना बर्मिंघम में बुधवार को खेले गए मुकाबले में चौथी रैंक वाली भारतीय जोड़ी दुनिया की 33वें नंबर की मलेशियाई जोड़ी से 23-21, 21-12 से हार गई। सात्विक-चिराग ने अच्छी शुरुआत की और शुरुआती गेम के इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली, जिसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी करते हुए स्कोर 16-16 से बराबर कर दिया। 2024 के जूनियर वर्ल्ड चैंपियन कांग और एरॉन फिर आगे निकल गए और भारतीयों जोड़ी के दो मैच पॉइंट बचाने के बावजूद, आखिरकार टाई-ब्रेक में गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में भी इसी मोमेंटम को जारी रखते हुए मलेशियाई जोड़ी ने गेम पर अपना दबदबा बनाया। और सिर्फ पांच और पॉइंट देकर मैच आराम से जीत लिया। इस हार के साथ ही इस मशहूर टूर्नामेंट में भारत का पुरुष युगल में अभियान भी समाप्त हो गया।

# पाकिस्तान क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा संकट में फंसा

लाहौर। मध्यपूर्व में जारी संघर्ष को देखते हुए पाकिस्तान की क्रिकेट टीम का बांग्लादेश दौरा संकट में पड़ता नजर आ रहा है। पाक टीम को 11 मार्च से तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए बांग्लादेश दौरे पर जाना था। इसके लिए उसे 9 मार्च को बांग्लादेश पहुंचना था पर अब कहा जा रहा है पाकिस्तान की टीम इस दौरे को आगे बढ़ा सकती है। पिछले कुछ समय से बांग्लादेश बोर्ड (बीसीबी) के साथ पाक बोर्ड (पीसीबी) के संबंध बेहतर हुए हैं और ऐसे में इस दौरे को आयोजित करने की संभावनाएं तलाशी जा रही हैं। दोनो टीम के बीच मीरपुर मे 11, 13 और 15 मार्च को तीन एकदिवसीय मैच होने थे पर अब ये खेले जाएंगे या नहीं तय नहीं है। इसका कारण ये है कि अमेरिका और इजराइल के ईरान पर हमले के बाद से ही दुनिया भर में तनाव का माहौल है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश और पाकिस्तान के बीच तीन मैचों की सीरीज तभी आयोजित होगी, जब यात्रा जोखित और सुरक्षा की चिंताएं समाप्त होंगी। ये भी कहा जा रहा कि वर्तमान मौजूदा क्षेत्रीय तनाव की वजह से यह टूर होगा या नहीं कहा नहीं जा सकता है। वहीं बांग्लादेश बोर्ड का कहना है कि उसे पीसीबी की ओर से अभी तक कोई जानकारी नहीं दी गयी है। बीसीबी क्रिकेट ऑपरेशन्स के चेयरमैन नजमुल आबेदीन ने कहा कि कहा, अगर बात ऐसी हो जाती है कि वे यात्रा नहीं कर पा रहे तो इसमें कुछ नहीं किया जा सकता है पर अभी तक हमें उनकी ओर से कुछ नहीं कहा गया है।

# अपने ही दामाद पर भड़के शाहिद अफरीदी



लाहौर। पाकिस्तान की टीम का जिस प्रकार से टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खराब प्रदर्शन रहा है उससे पूर्व क्रिकेटर भड़के हुए हैं। पूर्व दिग्गजों ने टीम की रणनीति के साथ ही कप्तानी और खिलाड़ियों के कमजोर प्रदर्शन पर सवाल उठाये हैं। टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को भी खराब प्रदर्शन के लिए आड़े हाथों लिया है। शाहीन जबकि उनके दामाद हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम के खिलाफ बड़ी जीत नहीं दर्ज कर पाया।। सुपर-8 के मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ उसे बड़ी जीत चाहिये थी पर टीम मामूली अंतर से जीती और इस कारण सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गयी। इस मैच में अंतिम ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन से कसी हुई गेंदबाज की उम्मीद थी पर उन्होंने 22 रन दे दिये। इससे भी शाहिद खासे नाराज हैं। उन्होंने कहा कि शाहीन को इतने साल में ये समझ आ जानी चाहिए कि दबाव की स्थिति में कैसे गेंदबाजी करनी है। दांये हाथ के बल्लेबाज के सामने वाइड यॉर्कर डालना एशियाई पिचों पर फायदेमंद नहीं रहता है। अफरीदी ने यह भी कहा कि शाहीन बार-बार एक ही गलती दोहरा रहे हैं। उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलते हुए खिलाड़ियों को इन बातों की समझ होनी चाहिए। वहीं पाक बोर्ड भी खिलाड़ियों के प्रदर्शन से बेहद नाराज बताया जा रहा है और ऐसे में टीम में कई बदलाव होने तय है।

# मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तानी क्रिकेटर को सुनाई खरी-खरी, भारत के खिलाफ कर रहा था गलत बयानबाजी

**मुम्बई (एजेंसी)।** आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के दौरान भारत और पाकिस्तान के क्रिकेटरों के बीच बयानबाजी एक बार फिर चर्चा का विषय बन गई है। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर द्वारा भारतीय सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को लेकर की गई टिप्पणी पर अब पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। कैफ का मानना है कि इस तरह के बयान अक्सर सिर्फ मीडिया में चर्चा बटोरने के लिए दिए जाते हैं। उन्होंने साफ कहा कि भारतीय टीम को ऐसे बयानों पर ध्यान देने के बजाय अपने प्रदर्शन पर फोकस करना चाहिए।

### आमिर के बयान पर कैफ का करारा जवाब

मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर के उस बयान की कड़ी आलोचना की, जिसमें उन्होंने भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा को 'स्लॉगर' बताया था। आमिर ने यह भी दावा किया था कि भारत टी20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल तक नहीं पहुंच पाएगा। कैफ ने अपने यूट्यूब चैनल पर इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसे बयान अक्सर जानबूझकर दिए जाते हैं ताकि मीडिया में चर्चा बने। उनके मुताबिक आमिर जैसे अनुभवी खिलाड़ी को यह अच्छी तरह पता था कि भारत एक मजबूत टीम है और टूर्नामेंट के आगे के चरणों में पहुंचने की पूरी क्षमता रखती है।

### 'खबरों में बने रहने की कोशिश'

कैफ ने कहा कि कई बार खिलाड़ी अपनी लोकप्रियता बनाए रखने या सुर्खियों में बने रहने के लिए इस तरह के बयान देते हैं। उन्होंने भारतीय प्रशंसकों से अपील की कि ऐसे कमेंट्स को ज्यादा महत्व नहीं देना चाहिए। कैफ ने कहा कि अगर हर बयान का जवाब दिया जाएगा तो इससे उन लोगों को वही ध्यान मिलेगा जिसकी उन्हें तलाश रहती है। उनके अनुसार भारतीय टीम को अपने स्तर से नीचे जाकर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है।

### 2024 टी20 वर्ल्ड कप की हार का भी किया जिक्र

कैफ ने बातचीत के दौरान टी20 वर्ल्ड कप 2024 में पाकिस्तान की संयुक्त राज्य अमेरिका (USA) के खिलाफ मिली हार को भी याद किया। उन्होंने खासतौर पर उस मैच के सुपर ओवर का जिक्र किया, जिसमें पाकिस्तान को अप्रत्याशित हार का सामना करना पड़ा था। कैफ ने आमिर की गेंदबाजी पर सवाल उठाते हुए कहा कि उस सुपर ओवर में जरूरत से ज्यादा वाइड गेंदें फेंकी गईं, जिसने पाकिस्तान की मुश्किलें बढ़ा दी थीं। उनका मानना है कि दबाव की स्थिति में सही लाइन-लेंथ पर गेंदबाजी करना किसी भी अनुभवी गेंदबाज के लिए बेहद जरूरी होता है।

### पाकिस्तान क्रिकेट की स्थिति पर भी बोले कैफ

मोहम्मद कैफ ने पाकिस्तान क्रिकेट के मौजूदा ढांचे पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान के क्रिकेट सिस्टम में काफी अंतर है, जो दोनों टीमों के प्रदर्शन में भी दिखाई देता है। कैफ के अनुसार भारत ने पिछले कुछ वर्षों में अपने घरेलू ढांचे, युवा खिलाड़ियों के विकास और प्रोफेशनल सिस्टम पर काफी काम किया है, जिसका फायदा टीम को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मिल रहा है।



### भारतीय फैंस को दी खास सलाह

कैफ ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को सलाह दी कि उन्हें हर बयान पर प्रतिक्रिया देने की जरूरत नहीं है। उनका कहना है कि सोशल मीडिया के दौर में कई बार छोटी-छोटी बातों को भी बेवजह बड़ा बना दिया जाता है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कि टीम और फैंस दोनों ही अपना ध्यान खेल और प्रदर्शन पर रखें, क्योंकि यही किसी भी टीम की असली पहचान बनाता है।

### टी20 वर्ल्ड कप 2026 में पाकिस्तान का प्रदर्शन

गौरतलब है कि पाकिस्तान की टीम टी20 वर्ल्ड कप 2026 में सुपर-8 चरण से आगे नहीं बढ़ पाई। लगातार दूसरे टी20 वर्ल्ड कप में सेमीफाइनल तक न पहुंच पाने के कारण टीम को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में मोहम्मद कैफ का संदेश साफ है कि भारतीय टीम को बेवजह की बयानबाजी से दूर रहकर अपने खेल पर ध्यान देना चाहिए। उनके मुताबिक मैदान पर प्रदर्शन ही किसी भी टीम का असली जवाब होता है।

## ईरान-इज़राइल युद्ध में मुंबई के युवक की मौत, भारतीय दूतावास ने दुख जताया

मुंबई (एजेंसी)। मिडिल ईस्ट में महायुद्ध शुरू हुए 5 दिन हो चुके हैं और इसका असर अब भारत पर भी पड़ा है। इस युद्ध में एक 25 साल के युवक दीक्षित की ड्रोन से मौत होने की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार मुंबई के पश्चिमी उपनगर कांदिवली इलाके के रहने वाले दीक्षित सोलंकी की ओमान के तट पर मस्कट के पास एक कार्गो ऑयल टैंकर पर ड्रोन हमले में मौत हो गई। मूल रूप से दीव के रहने वाले 25 साल के दीक्षित सोलंकी कुछ समय पहले व्यापार के लिए मुंबई में बस गए थे। वह मुंबई के कांदिवली इलाके में रह रहे थे। ओमान के मस्कट के तट से 52 नॉटिकल मील दूर एक एक्सप्लोसिव से लदी ड्रोन बोट ने ऑयल टैंकर एमकेडी व्योम को टक्कर मार दी। इस भयानक धमाके में टैंकर के इंजन रूम में आग लग गई और दीक्षित की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि टैंकर पर सवार बाकी 25 क्रू मेंबर्स (जिनमें 16 भारतीय शामिल हैं) को सुरक्षित बचा लिया गया है। दीक्षित दीव के 25 साल के मछुआरे अमृतलाल सोलंकी का छोटा बेटा था। वह अपनी मां की मौत के बाद एक महीने पहले अपने घर लौटे थे और फिर ड्यूटी पर लौट गए थे, लेकिन नियति को कुछ और ही मंजूर था। इस बीच ओमान में भारतीय दूतावास ने दीक्षित सोलंकी की मौत पर गहरा दुख जताया है।

## सरकारी हॉस्टल में रैगिंग के बहाने यौन उत्पीड़न, 10वीं के छात्रों पर पॉक्सो के तहत केस दर्ज

नासिक (एजेंसी)। महाराष्ट्र के नासिक जिले से एक झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहाँ एक सरकारी हॉस्टल में रैगिंग के नाम पर कम उम्र के बच्चों के साथ कुकर्म का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में कक्षा 10 में पढ़ने वाले कई छात्रों के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम और अप्राकृतिक कृत्य की धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। आरोप है कि ये सीनियर छात्र अपने से छोटी कक्षाओं, मुख्य रूप से 5वीं और 6वीं के बच्चों को अपना निशाना बनाते थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक (एसपी) बालासाहेब पाटिल ने स्वयं मौके का मुआयना किया और जांच की कमान संभाली। जांच में यह सनसनीखेज खुलासा हुआ है कि पीड़ित बच्चों के साथ पिछले 6 से 7 महीनों से इस तरह की घिनौनी हरकतें की जा रही थीं। बच्चों ने हिम्मत जुटाकर 22 फरवरी को इस मामले की जानकारी हॉस्टल अधीक्षक को दी थी। हालांकि, प्रबंधन की भूमिका पर भी गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि घटना की जानकारी होने के बावजूद हॉस्टल अधीक्षक ने पुलिस को सूचित करने के बजाय केवल छात्रों के माता-पिता को बुलाकर उन्हें घर ले जाने को कह दिया। मंगलवार को एक पीड़ित छात्र के अभिभावकों द्वारा दर्ज कराई गई शिकायत के बाद पुलिस हरकत में आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी सीनियर छात्रों को हिरासत में लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिन्हें जल्द ही जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के समक्ष पेश किया जाएगा। इसके साथ ही, लापरवाही बरतने और अपराध को छिपाने के आरोप में हॉस्टल अधीक्षक सहित तीन कर्मचारियों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई की जा रही है। बताया जा रहा है कि इस हॉस्टल की क्षमता 60 छात्रों की है, जिसमें वर्तमान में 48 छात्र रह रहे थे। इस घटना ने हॉस्टल में बच्चों की सुरक्षा और प्रबंधन की निगरानी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।

## पहाड़गंज में खिलौना गोदाम में लगी आग, चौथी मंजिल के गोदाम से दो शव बरामद

नई दिल्ली (एजेंसी)। मध्य दिल्ली के हाड़गंज इलाके में बुधवार शाम एक इमारत की चौथी मंजिल पर लगी आग ने हड़कंप मचा दिया। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) को आग लगने की सूचना शाम को मिली। आग इमारत की चौथी मंजिल पर बने अस्थायी ढांचे में स्थित खिलौनों के गोदाम में लगी थी। आग के कारण गोदाम में रखी सामग्री तेजी से जलने लगी। सूचना मिलते ही डीएफएस की 25 दमकल गाड़ियां मौके पर भेजी गईं। दमकल कर्मियों ने संकरी गलियों और अस्थायी ढांचे की वजह से कई चुनौतियों का सामना करते हुए आग बुझाने में कई घंटे खर्च किए। आग की भीषणता मुख्यत: प्लास्टिक और सिंथेटिक खिलौनों के कारण थी। दमकल कर्मियों ने लगभग 11 घंटे की मेहनत के बाद गुरुवार तड़के 3:20 बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पाया। आग में दो जले हुए शव बरामद किए गए, जिनकी पहचान अभी नहीं हो सकी। आग लगने के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अधिकारियों ने कहा कि चौथी मंजिल पर अस्थायी ढांचे में गोदाम संचालित होना और संकरी गलियां आग पर काबू पाने में चुनौती रही।

## भारत ने संयुक्त राष्ट्र में आतंकवाद को अस्तित्वगत खतरा करार दिया

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को दोहराया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी मिशन के प्रथम सचिव रघु पुरी ने कहा कि आतंकवाद किसी सीमा, राष्ट्रीयता या जातीयता को नहीं मानता। रघु पुरी ने आतंकवाद को अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए एक अस्तित्वगत खतरा करार दिया। उन्होंने बताया कि यह चुनौती केवल एक देश की सीमा तक सीमित नहीं है और इसका सामना केवल सामूहिक अंतरराष्ट्रीय प्रयासों से किया जा सकता है। भारत ने सभी देशों से आतंकवाद के खिलाफ मिलकर कार्रवाई करने का आग्रह किया। पुरी ने कहा कि आतंकवाद वैश्विक स्थिरता और मानव सुरक्षा के लिए गंभीर जोखिम पैदा करता है और इसके खिलाफ हर स्तर पर ठोस कदम उठाना आवश्यक है।

## कनाडा की पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल की चाकुओं से गोदकर हत्या, पुलिस कर रही जांच

चंडीगढ़ (एजेंसी)। कनाडा में पंजाबी मूल की यूट्यूबर नैंसी ग्रेवाल की मॉन्ट्रियल के पास लासाल में उनके घर में चाकू मारकर हत्या कर दी गई है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस को सेंट-लूस क्रिसेंट में स्थित बिल्डिंग से इमरजेंसी कॉल आई थी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस को नैंसी घायल हालत में मिली। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया पर जहां उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि उसके शरीर पर चाकू से गोदने के कई निशान थे और खून बहने से उसकी मौत हुई है। इस खबर से कनाडा और पंजाब में रहने वाले नैन्सी ग्रेवाल के परिवार में शोक की लहर है। मॉन्ट्रियल पुलिस मामले की जांच कर रही है। हत्या के असली कारणों का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# खरगे का सरकार पर वार, बोले- पीएम मोदी ने विदेश नीति का सरेंडर कर दिया

### बीफ एक्सपोर्ट से जुड़ी कंपनियां सत्तारूढ़ दल को चंदा क्यों दे रही हैं?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर मध्य पूर्व संकट से निपटने के उनके तरीके को लेकर तीखा हमला करते हुए इसे भारत के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों का घोर उल्लंघन बताया और प्रधानमंत्री पर भारत की विदेश नीति को आत्मसमर्पण करने का आरोप लगाया। एक्स पर एक विस्तृत पोस्ट में, खरगे ने पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति और क्षेत्र में फंसे भारतीय नागरिकों की दुर्दशा पर सरकार की प्रतिक्रिया के बारे में कई सवाल उठाए। खरगे ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा भारत के रणनीतिक और राष्ट्रीय हितों का घोर उल्लंघन सबके सामने है।

खरगे ने इस बात पर प्रकाश डाला कि भारत में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से निहत्थे लौट रहा एक ईरानी जहाज हिंद महासागर क्षेत्र में टॉरपीडो से क्षतिग्रस्त हो गया। खरगे ने कहा कि भारत का अतिथि एक ईरानी जहाज, जो हमारे द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा 2026 से निहत्था लौट रहा था, हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में टॉरपीडो से हमला किया गया। इस पर कोई चिंता या संवेदना व्यक्त नहीं की गई। प्रधानमंत्री मोदी चुप हैं। उन्होंने सरकार की अपनी ही नीतियों पर चुप्पी पर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि महासागर नीति और हिंद महासागर क्षेत्र में भारत के 'शुद्ध सुरक्षा प्रदाता' होने की नीतियों पर हमें उपदेश क्यों दे रहे हैं, जबकि आप अपने ही आंगन में हो रही घटनाओं पर प्रतिक्रिया नहीं दे सकते? खरगे ने होर्मुज की खाड़ी में फंसे भारतीय नौसैनिकों के मानवीय संकट पर प्रकाश डाला। उन्होंने सवाल किया कि होर्मुज की खाड़ी में भारतीय ध्वज वाले 38 वाणिज्यिक जहाज और 1100 नौसैनिक फंसे हुए हैं। कैप्टन आशीष कुमार समेत 2 भारतीय नौसैनिकों की कथित तौर पर मौत हो गई है। ऐसे में कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है?

उन्होंने भारत की ऊर्जा सुरक्षा और व्यापारिक प्रभावों पर भी चिंता जताई। उन्होंने पूछा कि आप कहते हैं कि कच्चे तेल और अन्य तेल का भंडार सिर्फ 25 दिनों का बचा है। तेल की बढ़ती कीमतों के साथ, हमारी ऊर्जा संबंधी आपातकालीन योजना क्या है, खासकर तब जब भारत सरकार ने रूसी तेल का आयात रोकने की मांग को लगभग स्वीकार कर लिया है? खाड़ी देशों के साथ अन्य महत्वपूर्ण वस्तुओं के व्यापार का क्या होगा? उन्होंने खाड़ी क्षेत्र में भारतीय नागरिकों के संबंध में विदेश मंत्रालय के 3 मार्च, 2026 के बयान का भी हवाला दिया।

## तेलंगाना डिप्टी सीएम के पुत्र के विवाह में शामिल हुए हेमन्त सोरेन



**रांची (प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता)।** हैदराबाद में तेलंगाना के उपमुख्यमंत्री मल्लू भट्टी विक्रमार्क के सुपुत्र सूर्य विक्रमादित्य का विवाह समारोह संपन्न हुआ। इस भव्य अवसर पर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शिरकत कर वर-वधू को अपना आशीर्वाद दिया एवं भावी जीवन की शुभकामनाएं दीं।

## राष्ट्रपति मुर्मु 6-7 मार्च को पश्चिम बंगाल के दौरे पर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 6-7 मार्च को पश्चिम बंगाल के दौरे पर जाएंगी, जहां वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगी। राष्ट्रपति भवन के अनुसार राष्ट्रपति मुर्मु 6 मार्च को दार्जिलिंग में वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित दार्जिलिंग हिल फेस्टिवल का शुभारंभ करेंगी। इस अवसर पर वह लोक भवन, दार्जिलिंग में रूट्स एंड रिद्म्स शीर्षक से आयोजित एक प्रदर्शनी का उद्घाटन भी करेंगी।

## हंगामा ओटीटी लेकर आए हैं बेगम ऑफ क्राइम, एक दमदार फीमेल लीड क्राइम थ्रिलर

**रांची (एजेंसी)।** हंगामा ओटीटी, जो भारत के प्रमुख डिजिटल एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म्स में से एक है, ने अपनी नई ओरिजिनल सीरीज बेगम ऑफ क्राइम को ७७ मार्च 2026 को लॉन्च किया। यह सीरीज महत्वाकांक्षा, सर्वाइवल और ताकत की कीमत की एक रोमांचक कहानी पेश करती है, जो क्राइम थ्रिलर जॉनर में नया स्तर तय करती है। बेगम ऑफ क्राइम महत्वाकांक्षा की सायकोलॉजी, सम्मान पाने की बेचैनी और एम्पावरमेंट व डिस्ट्रक्शन के बीच की पतली रेखा को गहराई से दिखाती है। कहानी दिव्या के इर्द गिर्द घूमती है, जिसका किरदार सना मकबूल ने निभाया है। दिव्या पारंपरिक हीरोइन की छवि को तोड़ देती है। वह फियर्स, फ्लॉड और बिना माफी मांगे अपने लक्ष्य के पीछे भागने वाली है। वह अपने घर की सुरक्षित दुनिया छोड़ देती है, सिर्फ एक गोल के साथ, अपनी शर्तों पर जिंदगी बनाने के लिए। एक ऐसी दुनिया में जो उसे लगातार डिसमिस करती है, वह खुद को छोटा करने से इनकार कर देती है। हर सेटबैक उसके इरादों को और मजबूत करता है। हर कॉम्प्रोमाइज उसे मॉरल ग्रे टेरिटरी की तरफ थोड़ा और धकेल देता है। जो शुरूआत में सिर्फ जिंदा रहने की लड़ाई थी, वह धीरे धीरे कुछ ज्यादा खतरनाक रूप ले लेती है। डिसेप्शन उसकी करेंसी बन जाता है। मैनिपुलेशन उसकी आर्मर बन जाती है। थेफ्ट और बेत्रेयल उसके लिए स्टेपिंग स्टोन्स बन जाते हैं। और आखिरकार ब्लड भी बहता है। एक कम आंकी गई ड्रीमर से एक कैलकुलेटिंग फोर्स बनने तक का उसका सफर इस कहानी की रीढ़ है। दिव्या का किरदार निभाने को लेकर सना मकबूल ने कहा, मैं अपने ओटीटी डेब्यू के लिए सही प्रोजेक्ट का इंतजार कर रही थी, और बेगम ऑफ क्राइम मुझे बिल्कुल सही लगा। दिव्या बोल्ड है, बिना माफी मांगे फैसले लेने वाली है और डेंजरसली डिटरमाइंड है।

# तमिलनाडु गठबंधन रहेगा बरकरार, 28 सीटों पर विधानसभा चुनाव लड़ेगी कांग्रेस

### -सीएम स्टालिन और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के बीच निर्वाचन क्षेत्रों के बंटवारे पर लगी मुहर



**चेन्नई (एजेंसी)।** तमिलनाडु विधानसभा चुनाव 2026 के लिए डीएमके ने कमर कस ली है। सीएम एम के स्टालिन के नेतृत्व में डीएमके ने एक विशाल गठबंधन तैयार किया है, जिसमें कुल 21 पार्टियां शामिल हैं। कांग्रेस फिर इस गठबंधन का हिस्सा है और इस बार 28 सीटों पर चुनाव लड़ने के लिए तैयार कर रही है।

सीएम स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सेल्वापेरुन्थागाई के बीच गुरुवार को अहम बैठक हुई। इस बैठक में निर्वाचन क्षेत्रों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगी। डीएमके और कांग्रेस के बीच हुए समझौते के तहत ये फैसला लिया गया है कि कांग्रेस तमिलनाडु में 28 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। इसके अलावा, आगामी राज्यसभा चुनावों में भी कांग्रेस पार्टी के लिए एक सीट आरक्षित की गई है। डीएमके ने राज्यसभा चुनाव के लिए अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा भी कर दी है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता तिरुचि शिवा पर फिर भरोसा जताते हुए उन्हें राज्यसभा सांसद के रूप में बरकरार रखा है, जबकि कॉन्स्टेंटाइन रविंद्रन को पहली बार राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। इस गठबंधन में डीएमके को दो, कांग्रेस को एक और डीएमडीके को एक राज्यसभा सीट मिली है।

डीएमके ने एक प्रेस रिलीज जारी करते हुए लिखा है कि तमिलनाडु की राजनीति के इतिहास में ये पहली बार है जब एक ही गठबंधन, बिना टूटे और नई पार्टियों को शामिल करते हुए चार बार चुनावों का सामना कर रहा है। तमिलनाडु की राजनीति का अब तक का इतिहास रहा है कि विधानसभा चुनाव के लिए बना गठबंधन अगले चुनाव तक कभी टिक नहीं पाया। पार्टी ने दावा किया कि सीएम स्टालिन ने अपने अनूठे व्यक्तित्व और सौहार्दपूर्ण स्वभाव से ये नया इतिहास रचा है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक डीएमके ने विपक्षी नेताओं पर भी तीखा हमला बोला है। पार्टी ने कहा कि विपक्षी नेता पिछले दो साल से गठबंधन टूटने की भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन उनकी इच्छाएं अनसुनी रह गईं। डीएमके ने तंज कसते हुए कहा कि एडप्पादी पलानीस्वामी गठबंधन टूटने की उम्मीद लगाए बैठे थे, लेकिन आखिर में वह अकेले रह गए। पार्टी ने दावा किया कि सत्ताधारी दल के समर्थन की लहर को देखते हुए कई नए दल भी इस मोर्चे में शामिल हो रहे हैं।

## खामेनेई की मौत पर कश्मीर में उबाल, महबूबा ने अमेरिकी और इजरायली नेताओं के पुतले फूंके



**जम्मू (एजेंसी)।** ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मौत और तेहरान पर हुए भीषण हमलों की गूंज अब कश्मीर की वादियों में पुरजोर तरीके से सुनाई दे रही है। इस घटनाक्रम ने घाटी के राजनीतिक और सामाजिक माहौल में भारी तनाव पैदा कर दिया है। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने श्रीनगर में एक विशाल विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व किया। इस दौरान उन्होंने अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को बुराई की ताकत करार दिया और उनके पोस्टरों को आग के हवाले कर दिया।

महबूबा मुफ्ती ने केंद्र सरकार के रुख पर तीखा हमला बोलते हुए गहरी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने अब तक न तो इन हमलों की निंदा की है और न ही ईरान की जनता के प्रति कोई सहानुभूति दिखाई है। भारत और ईरान के ऐतिहासिक संबंधों का हवाला देते हुए उन्होंने याद दिलाया कि ईरान ने हमेशा कश्मीर मुद्दे पर भारत के रुख का अंतरराष्ट्रीय मंचों पर समर्थन किया है, जबकि अन्य कई मुस्लिम देश उस समय पाकिस्तान के पाले में खड़े थे। उन्होंने यह भी रेखांकित किया कि जब भारत कड़े अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों का सामना कर रहा था, तब ईरान ने ही संकट के समय कर्ज पर तेल देकर भारत की मदद की थी। उन्होंने कहा कि ऐसे वफादार दोस्त के मुश्किल वक्त में भारतीय नेतृत्व की खामोशी अत्यंत दुखद है। विरोध प्रदर्शन के दौरान महबूबा मुफ्ती ने वर्तमान मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की चुप्पी पर भी सवाल उठाए। उन्होंने प्रशासन द्वारा श्रीनगर के सांसद आगा रुहुल्लाह मेहदी और पूर्व मेयर जुनैद अजीम मट्टू के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को तुरंत वापस लेने की मांग की। महबूबा ने आरोप लगाया कि पिछले तीन दिनों में विरोध प्रदर्शन करने वाली कई युवा लड़कियों और आम नागरिकों को हिरासत में लेकर जेल में डाल दिया गया है। उन्होंने कड़े शब्दों में कहा कि एक लोकतांत्रिक देश में हर नागरिक को विरोध करने का संवैधानिक अधिकार है और सरकार सबको चुप रहने पर मजबूर नहीं कर सकती। महबूबा मुफ्ती ने स्पष्ट किया कि कश्मीर के लोग और वैश्विक मुस्लिम समुदाय इस घड़ी में पूरी तरह ईरान के साथ खड़े हैं। उन्होंने मारे गए लोगों को शहीद बताते हुए उनकी बहादुरी को नमन किया। हालांकि, स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए उन्होंने कश्मीरी युवाओं से एक भावुक अपील भी की। उन्होंने कहा कि विरोध प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण होना चाहिए, क्योंकि कश्मीर की अर्थव्यवस्था और पर्यटन अभी पटरी पर लौटना शुरू हुए हैं और किसी भी हिंसा से इन्हें नुकसान नहीं पहुंचना चाहिए। इस बीच, घाटी में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं और शिया बहुल इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात है।

## देशभर में बम धमाकों की धमकी देने का आरोपी पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार

### अहमदाबाद साइबर पुलिस के बाद अब मुंबई पुलिस ने लिया हिरासत में



**मुंबई (एजेंसी)।** मुंबई के स्कूलों, स्टॉक एक्सचेंज और मेट्रो स्टेशनों समेत देश के विभिन्न स्थानों को बम से उड़ाने की धमकी देकर दहशत फैलाने वाले आरोपी को मुंबई पुलिस ने पश्चिम बंगाल से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पिछले कुछ दिनों में देश के करीब 50 स्थानों को धमकी भरे ईमेल भेजे थे।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान पश्चिम बंगाल के 24 परगना जिले के न्यू बराकपुर निवासी सौरव विश्वास (28) के रूप में हुई है। मुंबई पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पिछले पांच दिनों के दौरान मुंबई, दिल्ली, गुजरात सहित कई राज्यों के महत्वपूर्ण संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों को बम धमाके की धमकी भेजी थी, जिससे सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया था।

पुलिस के अनुसार 27 फरवरी को सुबह करीब 8:46 बजे इंटरनेट के माध्यम से मुंबई के कई स्कूलों और मेट्रो स्टेशनों को एक धमकी भरा ईमेल भेजा गया था। ईमेल में अगले दो दिनों के भीतर बम विस्फोट करने की चेतावनी दी गई थी। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां तुरंत अलर्ट हो गईं और कई स्थानों पर जांच अभियान चलाया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए मुंबई के दिंडोशी पुलिस स्टेशन में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने तकनीकी विश्लेषण और ईमेल ट्रैकिंग की मदद से आरोपी तक पहुंचने में सफलता हासिल की। जांच के दौरान पता चला कि धमकी भरा ईमेल पश्चिम बंगाल के न्यू बराकपुर इलाके से भेजा गया था। इसके बाद दिंडोशी पुलिस की एक विशेष टीम आरोपी की तलाश में पश्चिम बंगाल पहुंची। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी इससे पहले 16 फरवरी 2026 को अहमदाबाद में भी इसी तरह का धमकी भरा ईमेल भेज चुका था। अहमदाबाद साइबर पुलिस ने उस मामले में पहले ही केस दर्ज कर रखा था और 1 मार्च 2026 को सौरव विश्वास को हिरासत में ले लिया था। इसके बाद मुंबई पुलिस ने आरोपी को अहमदाबाद से अपनी हिरासत में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू की।

पुलिस अब आरोपी से पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि उसने यह धमकी भरे संदेश महज अफरा-तफरी फैलाने के उद्देश्य से भेजे थे या इसके पीछे किसी बड़े नेटवर्क या साजिश का हाथ है। फिलहाल मामले की जांच जारी है और सुरक्षा एजेंसियां पूरे घटनाक्रम की गहराई से पड़ताल कर रही हैं।

## खाड़ी देशों में फंसे महाराष्ट्र के नागरिकों को वापस लाने हेतु उठाए जा रहे कदम, मंगलवार को मुंबई पहुंचे 164 नागरिक

**मुंबई (एजेंसी)।** पश्चिम एशिया और खाड़ी देशों में युद्ध जैसे हालात दिन-ब-दिन खतरनाक होते जा रहे हैं। इजरायल-अमेरिका का ईरान के साथ चल रहा युद्ध इस समय पूरी दुनिया में फैल रहा है। इस युद्ध जैसे माहौल में एयरस्पेस बंद होने की वजह से महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने पहल करते हुए दुबई और यूएई में फंसे महाराष्ट्र के नागरिकों को वापस लाने के लिए तुरंत कदम उठाए। इस मुश्किल हालात में फंसे महाराष्ट्र के नागरिकों की मदद के लिए मंगलवार रात दो विशेष विमानों का इंतज़ाम किया गया और 164 नागरिकों को सुरक्षित घर वापस लाया गया। मुंबई में सुरक्षित लौटे यात्रियों ने प्रशासन का शुक्रिया अदा करने के बाद जो अनुभव बताए, उनमें से कुछ बहुत डरावने और दिल दहला देने वाले थे। इनमें से एक युवक कहा कि वह मुंबई से अमेरिका जा रहा था। इस फ्लाइट में दुबई से उसकी कनेक्टिंग फ्लाइट थी। वह दूसरे यात्रियों के साथ उसमें बैठा भी था। हालांकि, प्लेन काफी देर तक रनवे के पास टेक-ऑफ का इंतज़ार करता रहा। कभी-कभी उन्हें तकनीकि खराबी का कारण बताया गया। हालांकि, कुछ देर बाद प्लेन को वापस टर्मिनल पर डायवर्ट कर दिया गया और सभी को उनके सामान के साथ उतार दिया गया। कुछ घंटों के इंतज़ार के बाद, उन्हें बताया गया कि युद्ध के हालात की वजह से सभी फ्लाइट्स कैंसिल कर दी गई हैं। उसके बाद, एयरलाइन ने तुरंत एयरपोर्ट पर बसें भेजीं और कहा कि वे सभी पैसेंजर्स को एयरपोर्ट से होटल ले जा रहे हैं। उधर पूरे दुबई में टेंशन का माहौल था। होटल ढूंढने में भी कुछ घंटे लग गए। कई लोगों को बहुत परेशानी हुई, जिन्हें कमरा नहीं मिला, उन्हें होटल की लॉबी में सोफे पर सोना पड़ा। राहुल ने कहा कि कई भारतीय अभी भी वहां फंसे हुए हैं। इसलिए, इन पैसेंजर्स की दी गई जानकारी से यह साफ है कि इस युद्ध की वजह से इंटरनेशनल टूरिस्ट्स को बहुत परेशानी हुई है। उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने खाड़ी देश में फंसे महाराष्ट्र के लोगों के लिए एयरलाइन स्टार एयर की दो स्पेशल फ्लाइट्स रिजर्व की थीं। रविवार दोपहर को दो फ्लाइट्स ने फुजैरा एयरपोर्ट से कुछ ही मिनटों के अंदर उड़ान भरी। इन दोनों फ्लाइट्स से कुल 164 पैसेंजर मंगलवार रात करीब 10 बजे मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरे। इनमें पुणे के इंदिरा स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज के 84 स्टूडेंट्स और ठाणे, मुरबाड, अहिल्यानगर वगैरह के नागरिक शामिल थे। उपमुख्यमंत्री शिंदे ने इन लोगों से फोन पर बात की थी और उन्हें भरोसा दिलाया था। एकनाथ शिंदे ने वादा किया था, आप सब सुरक्षित हैं, चिंता न करें, महाराष्ट्र सरकार और मैं खुद आपके साथ मजबूती से खड़े हैं। आपको सुरक्षित वापस अपने देश लाने की पूरी कोशिश की जाएगी। इसके बाद, उन्होंने सभी संबंधित एजेंसियों के लगातार संपर्क में रहकर इन 164 यात्रियों को वापस उनके देश लाकर अपना वादा निभाया।



उधर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के कार्यालय से भी फंसे हुए नागरिकों को भारत वापस लाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। महाराष्ट्र सरकार ने फंसे हुए नागरिकों की मदद के लिए एक खास वॉट्सऐप नंबर जारी किया है। राज्य सरकार ने फंसे हुए यात्रियों से मदद के लिए उस नंबर पर संपर्क करने की अपील की है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस के ऑफिस ने सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। इस पोस्ट में लिखा है कि खाड़ी देशों में पैदा हुए युद्ध के हालात की वजह से वहां फंसे महाराष्ट्र के अलग-अलग नागरिकों से राज्य सरकार संपर्क में है। खुद मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस लगातार अलग-अलग एजेंसियों के संपर्क में हैं और केंद्र सरकार से भी लगातार संपर्क में हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**